CMYK

अधिकतम : 27°C
न्यूनतम : 14°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, बुधवार 25 मार्च 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 218 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र कृष्ण पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2083 5 शव्वाल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अब देश का पसंदीदा निवेश स्थल बना यूपी: योगी

पेज 2



शांत रहने से आपको साफ नजरिया मिलता है: गिल

खेल टाइम्स



शिक्षा का बजट घटाया, तो पीढ़ियां माफ नहीं करेंगी

सम्पादकीय



तेल अवीव पर ईरानी मिसाइलों की बारिश

पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### यूको बैंक के दो अधिकारियों सहित चार को पांच साल की सजा

**नई दिल्ली।** अहमदाबाद की एक विशेष केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अदालत ने बैंक धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में यूको बैंक के अधिकारियों सहित चार व्यक्तियों को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा के साथ ही उन पर कुल 1.33 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया है। अदालत ने पहले मामले में गांधीनगर के चिलोडा शाखा के यूको बैंक के तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक मेदम भगवती प्रसाद और तत्कालीन सहायक प्रबंधक भास्कर रमेशचंद्र सोनी के साथ साबरकांठा के हेवन फाइव एंटरप्राइज के प्रोपराइटर जयेंद्र सिंह दह्याजी मकवाना को बैंक धोखाधड़ी के मामले में पांच साल के सश्रम कारावास और कुल 1.33 करोड़ रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

### आई एंड पैक रेड मामले में सुप्रीम कोर्ट का दखल

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल में आई-पैक के ऑफिस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की रेड के मामले में सुनवाई की। कोर्ट ने मंगलवार को ममता बनर्जी की बंगाल सरकार से पूछा कि अगर केंद्र में आपकी सरकार होती और कोई राज्य ऐसी कार्रवाई करता, तो आपका रुख क्या होता। जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने पूछा कि क्या ड्यूटी पर मौजूद ईडी अधिकारी अपने अधिकार खो देते हैं। कोर्ट ने बताया कि ईडी के कुछ अधिकारियों ने निजी तौर पर भी याचिका दायर की है। राज्य की ओर से सीनीयर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने कहा कि ईडी के पास अन्य कानूनी विकल्प हैं, इसलिए वह आर्टिकल 32 के तहत याचिका नहीं दे सकती।

### रेलवे ने टिकट कैंसिल करने के बदले नियम

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों को बड़ी राहत दी हैं। रेलवे ने टिकट कैंसिलेशन और बोर्डिंग प्वाइंट बदलने के नियमों में बदलाव किया है। रेलवे के नए नियमों के मुताबिक, अगर कोई यात्री अपनी कन्फर्म टिकट को यात्रा से 72 घंटे पहले कैंसिल करता है, तो उसे लगभग पूरा पैसा वापस मिल जाएगा। इस दौरान केवल एक तय फ्लैट कैंसिलेशन चार्ज ही काटा जाएगा। जबकि बाकी राशि रिफंड कर दी जाएगी। इससे समय पर टिकट कैंसिल करने वालों को राहत मिलेगी। अगर टिकट 72 घंटे से लेकर 24 घंटे के बीच कैंसिल की जाती है, तो रेलवे किराए का 25 प्रतिशत हिस्सा काटेगा और बाकी पैसा लौटाएगा।

### एक साल में निपटाएं आतंकवाद विरोधी केस: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** आतंकवाद विरोधी मामलों में सख्ती दिखाते हुए सप्रीम कोर्ट ने एक बड़ा निर्देश दिया। सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिल्ली, गुजरात, महाराष्ट्र समेत 17 राज्यों से कहा कि वे विशेष एनआईए अदालतों के माध्यम से यूएपीए यानी आतंकवाद विरोधी मामलों के मुकदमों को एक साल के अंदर निपटाने का प्रयास करें।

# देश में पहली बार इच्छामृत्यु: एम्स में हरीश राणा की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** गाजियाबाद के हरीश राणा का मंगलवार को दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। हरीश राणा ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें सुप्रीम कोर्ट से इच्छामृत्यु की अनुमति मिली थी। 13 साल से अधिक समय तक कोमा में रहने के बाद दिल्ली के एम्स में हरीश राणा का निधन हो गया।

हरीश राणा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के इंस्टीट्यूट रोटरी कैंसर अस्पताल (आईआरसीएच) में भर्ती थे। उन्हें उपशामक देखभाल वार्ड में रखा गया था। वे पिछले एक सप्ताह से बिना खाना और पानी के जीवित थे। यह प्रक्रिया छह दिनों से चल



रही थी। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद एम्स ने डाक्टरों की एक कमेटी गठित की और उसे 14 मार्च को एम्स में भर्ती कराया गया था। बता दें कि, डाक्टर के अनुसार हरीश राणा के शरीर से पोषण देने वाली ट्यूब निकाली नहीं गई थी, बल्कि उस पर कैप लगा दिया गया था। इसी तरह पानी देने वाली ट्यूब को भी कैप लगाकर बंद कर दिया गया

- 13 साल से कोमा में थे हरीश
- वे पिछले एक सप्ताह से बिना खाना और पानी के सांसें ले रहे थे

था। इस तरह से हरीश राणा को इच्छामृत्यु देने की प्रक्रिया आगे बढ़नी शुरू हुई थी। वहीं इससे पहले हरीश राणा के माता-पिता की ओर से उनके अंगदान का निर्णय लेने के बाद डाक्टरों ने उनकी जांच की। हरीश राणा की मृत्यु के बाद उनके अंगों से दूसरे लोगों को भी जीवन मिल सकेगा। बता दें कि हरीश राणा पिछले 13 साल से बिस्तर पर पड़े होकर जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे थे। साथ ही पूरी प्रक्रिया के बारे में निर्देश दिए थे। एम्स के डाक्टर पूरी प्रक्रिया को दर्द रहित और सामान्य बनाने पर काम कर रहे थे। इच्छामृत्यु की दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होने के बाद हरीश राणा से मिलने की अनुमति बंद कर दी गई थी।

# हिंसा और प्रलोभन मुक्त चुनाव के लिए ईसीआई का मास्टर प्लान

**नई दिल्ली।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने मंगलवार को 'अंतर-राज्यीय सीमा बैठक' आयोजित की। इसका उद्देश्य आगामी विधानसभा चुनावों और विभिन्न राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में होने वाले उपचुनावों से पहले, समन्वय बढ़ाना, अवैध गतिविधियों पर रोक लगाना और फेयर चुनाव सुनिश्चित करना है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने चुनाव आयुक्तों डा. एसएस संधू और डा.

- सीमाओं को सील करने और सघन जांच के आदेश

विवेक जोशी के साथ 5 चुनावी राज्यों और उनके 12 पड़ोसी राज्यों के मुख्य सचिवों, मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ), पुलिस महानिदेशकों (डीजीपी) के साथ- साथ प्रवर्तन एजेंसियों के प्रमुखों के साथ समीक्षा बैठक की।

# ईसाई या इस्लाम अपनाने पर खत्म होगा एससी का दर्जा: सुप्रीम कोर्ट

## केवल हिंदू, बौद्ध व सिख को ही अनुसूचित जाति का मिलेगा दर्जा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि केवल हिंदू, सिख और बौद्ध धर्म से जुड़े लोग ही अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई ईसाई या किसी और धर्म में धर्मांतरण करता है, तो वह अनुसूचित जाति का दर्जा खो देगा।

जस्टिस पीके मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईसाई धर्म अपनाने वाला दलित व्यक्ति अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मिलने वाले किसी भी संरक्षण का दावा नहीं कर सकता है। यह फैसला आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट के मई 2025 के फैसले के खिलाफ लगाई गई चिंथाडा की याचिका पर सुनाया गया। धर्म परिवर्तन के बाद पादरी बने चिंथाडा आनंद ने याचिका

- दोबारा हिंदू धर्म में लौटने पर एससी का दर्जा प्राप्त करने को विश्वसनीय प्रमाण और समुदाय की स्वीकृति की जरूरत होगी



### महिला अफसर सेना में स्थायी कमीशन की हकदार: शीर्ष अदालत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में शॉर्ट सर्विस कमीशन (एसएससी) की महिला अफसरों को पूरी पेंशन देने का आदेश दिया। जिन मामलों में महिला अफसर परमानेंट कमीशन (पीसी) नहीं मिलने के कारण पहले ही सेवा छोड़ चुकी थीं, उन्हें एकमुश्त राहत देते हुए 20 साल की सेवा पूरी मानकर पेंशन और अन्य लाभ देने का फैसला सुनाया। कोर्ट ने कहा कि सशस्त्र बलों के भीतर मौजूद सिस्टमिक भेदभाव के कारण महिला अफसरों को परमानेंट कमीशन से वंचित किया गया। महिलाओं को परमानेंट कमीशन न देना उनकी योग्यता की कमी नहीं, बल्कि व्यवस्था में मौजूद भेदभाव का नतीजा था। पूरा मामला एसएससी के तहत नियुक्त महिला अफसरों की याचिकाओं से जुड़ा था, जिन्होंने पीसी देने की मांग की थी। एसएससी के तहत नियुक्त अफसर का कार्यकाल 10 साल का होता है, जिसे 4 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

लगाई थी कि उन्हें अक्काला रामिरेड्डी समेत कुछ लोगों से जातिगत भेदभाव और दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। 1985 के सूसाई बनाम भारत सरकार से जुड़े एक केस में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि यदि कोई व्यक्ति ईसाई धर्म अपनाने के बाद दोबारा हिंदू धर्म में लौटता है, तो उसे एससी दर्जा प्राप्त करने के लिए विश्वसनीय प्रमाण और समुदाय की स्वीकृति की जरूरत होगी। केवल लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से धर्म परिवर्तन करने को सुप्रीम कोर्ट ने संविधान के साथ धोखा करार दिया। यह मामला विशाखापट्टनम जिले के अनाकापल्ली का है, जहां मूल रूप से एससी (माला समुदाय) के चिंथाडा ने ईसाई धर्म अपना लिया और पादरी बन गया।

# ईरान से जंग जारी रही, तो गंभीर नतीजे होंगे: पीएम मोदी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया के हालात पर राज्यसभा में कहा कि अमेरिका-इजरायल की ईरान से जंग जारी रही, तो इसके दुष्परिणाम होंगे। आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेने वाला है। इसमें राज्यों का सहयोग जरूरी है। टीम इंडिया की तरह काम करना होगा। उन्होंने कहा कि होर्मुज स्ट्रेट में हमारे जहाज और भारतीय क्रू फंसे हुए हैं।

ये चिंताजनक है। हमारे व्यापार के रास्ते प्रभावित हो रहे हैं। गैस-तेल, फर्टिलाइजर्स जैसे जरूरी सामान की सप्लाई पर असर पड़ा है। एक दिन पहले पीएम ने लोकसभा में 25 मिनट की स्पीच दी थी। उन्होंने कहा था कि इस युद्ध के कारण दुनिया में जो कठिन हालात बने हैं, उनका प्रभाव लंबे समय तक बने रहने की आशंका है। इसलिए हमें तैयार रहना होगा। हम कोरोना के समय भी एकजुटता से ऐसी चुनौतियों का सामना कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे संकट के समय में गरीबों पर, श्रमिकों पर बुरा असर पड़ता है। उन्हें पीएम गरीब अन्न कल्याण योजना का लाभ मिलता रहे। राज्य सरकार इसके लिए विशेष व्यवस्था करे। ऐसे समय में कालाबाजारी करने वाले, जमाखोरी करने वाले एक्टिव होते हैं। जहां से शिकायतें आती हैं, वहां कार्रवाई कीजिए। संकट कितना भी बड़ा है, भारत की तेज ग्रोथ बनाए रखना सबकी जिम्मेदारी है।



- आने वाला समय देश की सबसे बड़ी परीक्षा लेगा
- हमें टीम इंडिया की तरह काम करना होगा

### पश्चिम एशिया संकट के बीच प्रधानमंत्री ने ट्रम्प से की बात, होर्मुज पर जताई चिंता

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच भारत और अमेरिका के बीच उच्च स्तर पर अहम बातचीत हुई है। पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रम्प से फोन पर बात कर क्षेत्र की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। खास तौर पर होर्मुज स्ट्रेट को खुला रखने की जरूरत पर दोनों नेताओं ने गंभीरता से विचार किया, क्योंकि यह वैश्विक तेल आपूर्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण मार्ग है। अमेरिकी राजदूत की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति ट्रम्प के बीच हुई बातचीत में पश्चिम एशिया के हालात और समुद्री सुरक्षा पर फोकस रहा। दोनों नेताओं ने माना कि होर्मुज स्ट्रेट का खुला रहना जरूरी है ताकि वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति बाधित न हो। यह बातचीत ऐसे समय हुई है जब इजरायल-ईरान तनाव के कारण क्षेत्र में अस्थिरता बढ़ रही है।

# लोकसभा में ट्रांसजेंडर बिल पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकार और सुरक्षा से जुड़े कानून में संशोधन करने वाला बिल पास कर दिया है। इस बिल के जरिये ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए सुरक्षा और उनके अधिकारों को और मजबूत बनाने का प्रयास किया गया है।

अब इस कानून के तहत उनकी पहचान, सामाजिक और आर्थिक अधिकारों की बेहतर रक्षा होगी। कांग्रेस और कुछ अन्य दलों ने बिल को लेकर चर्चा की, लेकिन अंत में यह पारित हो गया। सरकार का कहना है कि यह कदम ट्रांसजेंडर लोगों को समाज में समान अवसर और सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने संसद परिसर में सरकार की नीतियों और ट्रांसजेंडर बिल को लेकर अपनी राय रखी।भारत पहले खुद को विश्व नेता और शांति स्थापित करने वाला देश बताता था, लेकिन आज के हालात चाहे रूस-यूक्रेन जंग हों या अन्य वैश्विक मुद्दे, को देखते हुए हमें इस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है।

- अधिकारों की रक्षा होगी और सुरक्षा कानून में होगा संशोधन

# लैंड फॉर जॉब केस: लालू यादव को झटका

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** लैंड फॉर जॉब से जुड़े भ्रष्टाचार के मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को दिल्ली हाई कोर्ट से झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने लालू प्रसाद यादव की उस मांग को खारिज कर दिया है, जिसमें लालू प्रसाद यादव ने दर्ज एफआईआर रद्द करने की मांग की गई थी।

जस्टिस रविंदर डुडेजा ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है। दाखिल याचिका में कहा गया था कि सीबीआई ने यह केस बिना जरूरी संेशन के दर्ज किया गया, जो कानूनी रूप से अवैध है। मामले की सुनवाई के दौरान लालू प्रसाद यादव की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा था कि सीबीआई ने 18 मई 2022 को एफआईआर दर्ज की, जबकि उस समय लालू प्रसाद यादव रेल मंत्री के रूप में अपने आधिकारिक कर्तव्यों का पालन कर रहे थे। यादव का मामला यह था कि सीबीआई एफआईआर दर्ज करने से पहले उनके खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट (पीसी एक्ट) की धारा 17-ए के तहत जरूरी प्रासिक्यूशन मंजूरी लेने में नाकाम रही थी।



- दिल्ली हाईकोर्ट ने एफआईआर रद्द करने से किया इन्कार

# कश्मीरी अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को उम्रकैद

**श्रीनगर।** कश्मीर की अलगाववादी नेता आसिया अंद्राबी को दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) द्वारा जांच किए गए आतंकी वित्तपोषण और साजिश के मामले में सजा सुनाते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश चंद्रजीत सिंह ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की कई धाराओं के तहत अंद्राबी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने उन पर कई लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया। यूएपीए की धारा 18 के तहत अंद्राबी को आजीवन कारावास और 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। जुर्माना न भरने की स्थिति में उन्हें एक साल की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। आईपीसी की धारा 120बी के तहत आपराधिक साजिश के लिए उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। उन्हें यूएपीए की धारा 38 और 39 के तहत जुर्माने के साथ-साथ 10-10 साल की साधारण कैद की सजा भी सुनाई गई। अदालत ने उन्हें आईपीसी की धारा 153ए और 505 के तहत जुर्माने और अतिरिक्त सजा के साथ-साथ पांच-पांच साल की सजा भी सुनाई। आईपीसी की धारा 121ए के तहत, उसे आजीवन कारावास और जुर्माना लगाया गया और जुर्माना न भरने पर अतिरिक्त अवधि की सजा सुनाई गई। सह-आरोपी सोफी फहमीदा और नाहिदा नसरीन को अमानवीय दंड संहिता (यूएपीए) की धारा 18 के तहत 30 वर्ष के साधारण कारावास और 5 लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई। उन्हें आईपीसी की धारा 120बी के तहत भी 30 वर्ष की सजा दी गई। दोनों को यूएपीए की धारा 38 और 39 के तहत जुर्माने के साथ 10-10 वर्ष की सजा सुनाई गई। उन्हें आईपीसी की धारा 153ए, 153बी और 505 के तहत चार-चार वर्ष की सजा भी सुनाई गई।



- सोफी फहमीदा और नाहिदा नसरीन को 30 साल की जेल

# गैस लेकर दो भारतीय जहाज 26 व 27 मार्च को पहुंचेंगे भारत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के अलग-अलग मंत्रालयों ने मंगलवार को दिल्ली में ज्वाइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस में तेल और गैस संकट पर मौजूदा हालात की जानकारी दी। शिपिंग मंत्रालय के स्पेशल सेक्रेटरी राजेश सिन्हा ने कहा कि दो भारतीय एलपीजी जहाज- पाइन गैस और जग वसंत होर्मुज स्ट्रेट पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं।

राजेश सिन्हा ने बताया कि पाइन गैस करीब 45,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर 27 मार्च को न्यू मैंगलोर पोर्ट पहुंचेगा, जबकि जग वसंत लगभग 47,600 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर 26 मार्च को कांडला पहुंचने वाला है। इन जहाजों के निकलने के





बाद अब फारस की खाड़ी में 20 भारतीय जहाज हैं, जिन पर 540 भारतीय नाविक सवार हैं। वहीं पेट्रोलियम मंत्रालय की ज्वाइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा ने कहा कि जंग के कारण एलपीजी की सप्लाई प्रभावित जरूर हुई है, लेकिन किसी भी डिस्ट्रीब्यूटर पर गैस खत्म होने की स्थिति नहीं है। उन्होंने बताया कि हाल ही में कुछ पैनिक बुकिंग देखी गई, लेकिन डिलीवरी सामान्य रही। सुजाता शर्मा ने कहा कि देश में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और पेट्रोल-डीजल की सप्लाई भी पर्याप्त है। सभी घरेलू उपभोक्ताओं को एलपीजी सिलेंडर मिल रहे हैं और पीएनजी की सप्लाई भी 100 फीसदी बनी हुई है। पेट्रोल पंप सामान्य रूप से काम कर रहे हैं। सरकार ने लोगों को अफवाहों पर ध्यान न देने और पैनिक बुकिंग से बचने की सलाह दी। सरकार ने बताया कि जहां भी पीएनजी पाइपलाइन मौजूद हैं, वहां सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन (सीजीडी) कंपनियों को 5 दिनों के भीतर स्कूलों, कॉलेजों, हॉस्टलों, कम्युनिटी किचन और आंगनवाड़ी किचन में कनेक्शन देने का निर्देश दिया गया है।

- दोनों भारतीय एलपीजी जहाज- पाइन गैस और जग वसंत होर्मुज स्ट्रेट पार कर चुके: केंद्र सरकार

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तर प्रदेश में 26 से फिर बदलेगा मौसम बूंदाबांदी के आसार

**लखनऊ।** पिछले सप्ताह आंधी, ओलावृष्टि और बारिश से फसलों को प्रभावित करने के बाद मौसम का मिजाज 26 मार्च से एक बार फिर तल्ख होने के आसार है। मौसम विभाग ने 26 मार्च को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का अनुमान जताया है, जबकि पूर्वी भाग में मौसम सामान्यत: शुष्क रहेगा। हालांकि 27 मार्च को दोनों हिस्सों में कहीं-कहीं वर्षा और गरज-चमक की संभावना है। 28 मार्च को पूरे प्रदेश में मौसम शुष्क रहने के आसार है, वहीं 29 मार्च को: पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ स्थानों पर वर्षा या बौछारें पड़ने का अनुमान है, जबकि पूर्वी हिस्से में मौसम शुष्क रहेगा। 30 मार्च को पश्चिमी और पूर्वी दोनों क्षेत्रों में कहीं-कहीं गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है। विभाग के अनुसार 27 मार्च को प्रदेश के कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ बिजली गिरने की संभावना है।

### भाजपा के वरिष्ठ नेता महेंद्र का निधन

**देवरिया।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व एमएलसी महेंद्र यादव का सोमवार देर रात गोरखपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे लगभग 75 वर्ष के थे और कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। महेंद्र यादव का राजनीतिक जीवन लंबा और सक्रिय रहा। उन्होंने देवरिया में भाजपा के जिलाध्यक्ष के रूप में वर्ष 2011 से 2017 तक संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा वे सदर ब्लॉक प्रमुख के पद पर भी लंबे समय तक रहे और बाद में एमएलसी के रूप में कार्य किया। उनके निधन की खबर मिलते ही जिले सहित राजनीतिक गलियारों में शोक की लहर दौड़ गई।

# गैस की किल्लत व महंगाई से ठप हुए छोटे कारोबार

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में रसोई गैस की गहराते संकट और बढ़ती कीमतों ने छोटे कारोबारियों और प्रवासी मजदूरों की कमर तोड़ दी है। हालात ऐसे हो गए हैं कि पूर्वांचल के जिलों से आए कई मजदूर और ठेला-खोमचा संचालक अपने व्यवसाय बंद कर गांव लौटने को मजबूर हैं।

आजमगढ़, बस्ती, देवरिया, मऊ, बलिया, जौनपुर और कुशीनगर जैसे जिलों से आए लोगों का कहना है कि गैस की अनियमित आपूर्ति और ब्लैक में दोगुने दाम पर सिलेंडर मिलने से रोजी-रोटी चलाना मुश्किल हो गया है। हजरतगंज में बन-मक्खन चाय की दुकान चलाने वाले राकेश मौर्य बताते हैं कि कमाई घट रही है और गैस पर खर्च बढ़ता जा रहा है। इंदिरानगर में फास्ट फूड का ठेला लगाने वाले बस्ती निवासी अरविंद मिश्रा कहते हैं कि 10 दिन से सिलेंडर नहीं मिला, जिससे काम पूरी तरह बंद हो गया है। रोजाना 500 रुपये तक कमाने वाले अरविंद अब किराया तक नहीं चुका पा रहे हैं और गांव लौटने का फैसला कर चुके हैं। निशातगंज में चाट बेचने वाले देवरिया निवासी राहुल वर्मा का कहना है कि गैस ब्लैक में बहुत महंगी मिल रही है। मजबूरी में उन्होंने इंडक्शन चूल्हा खरीदा, लेकिन उससे काम की रफ्तार धीमी हो गई है और ग्राहक इंतजार नहीं करते। गोमतीनगर में बलिया के मनोज सिंह ने बताया कि गैस दोगुने दाम पर मिल रही है, ऐसे में दुकान चलाना असंभव हो गया है। चौक क्षेत्र में कबाब-पराठा बेचने वाले कुशीनगर के मोहम्मद आरिफ के अनुसार गैस खत्म होने पर उन्होंने लकड़ी से खाना बनाने की कोशिश की, लेकिन मकान मालिक ने इसकी अनुमति नहीं दी, जिससे उनकी आमदनी पूरी तरह प्रभावित हो गई। संकट का असर केवल ठेला-खोमचा चलाने वालों तक सीमित नहीं है। ट्रांसपोर्ट नगर, टॉकटोरा इंडस्ट्रियल एरिया और चिनहट जैसे इलाकों में दिहाड़ी मजदूर भी भारी संकट में हैं। कई मजदूर बैग और बिस्तर के साथ शहर छोड़ते नजर आ रहे हैं।




■ मजदूर हो रहे पलायन को मजबूर

### गैस के कारण जीवन यापन मुश्किल हो गया

सरोजिनी नगर और अमौसी की छोटी इकाइयों में काम करने वाले मजदूरों का कहना है कि काम होने के बावजूद महंगी गैस के कारण जीवन यापन मुश्किल हो गया है। चिनहट में पैकेजिंग यूनिट में काम करने वाले उन्नाव के मनोज कुमार कहते हैं कि गैस उपलब्ध भी हो, तो इतनी महंगी है कि खरीद पाना संभव नहीं। एक होटल में काम कर रहे बहराइच के शंकर सोनी एक हफ्ते से सिलेंडर भरवाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन डीलर स्टॉक न होने की बात कह रहे हैं। बर्लिंगटन स्थित 'गुप्ता चाट कॉर्नर' के संचालकों ने बताया कि उनका सिलेंडर खत्म होने वाला है और दुकान बंद होने की कगार पर है। वहीं हुसैनगंज में बाटी-चोखा बेचने वाले एक परिवार ने दुकान बंद कर गांव लौटने का फैसला कर लिया है। लखनऊ में एलपीजी संकट ने छोटे व्यापारियों और मजदूरों के सामने गंभीर आजीविका संकट खड़ा कर दिया है।

# यूपी में लोकसभा सीटें बढ़ने का बैठक में उठाएंगे मुद्दा: अखिलेश यादव



**लखनऊ।** मोदी सरकार इस सत्र में महिला आरक्षण कानून में संशोधन विधेयक ला सकती है और इसे लेकर राजनीतिक गलियारों में भी चर्चा तेज है। अगर केंद्र सरकार इस बिल को लाती है, तो उत्तर प्रदेश में भी लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ जाएगी। वहीं इसे लेकर अब समाजवादी पार्टी के मुखिया और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का भी बयान सामने आ गया है।

सपा चीफ अखिलेश यादव से पूछा गया कि सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है। इस पर अखिलेश यादव ने कहा कि हमार नेता इस बैठक में महिला आरक्षण बिल को लेकर भी बात करेंगे, जो हमारा पहले स्टैंड था वही रहेगा कि पार्टी वाइज रिजर्वेशन हो और पार्टी को रिजर्वेशन का अधिकार दो हम उसके पक्ष में हैं। वहीं मिडिल ईस्ट जंग पर अखिलेश यादव ने कहा कि वार से सभी को नुकसान हो रहा है, भारत के पास एक मौका था भारत ने मौके को गंवा दिया है। उन्होंने कहा कि एक बार बिना प्रोटोकॉल पीएम पाकिस्तान गए थे आज फिर वो समय आ गया है। समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन ने भी इस पहल का स्वागत किया, लेकिन कहा कि आरक्षण कैसे लागू किया जाएगा, इस पर स्पष्टता की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यह बहुत महत्वपूर्ण है कि हमारे देश में महिलाओं के लिए आरक्षण हो, लेकिन इसे कैसे लागू किया जाएगा, आरक्षण के मानदंड क्या होंगे, यह सब देखने की जरूरत है।

### 2029 लोस चुनाव से पहले बदल जाएगा यूपी का सियासी नक्शा!

**सिर्फ 80 सीटों पर नहीं होंगे चुनाव, बढ़ेंगे 40 सांसद?**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का सियासी नक्शा 2029 के लोकसभा चुनाव के पहले बदल सकता है। महिला आरक्षण कानून लागू होने के बाद परिसीमन के आसार जताए जा रहे हैं, तो अब यूपी में कितनी लोकसभा सीटें होने के अनुसमान है? लोकसभा चुनाव 2029 से पहले देश में निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या बढ़ सकती है। केंद्र सरकार आगामी 2029 के लोकसभा चुनाव से महिला आरक्षण कानून यानी नारी वंदन अधिनियम लागू करने की तैयारी कर रही है। सूत्रों के अनुसार इस प्रक्रिया के तहत लोकसभा की कुल सीटों को मौजूदा 543 से बढ़ाकर लगभग 816 करने की योजना पर भी काम चल रहा है।

# कौन सा कानून है, जो गंगा में खाना खाने को मना करता है: ओवैसी

नई दिल्ली, वार्ता

एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने गंगा में इफ्तार पार्टी करने वाले युवकों का मसला उठाया। इस दौरान ओवैसी ने कहा कि ऐसा कौन सा कानून है, जो गंगा नदी में लोगों को खाना खाने से मना करता है, ऐसा कोई भी कानून नहीं है, बनारस वाले मामले में लोगों को जबरन फंसाया गया है, इस मुद्दे को भी लोगों ने राजनीतिक मुद्दा बना दिया है, जबकि एक भी ऐसा वीडियो नहीं है, जिसमें दिख रहा हो कि वहां उन लड़कों ने मांस खाया है।

उन्होंने कहा कि साफ तौर पर लोगों को गुमराह किया जा रहा है। गंगा में नाले के पानी गिरते हैं, क्या वो सही है। गंगा मां हैं, तो उनका ध्यान क्यों नहीं रखा जाता है। साफ क्यों नहीं है। उन्होंने कहा कि यही वह देश है। जहां मुसलमानों को ईद मनाने के लिए हाईकोर्ट जाना पड़ता है। दूसरी तरफ उन्हें खून की होली खेलने की धमकी दी जाती है। भाईजान का हिंदुस्तान' सत्र में असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि ओवैसी ने कहा कि देश मनमानी से नहीं, संविधान से चलेगा। सरकार राष्ट्रीयता को हिंदुत्व से जोड़ रही है। भारत में मुसलमान कोई चांद से नहीं आया। इसी जमीन के हैं, यहीं पैदा हुए है। मुसलमान देशभक्त हैं और भारत सबका है। असदुद्दीन ओवैसी ने आगे कहा कि आज भारत क्या करेगा इसका फैसला ट्रंप ले रहे हैं।



■ देश मनमानी से नहीं, संविधान से चलेगा

### यूपी लोक भवन सभागार में निवेश मित्र 3.0 शुरू, 2017 से पहले कोई नहीं करता था निवेश

# अब देश का पसंदीदा निवेश स्थल बना यूपी

लखनऊ, वार्ता

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 में कोई भी निवेशक जब उत्तर प्रदेश आता था, तो यूपी में निवेश के नाम पर वह चुप हो जाता था। हमने संकल्प लिया और आज उत्तर प्रदेश भारत में निवेश का हब बन गया है। अब ये निवेश का केंद्र है और हम लगातार तरक्की कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में मंगलवार को लोक भवन सभागार में निवेश मित्र 3.0 का शुभारंभ किया गया। यह उन्नत एआई-आधारित सिंगल विंडो पोर्टल निवेशकों को 40 से अधिक विभागों की 200 से ज्यादा सेवाएं एक क्लिक पर उपलब्ध कराएगा, जिससे उद्योग स्थापना की प्रक्रिया और अधिक सरल, पारदर्शी तथा तेज हो जाएगी। कार्यक्रम में सीएम योगी ने सब्सिडी राशि का हस्तांतरण किया। उत्तर प्रदेश को देश के अंदर निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बनाने का सपना हमने 9 वर्ष पहले देखा था। आप सबकी उपस्थिति उस सपने को जमीनी हकीकत में बदल रही है। सीएम ने कहा कि डबल इंजन सरकार पर जनता का विश्वास है और हमारी टीम यूपी ने उस विश्वास पर खरा उतरने के लिए निरंतर परिश्रम किया है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि पिछली सरकारों ने उत्तर प्रदेश वासियों और युवाओं के सपनों को तोड़ा था, लेकिन अब प्रदेश पूरे देश में उद्यमियों के लिए सबसे पसंदीदा निवेश स्थल बन चुका है। यह विश्वास हमारी सबसे बड़ी पूंजी है मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि डबल इंजन सरकार पर हुआ विश्वास हमारी टीम ने परिश्रम से सार्थक किया है। उन्होंने उत्तर प्रदेश को भारत का फूड बास्केट बताते हुए कहा कि बीच के कालखंड में किसान पलायन करने और आत्महत्या करने को मजबूर थे। स्थितियां बहुत खराब थीं, लेकिन पिछले 9 वर्षों में हमने कृषि क्षेत्र को मजबूत किया। भारत की कुल कृषि योग्य भूमि का 11 प्रतिशत उत्तर प्रदेश के पास है, लेकिन खाद्यान्न उत्पादन में हम 21 प्रतिशत का योगदान कर रहे हैं।



■ 85 निवेशकों को लेटर ऑफ कम्फर्ट, एलिजिबिलिटी प्रमाण पत्र, सब्सिडी और भूमि आवंटन पत्र सौंपे

### यूपी को माफिया मुक्त प्रदेश बनाने पर जोर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश ने बीते कुछ वर्षों में एयर कनेक्टिविटी, निवेश और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब प्रदेश में 'ढाई एयरपोर्ट' ही संचालित माने जाते थे, जबकि आज उत्तर प्रदेश देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे एविएशन हब के रूप में उभर रहा है। लोकभवन में आयोजित निवेश मित्र सम्मेलन में उन्होने बताया कि पहले केवल लखनऊ और वाराणसी के एयरपोर्ट पूरी तरह सक्रिय थे, जबकि गोरखपुर और आगरा में सीमित और अनियमित उड़ानें संचालित होती थीं। लेकिन वर्तमान में प्रदेश में 16 घरेलू और 4 अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द ही देश का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने जा रहा है, जिसका उद्घाटन 28 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित है।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

# मिशन 2027 के लिए योगी कैबिनेट में फेरबदल की तैयारी

लखनऊ, वार्ता

उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि इस विस्तार में प्रतिनिधित्व से वंचित जिलों के विधायकों को मौका दिया जाएगा, साथ ही कई नए चेहरे पहली बार मंत्री बन सकते हैं।

सूत्रों के मुताबिक पश्चिमी उत्तर प्रदेश इस बार मंत्रिमंडल विस्तार के केंद्र में रहेगा। भाजपा संगठन और सरकार की रणनीति उन जिलों को प्रतिनिधित्व देने की है, जहां अभी तक कोई मंत्री नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि वर्तमान में कैबिनेट में छह पद खाली हैं। बिजनौर, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, अमरोहा, हापुड़, शामली और मुरादाबाद जैसे जिलों से कोई मंत्री नहीं हैं। वहीं मेरठ और गाजियाबाद जैसे जिलों से पहले से दो-दो मंत्री हैं। उन्होंने बताया कि मिशन 2027 को साधने के लिए भाजपा संगठन और सरकार दोनों स्तर पर जातीय संतुलन पर खास ध्यान दिया जा रहा है। पिछड़ा, अति पिछड़ा और अनुसूचित जाति वर्ग को साधने की रणनीति के तहत पहले ही भूपेंद्र चौधरी जैसे ओबीसी चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। अब मंत्रिमंडल विस्तार में भी इसी संतुलन को आगे बढ़ाया जाएगा। सूत्रों की मानें, तो मंत्रिमंडल में प्रदर्शन और विवादों के आधार पर कुछ मंत्रियों को हटाए जाने की भी अटकलें हैं। वहीं एक-दो राज्य मंत्रियों को पदोन्नत कर कैबिनेट मंत्री बनाया जा सकता है। पश्चिमी यूपी के दो मंत्रियों को हटाए जाने की चर्चा भी जोरों पर है। सूत्रों के अनुसार पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का मंत्रिमंडल में शामिल होना लगभग तय है। इससे जाट समाज को साधने का संदेश जाएगा। इसके अलावा मेरठ के एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज को मंत्री बनाकर ब्राह्मण वर्ग को साधने की तैयारी है। पश्चिमी यूपी में त्यागी समाज के प्रतिनिधित्व की कमी को देखते हुए मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी और एमएलसी अश्विनी त्यागी के नाम भी चर्चा में हैं। वहीं गुर्जर समाज को साधने के लिए पूर्व मंत्री अशोक कटारिया की वापसी की संभावना जताई जा रही है। बैठक में योगी, केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, पंकज चौधरी और संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह शामिल हुए थे। इसके अलावा आरएसएस के वरिष्ठ पदाधिकारी अरुण कुमार भी बैठक में शामिल हुए थे जिससे बैठक का महत्व और बढ़ गया है। इस बैठक में मंत्रिमंडल विस्तार, संगठनात्मक फेरबदल और मिशन 2027 की रणनीति जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई थी।

■ प.उप्र इस बार मंत्रिमंडल विस्तार के केंद्र में रहेगा

# मोदी का राज्यसभा में दिया बयान भ्रम फैलाने वाला : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिए गए बयान को भ्रम पैदा करने वाला करार देते हुए सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। खड़गे ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि प्रधानमंत्री की असंगत कूटनीतिक नीति से भारत की रणनीतिक स्वायत्तता प्रभावित हुई है, जो दशकों से विदेश नीति की आधारशिला रही है। उन्होंने पूछा कि हालिया इजरायल दौरे के बाद उत्पन्न कूटनीतिक प्रभावों पर संसद और देश को विश्वास में क्यों नहीं लिया गया। उन्होंने दूसरा मुद्दा उठाते हुए कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में करीब 37-40 भारतीय जहाज अब भी फंसे हुए हैं और इन पर लगभग 1100 नाविक सवार हैं। विदेश मंत्री एस जयशंकर और प्रधानमंत्री मोदी द्वारा ईरान से बातचीत के बावजूद सुरक्षित रास्ता क्यों नहीं मिल पाया, जबकि चीन, रूस और जापान जैसे देशों को अनुमति मिल रही है। उन्होंने ऊर्जा आयात के विविधीकरण के सरकारी दावे पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि 41 देशों से आयात हो रहा है, तो फिर देश में गैस और ईंधन की कमी, महंगाई और कालाबाजारी क्यों बढ़ रही है।

# प्रयागराज कोल्ड स्टोरेज हादसा: अब तक 17 लोग रेस्क्यू, 4 मौतें

प्रयागराज, वार्ता

संगम नगरी प्रयागराज के गंगा पार में फाफामऊ थाना क्षेत्र के चंदापुर गांव में स्थित आदर्श कोल्ड स्टोरेज की छत गिरने से सोमवार को भीषण हादसा हो गया था। कोल्ड स्टोर जब गिरा तो उस समय अफरा-तफरी मच गई। हादसा इतना भीषण था कि जिसमें 17 लोगों को रेस्क्यू करके निकाला गया और 4 लोगों की मौत हो गई। सोमवार से मंगलवार सुबह तक रेस्क्यू लगातार चलता रहा है, जिसमें पूरी रात 3 टीमें एसडीआरएफ, वाराणसी की एक एनडीआरएफ सहित फायर ब्रिगेड, स्वास्थ्य की टीम और कई थाने की फोर्स रात भर रेस्क्यू करती रही।

फिलहाल अभी भी रेस्क्यू जारी है, वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि कल से लगातार अमोनिया गैस के रिसाव से सांस लेना मुश्किल हो गया है। बता दें, लगभग 12 जेसीबी और उतने ही मलबे उठाने वाली ट्रक और लगातार रेस्क्यू के बाद, अभी भी यहां पर काम में लगे कर्मचारियों का कहना है कि अभी भी एक दिन इस मलबे को हटाने में लग सकता है। वहीं रेस्क्यू ऑपरेशन में अब तक 17 लोगों को बचाकर अस्पताल भेजा गया है और 12 लोग घायल हैं। इस हादसे ने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जानकारी के मुताबिक यह कोल्ड स्टोरेज सपा के पूर्व विधायक अंसार अहमद का बताया जा रहा है।

शुरुआती जांच में बिल्डिंग के स्ट्रक्चर में भारी लापरवाही की बात सामने आ रही है। चश्मदीदों का कहना है कि बिल्डिंग एक तरफ से झुकने लगी और फिर अचानक उसकी छत भरभराकर गिर गई। इतना ही नहीं, कोल्ड स्टोरेज से अमोनिया गैस के रिसाव की भी होने लगा, जिसने रेस्क्यू ऑपरेशन को और चुनौतीपूर्ण बना दिया है। हालांकि प्रशासन का कहना है कि उनके पास लाइसेंस था, लेकिन अब इस बात की गहन जांच की जाएगी कि क्या मानकों की अनदेखी की गई थी। जिलाधिकारी और पुलिस कमिश्नर खुद मौके पर मौजूद हैं।

■ 12 जेसीबी हटा रहीं मलबा लगातार अमोनिया गैस का रिसाव जारी, फायर ब्रिगेड, कई थाने की फोर्स लगीं

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त




भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### वाराणसी में तेज धमाके से मकान गिरा, दो मरे, दो गंभीर

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में मंडुआडीह थाना क्षेत्र के लहरतारा इलाके में मंगलवार को एक मकान में तेज धमाके के साथ मकान गिर गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त नीतू कादयान, अपर जिला मजिस्ट्रेट (नगर) आलोक वर्मा, सहायक पुलिस आयुक्त (रोहनिया) समेत भारी पुलिस बल और फॉरेंसिक टीम पहुंच गई। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया, जिससे मकान पूरी तरह ध्वस्त हो गया। यह मकान लहरतारा इलाके में गिरिजा देवी का था। वे अपने दो बेटों अमन चौधरी (32), अवधेश चौधरी (30) और बेटी प्रीति (24) के साथ रहती थीं। गिरिजा देवी खाना बना रही थीं, तभी गैस तेजी से लीक होने लगा और जोरदार धमाका हो गया। हादसे में अवधेश चौधरी और प्रीति की मौके पर ही मौत हो गई।

### मैनाठेर दंगा मामला: 16 आरोपी दोषी करार, 27 मार्च को सजा का ऐलान

**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के बहुचर्चित मैनाठेर दंगा मामले में करीब 15 वर्ष बाद अदालत ने बड़ा फैसला सुनाते हुए 16 आरोपियों को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने 14 दोषियों को तत्काल हिरासत में लेकर जेल भेजने के आदेश दिए, जबकि दो आरोपी सुनवाई के दौरान अनुपस्थित रहे। सजा का ऐलान अब 27 मार्च को किया जाएगा। अभियोजन अधिकारी के अनुसार वर्ष 2011 में मैनाठेर थाना क्षेत्र के डींगरपुर गांव में हुए दंगे के मामले की सुनवाई अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश (एडीजे-2) की अदालत में चल रही थी। साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने यह महत्वपूर्ण फैसला सुनाया।

# अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध में पाकिस्तान की भूमिका भारत के लिए कूटनीतिक झटका: जयराम

नई दिल्ली, वार्ता

वरिष्ठ कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए दावा किया कि पाकिस्तान एक तरफ अमेरिका और इजरायल और दूसरी तरफ ईरान के बीच एक प्रमुख मध्यस्थ के रूप में उभरा है जो भारत के लिए एक गंभीर झटका है।

रमेश ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर अपने संदेश में कहा कि प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय मीडिया संस्थानों की कई रिपोर्टों ने पाकिस्तान को अमेरिका और इजरायल तथा दूसरी तरफ ईरान के बीच इस्तेमाल किए जा रहे मध्यस्थों में से एक के रूप में पहचाना है। यदि ये रिपोर्ट सच हैं, तो वे भारत के लिए एक गंभीर झटका और तिरस्कार का प्रतिनिधित्व करती हैं और यह सब स्वयं को घोषित करने वाले 'विश्वगुरु' के कारण है। रमेश ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' में भारत की 'निस्संदेह सैन्य सफलताओं' के बावजूद पाकिस्तान ने पिछले एक साल में कूटनीतिक रूप से नई दिल्ली को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि दुखद वास्तविकता यह है कि उसके बाद पाकिस्तान का कूटनीतिक जुड़ाव और विमर्श प्रबंधन मोदी सरकार की तुलना में काफी बेहतर रहा है। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद, जो कभी गंभीर राजनीतिक, आर्थिक और वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा था, अब फिर से प्रासंगिक हो गया है। कांग्रेस नेता ने पाकिस्तान के नेतृत्व और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच विकसित होते संबंधों की ओर भी इशारा किया और आरोप लगाया कि इसने इस्लामाबाद की वैश्विक स्थिति को मजबूत किया है। उन्होंने दावा किया कि ट्रंप ने पाकिस्तान के सैन्य नेतृत्व को 'गर्मजोशी से और बार-बार गले लगाया' था और कई मौकों पर असीम मुनीर की व्हाइट हाउस में मेजबानी की, जिसमें उन्होंने एक ष्अभूतपूर्व दोपहर के भोजनष का भी उल्लेख किया। रमेश ने कहा कि ष्पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान ने राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी घेरे के साथ घनिष्ठ संबंध विकसित कर लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए रमेश ने उनकी हालिया कूटनीतिक पहुंच की आलोचना की, विशेष रूप से ईरान पर अमेरिका-इजरायल के कथित हवाई हमलों से ठीक पहले की गई इजरायल यात्रा को लेकर कटाक्ष किया है। उन्होंने कहा कि मोदी की इजरायल की अनुचित यात्रा, जो ईरान पर अमेरिका-इजरायल के अकारण हवाई हमले शुरू होने से ठीक दो दिन पहले समाप्त हुई, हमारे राजनीतिक इतिहास में एक बेहद विनाशकारी विकल्प के रूप में दर्ज की जाएगी। उन्होंने तर्क दिया कि इस यात्रा ने इस क्षेत्र में एक तटस्थ मध्यस्थ के रूप में कार्य करने की भारत की क्षमता को कमजोर कर दिया है। उन्होंने सरकार की विदेश नीति के प्रति अपने दृष्टिकोण की आलोचना तेज करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री की गले मिलने वाली कूटनीति की पोल बुरी तरह खुल गई है।



# ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ताओं ने ट्रांसजेंडर विधेयक के खिलाफ राहुल गांधी से की मुलाकात

**नई दिल्ली।** देशभर से ट्रांसजेंडर अधिकार कार्यकर्ताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को संसद में नेता विपक्ष लोकसभा राहुल गांधी से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रियंका गांधी समेत पार्टी के वरिष्ठ सांसद और नेता भी मौजूद रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने सरकार के प्रस्तावित ट्रांसजेंडर पर्सन्स बिल का विरोध करते हुए कहा कि यह विधेयक उनकी आत्म-पहचान के अधिकार को कमजोर करता है, जिसे उच्चतम न्यायालय ने मान्यता दी है। उनका कहना था कि इस बिल के लागू होने से लाखों ट्रांसजेंडर खासकर पारंपरिक समुदायों से जुड़े लोगों, की कानूनी पहचान और संरक्षण खतरे में पड़ सकते हैं। कार्यकर्ताओं ने बिल के कुछ प्रावधानों को अमानवीय और दंडात्मक बताते हुए अनिवार्य मेडिकल जांच, पर्याप्त सुरक्षा उपायों के बिना दंडात्मक प्रावधानों और मौजूदा अधिकारों में कटौती पर भी चिंता जताई। राहुल गांधी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी ट्रांसजेंडर समुदाय के अधिकारों और गरिमा के साथ खड़ी है और इस विधेयक का संसद में विरोध करेगी। राहुल गांधी ने इसे खुला हमला करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार का ट्रांसजेंडर व्यक्ति (संशोधन) विधेयक ट्रांसजेंडर लोगों के संवैधानिक अधिकारों और पहचान पर एक खुला हमला है। उन्होंने कहा ट्रांसजेंडर लोगों से अपनी पहचान स्वयं निर्धारित करने का अधिकार छीनता है, जो उच्चतम न्यायालय के फैसले का उल्लंघन है। यह देशभर के विभिन्न समुदायों की सांस्कृतिक पहचान को खत्म करता है।

# नजीबाबाद में शातिर साइबर ठग मीशम जाफरी गिरफ्तार

## दूसरे राज्यों में भी की ठगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** नजीबाबाद पुलिस ने शातिर ठग मीशम जाफरी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से छह लैपटॉप व दस मोबाइल भी बरामद किए गए हैं।

प्राप्त समाचार के अनुसार पुलिस को प्रतिबिम्ब पोर्टल से पता चला था कि 12 फरवरी से 20 फरवरी के बीच साइबर ठगी मे संलिप्त मोबाइल नंबर 9259172110, 9259176827, 7983768160 व 9259236109 का इस्तेमाल नजीबाबाद क्षेत्र में हो रहा है। इसकी जांच नजीबाबाद के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार द्वारा की गई। जिससे यह तथ्य प्रकाश में आया कि इन मोबाइल नंबरों के सम्बंध में केंद्री गृह मंत्रालय के एनसीआरपी पोर्टल (1930) पर विभिन्न शिकायतें दर्ज हैं। यह शिकायतें दुर्गा कुमार गमेथी के द्वारा आठ जनवरी को छह हजार रुपए की ऑन लाइन ठगी के सम्बंध दर्ज कराई गई थी। नालंदा (बिहार) के रौनक पुत्र नरेंद्र कुमार के द्वारा 19 जनवरी को 5999 रुपए की ठगी के सम्बंध में शिकायत दर्ज कराई गई थी। औरंगाबाद (बिहार) के विक्रम कुमार पुत्र विश्वनाथ चतुर्वेदी के द्वारा 13 हजार 999 रुपए की ऑन लाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। बाड़मेर (राजस्थान) के नरसिंघा के द्वारा 1999 रुपए ठगी की शिकायत दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने अभियुक्त मीशम जाफरी पुत्र तनवीर हैदर निवासी विजय नगर, नजीबाबाद को गिरफ्तार कर लिया। मीशम जाफरी मूल रूप से थाना किरतपुर के



ग्राम हुसैनपुर का रहने वाला है। इसके पास से छह लैपटॉप, दस मोबाइल फोन, फर्जी आधार कार्ड, 4200 रुपए नकद भी बरामद किए गए। नजीबाबाद पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 131/2026 धारा 318(4), 317(2), बीएनएस व 66सी एवं 66डी आईटी एक्ट में पंजीकृत किया है। पूछताछ में मीशम जाफरी ने बताया कि उसने बीसीए की पढ़ाई की है तथा उसे वेबसाइट के निर्माण व संचालन एवं साफ्टवेयर के बारे में अच्छी जानकारी है। उसने नजीबाबाद में एक जनसेवा केंद्र का संचालन भी कर रखा था। जहां पर लोग पैन कार्ड एवं आधार कार्ड बनवाने के लिए आते थे। कुछ लोग कार्य शीघ्र कराने के लिए अधिक धनराशि देने को तैयार रहते थे। जिसका लाभ उठाते हुए वह एनएसडीएल की डिस्ट्रीब्यूटरशिप लेकर उसका लॉगिंग प्राप्त कर चुका था। उसने 25 हजार रुपए नकद देकर पांच हजार जनसेवा केंद्रों के संचालकों के मोबाइल नंबरों व पते की सूची भी प्राप्त कर ली थी। वह नजीबाबाद क्षेत्र में नौकरी की तलाश कर रही युवतियों को अपने पास बुलाकर उन्हें नौकरी देने के नाम पर उनके नाम से सिम कार्ड, बैंक खाते व चैकबुक आदि प्राप्त कर लेता था। इसके बाद वेबसाइट बनाकर आधार व पैनकार्ड में त्वरित सुधार कराने हेतु इच्छुक लोगों की डिटेल भरवाने एवं कॉलिंग करने का प्रशिक्षण दिया जाता था। इनके बदले उन्हें पांच हजार रुपए का मासिक वेतन देने का लालच भी दिया जाता था। वह उन्हीं सिम कार्ड्स को कीपेड में लगाकर कॉलिंग कराता था। जैसे ही कोई व्यक्ति अपनी जानकारी भरता था, उसे पेमेंट का लिंक व बार कोड भेजकर धनराशि वसूल ली जाती थी। युवतियों को शक न हो, इसलिए उन्हें 15 दिन से दो माह के बीच काम से हटा दिया जाता था और नई युवतियों को वह जोड़ लेता था। नई युवतियों से भी वह इसी तरह काम करता था। अधिकांश मामलों में सम्बंधित व्यक्तियों के पैन कार्ड व आधार कार्ड स्वत: ही निर्धारित समय में बन जाते थे। जिनके नहीं बन पाते थे, उन्हें वेबसाइट में तकनीकी समस्या बताकर दो-तीन दिन का समय ले लिया जाता था। इस दौरान दस्तावेज बन जाने पर उनसे मनमाना शुल्क वसूला जाता था। कार्य समाप्त होने के बाद अभियुक्त उन सिम कार्ड को तोड़कर जला देता था और उसके अवशेष नाले में बहा देता था।

# वन अधिकारियों की रिश्वतखोरी का ऑडियो वॉयरल होने से हड़कंप

## भ्रष्टाचार के लगातार लग रहे आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में वन विभाग से जुड़ा एक गंभीर मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वायरल एक ऑडियो ने विभागीय कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वायरल ऑडियो में कथित तौर पर चार लाख रुपए की रिश्वत लेने और उसमें से डेढ़ लाख रुपए उच्च अधिकारियों तक पहुंचाने की बात कही जा रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार यह मामला पेड़ कटाई से जुड़े एक मुकदमे के निस्तारण से संबंधित बताया जा रहा है। आरोप है कि मुक. दमा खत्म कराने के नाम पर रकम ली गई। लेकिन इसके बावजूद न तो मुकदमा समाप्त किया गया और न ही संबंधित अधिकारियों द्वारा कोई संतोषजनक कार्रवाई की गई। पीड़ित का आरोप है कि पैसे देने के बाद भी जब उसका कार्य नहीं हुआ और संबंधित अधिकारियों ने फोन उठाना भी बंद कर दिया। जिसकी वजह से परेशान होकर उसने रिश्वत मांगने के लिए की गई बातचीत का ऑडियो सार्वजनिक कर दिया, जो अब तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल ऑडियो के सामने आने के बाद जनपद में चर्चा का माहौल है और वन विभाग सहित प्रशासनिक तंत्र में हलचल देखी जा रही है। मामले को लेकर आम जनता भी सवाल उठा रही है। पीड़ित ने इस संबंध में डीएफओ को शिकायत देने के साथ-साथ मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज कराई है। साथ ही



### अधिकारी की पकड़ और पुराने कार्यकाल को लेकर चर्चाएं तेज

**बिजनौर।** जनपद में वायरल हुए कथित रिश्वत ऑडियो प्रकरण के बीच अब वन विभाग के एक जिम्मेदार अधिकारी को लेकर नई चर्चाएं सामने आ रही हैं। स्थानीय स्तर पर लोगों के बीच यह बात कही जा रही है कि संबंधित वन अधिकारी पूर्व में पूर्ति विभाग में भी तैनात रह चुके हैं। जिससे उनकी प्रशासनिक पकड़ काफी मजबूत मानी जा रही है। चर्चाओं के अनुसार अधिकारी का जनपद में करीब चार से साढ़े चार वर्ष का लंबा कार्यकाल रहा है। जिसके चलते वह यहां के तंत्र, क्षेत्रीय व्यवस्था और विभागीय कार्यप्रणाली से भली-भांति परिचित बताए जाते हैं। स्थानीय स्तर पर यह भी कहा जा रहा है कि उनके हर स्तर पर संपर्क हैं और वह जनपद की नस-नस से वाकिफ हैं। हालांकि इन बातों की कोई अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन शहर में चल रही चर्चाओं ने इस पूरे मामले को और अधिक चर्चाओं में ला दिया है। पहले से वायरल ऑडियो को लेकर उठे सवालों के बीच अब यह पहलू भी जांच के दायरे में आने की मांग की जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि किसी भी अधिकारी की भूमिका या प्रभाव को लेकर स्थिति तभी स्पष्ट होगी, जब पूरे मामले की निष्पक्ष जांच पूरी हो जाएगी।

उसने चेतावनी दी है कि यदि उसे न्याय नहीं मिला, तो वह लखनऊ जाकर मुख्यमंत्री के जनता दरबार में अपनी बात रखेगा।

सूत्रों के अनुसार जिन अधिका. रियों पर रिश्वतखोरी के आरोप लगाए जा रहे हैं, वह पहले भी विवादों में रह चुके हैं। ऐसे में यह मामला विभाग की छवि और कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रभाव डाल सकता है। फिलहाल इस ऑडियो की अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन की ओर से जांच के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## एक नजर

### नहटौर में मुन्ना ठेकेदार का इंतकाल



**बिजनौर।** नहटौर निवासी मुन्ना ठेकेदार का इंतकाल होने से सभी गमजदा हो गए। तालिब ठेकेदार के वालिद मुन्ना ठेकेदार नहटौर के पूर्व चेयरमैन रशीद अहमद छिद्दू के बहुत करीबी थी। उनके जनाजे की नमाज में काफी लोगों ने शिरकत की।

### आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नगीना।** लाइन पार आजाद कॉलोनी निवासी अलका रानी पत्नी प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार मार्च को उनका बेटा अंशुमन कस्बा नगीना से वापस अपने घर लौट रहा था। जैसे ही वह मौहल्ला लाल सराय के पास पहुंचा, वहां पहले से मौजूद सत्यम, डम्पी, अंगद और बिच्छू निवासीगण मौहल्ला लाल सराय ने उसे रोक लिया। आरोप है कि इन चारों युवकों ने अंशुमन के साथ बिना किसी ठोस कारण के कहासुनी शुरू कर दी और गालियां देने लगे। जब अंशुमन ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने उसके साथ लात-घूंसों से मारपीट की। शोर मचाने और विरोध बढ़ने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता अलका रानी की शिकायत पर गंभीरता दिखाते हुए नगीना थाना पुलिस ने त्वरित कदम उठाए हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

### ई-रिक्शा चालक के पैर की हड्डी टूटी



**राजा का ताजपुर।** स्थानीय मौहल्ला जामा मस्जिद निवासी साबिर हुसैन ई रिक्शा लेकर जा रहे थे। अचानक सामने से आवरा पशु आने से ई रिक्शा पलट गई। ई रिक्शा पलटने से साबिर हुसैन ई रिक्शा के नीचे आकर दब गया, जिससे उसके दोनों पैरों में गंभीर चोट आ गई। डाक्टरों ने जांच की, तो पता चला कि उसके पैरों की हड्डी टूट गई। क्षेत्र में आवारा पशुओं की वजह से घटना बढ़ती जा रही है। महबूब सलमानी, डा. अनीस अहमद, जावेद अख्तर, दिलदार सिंह, चमन लाल, नवेद सिद्दीकी, गुलरेज अंसारी, फारूक शेख, जाकिर हुसैन सिद्दीकी, फहीमुद्दीन अंसारी, मौहम्मद कासिम अहमद ने अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से आवारा पशुओं को पकड़वाने की मांग की है। वहीं समाजसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर हर मुमकिन मदद करने का भरोसा दिलाया है।

### फील्ड ट्रेनर्स का प्रशिक्षण शुरू

**बिजनौर।** डिजिटल जनगणना 2026-27 के सफल संचालन के लिए फील्ड ट्रेनर्स का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। एडीएम वित्त एवं राजस्व वान्या सिंह ने वर्धमान डिग्री कॉलेज में दीप प्रज्वलित कर इसका शुभारंभ किया। यह प्रशिक्षण मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के सुचारु निष्पादन के लिए आयोजित किया जा रहा है। जिला प्रभारी जनगणना अधिकारी जे.पी. यादव, प्रभारी अधिकारी जनगणना नितिन कुमार, मास्टर ट्रेनर डा. आकाश अग्रवाल, डा. अमित कुमार और डा. राजीव बिश्नोई सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एडीएम वान्या सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य फील्ड अधिकारियों को डिजिटल उपकरणों मोबाइल ऐप और जनगणना की जटिल प्रक्रियाओं से परिचित कराना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस बार जनगणना पूरी तरह डिजिटल होगी, जिसमें डेटा संकलन के लिए मोबाइल एप्लीकेशन और ऑनलाइन पोर्टल का उपयोग किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान, मास्टर ट्रेनर्स ने फील्ड ट्रेनर्स को मोबाइल ऐप के माध्यम से रियल-टाइम डेटा एंट्री और सिंकिंग की तकनीकी जानकारी दी। प्रथम चरण के लिए निर्धारित 33 प्रश्नों, जिनमें आवास की स्थिति, बुनियादी सुविधाएं और संपत्ति शामिल हैं, पर भी विस्तार से चर्चा की गई। नागरिकों के लिए उपलब्ध 15-दिवसीय 'स्व-गणना' विंडो के सत्यापन की प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई।

# सरकारी हरे-भरे पेड़ काटे

## जांच के नाम पर की जा रही खानापूर्ति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** लेखपाल और वन विभाग के अधिकारियों की लाप. रवाही से हरे-भरे सरकारी पेड़ों को काट लिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार ग्राम पंचायत गुनियापुर में वृक्षारोपण की भूमि से रातों रात लाखों रुपए के हरे-भरे सरकारी पेड़ काट लिए गए। सूचना मिलने पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और अग्रिम कार्रवाई में जुट गए। बताया जाता है कि **ग्राम पंचायत** गुनियापुर में खसरा नंबर 400 की भूमि में वृक्षारा. 'पण किया गया था। यह भूमि सरकारी अभिलेखों में वृक्षारोपण के नाम से दर्ज है। इस भूमि पर लगभग 10 वर्ष पुराने सरकारी पेड़ खड़े थे। ग्राम पंचायत द्वारा मनरेगा के अंतर्गत इस भूमि पर सरकारी पेड़ लगाए गए थे, जो इस समय काफी बड़े हो गए थे। आज सुबह सवेरे ही माफियाओं ने



उन पेड़ों को काट डाला और लकड़ी उठा कर ले गए। किसी को कानों कान भनक भी नहीं लगी। जब सुबह ग्रामीण वहां पर घूमने गए, तो उन्होंने देखा कि सारे पेड़ कट चुके थे। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान रविंद्र सिंह सहरावत को दी।

ग्रामीणों का मानना था कि सरकारी पेड़ ग्राम प्रधान और लेखपाल की मिलीभगत से कटवाए गए हैं, किन्तु ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि पेड़ काटने का मामला मेरे संज्ञान में भी नहीं है और मेरी बिना



अनुमति के ही माफियाओं ने इस घटना को अंजाम दिया है। ग्राम प्रधान द्वारा बताया गया कि इन पेड़ों को नियमानुसार मूल्यांकन करा कर नीलामी के अंतर्गत कटवाने की योजना बनाई जा रही थी। जिससे गांव के विकास में इन पेड़ों से हुई आमदनी का की राशि को लगाया जा सके। ग्राम प्रधान ने संदेह के आधार पर बताया कि ग्राम के कुछ लोग इस कार्य में सम्मिलित हैं और उन्हें राजस्व विभाग के अधिकारियों का संरक्षण प्राप्त है। उसी के बल पर इन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि रेंजर हरगोविंद सिंह और सुभाष कुमार लेखपाल द्वारा मौके पर पहुंच कर कटे हुए पेड़ों की माप की गई और इस संबंध में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। संदेह के आधार पर प्राथमिकी में शमशाद पुत्र वाहिद निवासी गुनियापुर व युनुस पुत्र युसुफ निवासी ग्राम श्यामीवाला का नाम लिखवाया जा रहा है। क्षेत्र में लकड़ी माफिया सक्रिय हैं। यह सड़कों और नहर के किनारे खड़े पेड़ों को रातों-रात काट लेते हैं।

# दहेज के लिए विवाहिता से मारपीट, हाथ तोड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना नगीना देहात के अंतर्गत ग्राम जट नंगला गढ़ी निवासी एक व्यक्ति ने अपनी पुत्री के ससुराल वालों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने, मारपीट कर हाथ तोड़ने और तीन तलाक देने का गंभीर आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत पांच ससुराल वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़िता समरीन के पिता यामीन पुत्र शमीम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उन्होंने पुत्री की शादी 26 नवंबर 2024 को ग्राम अलीपुरा जट निवासी इस्तकार पुत्र अबरार के साथ की थी। आरोप है कि शादी में अपनी हैसियत से ज्यादा करीब 15 लाख रुपए खर्च करने के बावजूद ससुराल पक्ष के लोग खुश नहीं थे। पति इस्तकार, सास असगरी, ससुर अबरार, जेठ गुलफाम और ननंद नूरजहां आए दिन दहेज में कार की मांग को लेकर समरीन को प्रताड़ित करते थे। तहरीर के अनुसार बीते 14 मार्च की रात करीब 11 बजे ससुराल वालों ने समरीन के साथ बेरहमी से मारपीट की। अगले दिन जब पीड़िता के परिजन अलीपुरा जट पहुंचे, तो समरीन के शरीर पर गंभीर चोटें मिलीं। मेडिकल परीक्षण में उसके हाथ की हड्डी टूटी हुई पाई गई। जिसके बाद परिजन उसे अपने घर ले आए।

पीड़ित पक्ष का आरोप है कि 21 मार्च को जब गांव के तीन युवक अपनी बुआ के घर अलीपुरा जट गए, तो आरोपियों ने उन्हें जबरन घर में खींचकर बंधक बनाया, मारपीट की और झूठे मुकदमे में फंसाने व जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित पिता का कहना है कि आरोपी इस्तकार ने गवाहों के सामने समरीन को तलाक दे दिया। जिससे विवाहिता गहरे सदमे में है। पुलिस ने इस मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अवनीत मान का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# चौकी पर खाना बनाने वाला चर्चित युवक चोरी की राह पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** कस्बे की पुलिस चौकी पर खाना बनाने का काम करने वाला एक चर्चित युवक पर अब चोरी की गतिविधियों में लिप्त होने के आरोप लग रहे है। बढ़ती चोरियों से नगर में दहशत का माहौल है।

सूत्रों के मुताबिक यह युवक पहले भी चौकी कर्मियों के सोते समय आसपास छोटी-मोटी चोरी करता रहा है। लेकिन उसकी पोल तब खुली, जब उसने चुपके से गुटखे के पैकेट और अन्य सामान चोरी कर किसी को बेचने की कोशिश की। अब वह कस्बे में चोरी करने की फिराक में है। जिससे स्थानीय स्तर पर बड़ी घटना होने की आशंका जताई जा रही है। सूत्रों ने बताया कि पूर्व से युवक चौकी पर नियमित रूप से खाना बनाने का काम करता है। पहले के कई मौकों पर जब चौकी पर तैनात कर्मी आराम या नींद में होते थे, तब वह अपने आसपास 'हाथ साफ' कर लेता था। लंबे समय तक यह गतिविधि छिपी रही, लेकिन हाल ही में उसकी चोरी पकड़ी गई। सूत्रों के

## किसी दिन बड़ी घटना की संभावना

अनुसार युवक चोरी के गुटखे के पैकेट व अन्य सामान किसी गांव में बेचने ले गया था, जहां उसे पकड़ लिया गया। इसके बावजूद वह अभी भी कस्बे में घूम रहा है और चोरी के नए मौके की तलाश में लगा हुआ है। स्थानीय लोग इस युवक की चर्चित पहचान से परिचित हैं, लेकिन अब उसकी इन गतिविधियों से चौकी परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। सूत्रों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो किसी दिन बड़ी घटना हो सकती है। जिससे कस्बे की कानून-व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। खास बात यह है कि पुलिस इस आरोपी युवक के खिलाफ कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे क्षेत्र की जनता दहशत में है। जनता का मानना है कि इस तरह के चोरों को थाने में नहीं घुसने देना चाहिए।

# दो फर्नीचर कारीगरों की हादसे में दर्दनाक मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** नैनपुरा मार्ग पर भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की जान चली गई। तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रही एक बाइक ने सामने से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त समाचार अनुसार मौहल्ला सेवावाली गांवड़ी निवासी दीपू सैनी पुत्र उमेश सिंह व हेमराज सैनी पुत्र हरि सैनी फर्नीचर बनाने का काम करते थे। बीती शाम करीब सात बजे दोनों बाइक संख्या यूपी20सीएल 6135 से ग्राम नैनपुरा सराय में मजदूरी के पैसे लेने जा रहे थे। रास्ते में सामने से आ रहे बाइक संख्या यूपी20एयू0217 सवार ने लापरवाही से बाइक चलाते हुए उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दीपू और हेमराज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची डायल-112 पुलिस ने दोनों को तुरंत सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। मृतक दीपू सैनी अपने पिता उमेश सिंह का इकलौता पुत्र था। दोनों परिवार अत्यंत गरीब हैं और मेहनत-मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। इस हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

मृतक के पिता उमेश सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी अवनीत मान ने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# गैस सिलेंडर न मिलने से कारोबार ठप

## मिठाईयों के दामों में इजाफा, पकवान बनना बंद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भले ही भाजपा सरकार गैस सिलेंडर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध होने का दावा कर रही है, लेकिन सच्चाई इसके बिल्कुल विपरीत है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर न मिलने की वजह से होटल कारोबार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

गैस सिलेंडर न मिलने की वजह से जहां एक तरफ आम जनता परेशान है, वहीं होटल कारोबार भी प्रभावित हो रहा है। कई होटल बंद हो चुके है और कई होटलों पर कोयले की भट्टी का इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन जो अच्छे होटल हैं, वहां पर कोयले की भट्टी का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। मजबूरी में उन्हें बाहर से मिठाईयां तैयार करा कर मंगानी पड़ रही है। जिसकी वजह से लागत में इजाफा हो गया है। मिठाई के दामों में सौ रुपए प्रति किलोग्राम से लेकर दो सौ रुपए प्रति किलोग्राम का इजाफा किया गया है। मिठाईयों की सभी वैरायटी भी नहीं मिल पा रही है। शादी समारोह में पकवान तैयार करने व खाना बनाने में सबसे ज्यादा दिक्कत आ रही है। शादियों का मौसम



शुरु हो चुका है। कॉमर्शियल गैस सिलेंडर अमेरिका व ईरान की लड़ाई से पूर्व आसानी के साथ मिल जाते थे, बल्कि गैस एजेंसी संचालक सिलेंडर लेने के लिए खुशामद भी करते थे। लेकिन अब हालात काफी बदल चुके हैं।

कॉमर्शियल गैस सिलेंडर मिल नहीं पा रहे हैं। इस व्यवस्था को पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। पूर्व में घरेलू गैस सिलेंडर ब्लैक में मिल जाते थे। लेकिन गैस एजेंसी संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से हड़कंप मचा हुआ है। वह डरे हुए हैं। वह खुलेआम गैस सिलेंडर अब ब्लैक नहीं कर सकते हैं। सिर्फ इतना हो रहा है कि जिन परिवारों में कई-कई गैस कनेक्शन है और उनके यहां खपत नाम मात्र की है, उनसे सिलेंडर लिया जा रहा है। गैस एजेंसी से सिलेंडर लेकर जाने वाले डिलीवरी मैन इस खेल के खिलाड़ी है। कई बार तो गैस एजेंसी संचालकों को इनके खेल का पता ही नहीं चल पाता है। अगर अमेरिका व ईरान की लड़ाई इसी तरह चलती रही, तो वो दिन दूर नहीं जब घरों में लकड़ियों व कोयलों से खाना पकाया जाएगा।

ईद उल फितर व नवरात्र की मुबारकबाद

फिरोज बेग

ग्राम प्रधान पद के युवा, शिक्षित व ईमानदार प्रत्याशी ग्राम पंचायत रेहड़



# राणा प्रियंकर को पांच करोड़ की सौगात

## ठाठजट में स्थापित उद्योग से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश में औद्योगिक विकास को नई गति देने के उद्देश्य से सीएम योगी आदित्यनाथ द्वारा 'निवेश मित्र 3.0' पोर्टल का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के प्रमुख उद्योगपतियों को आमंत्रित कर उन्हें राज्य के विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में धामपुर विधानसभा क्षेत्र को भी एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई। कार्यक्रम दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधायक अशोक कुमार राणा के पुत्र एवं युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह को पांच करोड़ रुपए का चेक प्रदान किया। यह राशि वीवीआर नेचुरल प्राइवेट लिमिटेड के नाम से स्थापित उद्योग के लिए अनुदान के रूप में दी गई है।

जानकारी के अनुसार यह उद्योग



विधायक के पैतृक ग्राम ठाठजट में स्थापित किया गया है। इससे क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ-साथ स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से रोजगार की तलाश में भटक रहे युवाओं के लिए यह पहल एक बड़ी उम्मीद बनकर सामने आई है। यदि उद्योग सुचारू रूप से संचालित होता है, तो धामपुर विधानसभा क्षेत्र के हजारों युवाओं को रोजगार मिल सकता है। जिससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति में भी सुधार आएगा। इस पहल को क्षेत्रवासियों ने धामपुर के लिए गर्व और खुशी का विषय बताया है। लोगों का मानना है कि इस तरह के औद्योगिक निवेश से न केवल क्षेत्र का विकास होगा, बल्कि धामपुर प्रदेश के विकास मानचित्र पर और मजबूती से उभरकर सामने आएगा।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

'शाह टाइम्स'

की शत-प्रतिशत गारंटी

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

मोबाइल नम्बर:- 9927777377

samiullah.bijnor@gmail.com

# गन्ना छील रही महिला पर गुलदार का हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** गन्ना छील रही महिला पर अचानक गुलदार ने हमला कर उसे घायल कर दिया।

ग्राम हिदायतपुर निवासी राजो देवी पत्नी होरी सिंह ग्राम के ही सुबोध चौहान के खेत में अन्य महिलाओं के साथ गन्ना छिलाई करने गई थी। इसी दौरान घात लगाए बैठे गुलदार ने पीछे से हमला कर महिला की गर्दन पर अपने नुकीले नाखूनों से वार कर दिया। महिला की चीख-पुकार सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे ग्रामीण मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों के शोर मचाने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। इसके बाद परिजनों व ग्रामीणों की मदद से घायल महिला को तत्काल

### सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती कराया

नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां उसका उपचार चल रहा है। घटना के बाद ग्राम और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को शीघ्र पकड़ने और क्षेत्र में गश्त बढ़ाने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक लगाई जा सके। सूचना मिलते ही नगीना रेंज के वन दरोगा सत्यवीर सिंह व विवेक चौधरी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। वन विभाग द्वारा गुलदार को पकड़ने के लिए क्षेत्र में पिंजरा लगाया गया है।

# जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

## छूटे लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड जल्द बनाने के निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह की अध्यक्षता में आज कलक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

मुख्य विकास अधिकारी ने छूटे हुए लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड जल्द से जल्द बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि आयुष्मान कार्ड बनाने में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि पात्र व्यक्ति का ही आयुष्मान कार्ड बने, किसी भी दशा में अपात्र व्यक्ति का कार्ड न बनने पाए। इस बात का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि सी.एच.ओ. के लंबित भुगतान की समीक्षा कर तत्काल निस्तारण कराया जाए तथा भविष्य में भुगतान में किसी प्रकार की देरी न हो। उन्होंने कहा कि कार्य के अनुरूप प्रोत्साहन आधारित भुगतान भी निर्धारित मानकों के अनुसार देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि



शून्य से पांच वर्ष तक के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनसामान्य को उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग का मुख्य कार्य हैं। अतः सभी स्वास्थ्य अधिकारी पूर्ण मानक एवं गुणवत्तापूर्ण आमजन को स्वस्थ लाभ उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला चिकित्सालय सहित जनपद के सभी सीएचसी/पीएचसी में आधारभूत सुविधाओं में यदि कोई कमी है तो उसे तत्काल सुधारने की दिशा में कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा करना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान उन्होंने चिकित्सालयों में सभी जीवन रक्षक दवाओं की उपलब्धता के साथ-साथ एन्टी स्नेक के इंजेक्शन उपलब्धता, आशाओं का भुगतान, आयुष्मान भारत योजना के तहत बनाए जाने वाले आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री जननी सुरक्षा योजना में लाभार्थी का भुगतान की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य अधिकारियों को सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं को पूर्ण मानक के अनुसार क्रियान्वित करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कौशलेंद्र सिंह सहित सभी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी तथा एमओआईसी मौजूद थे।

# नई जगह पर सजी सब्जी मंडी

## कारोबार पटरी पर लौटा, किसानों और आढ़तियों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** करीब एक सप्ताह तक बंद रहने के बाद जैसे ही सब्जी मंडी को नई जगह पर लगाया गया। किसानों और आढ़तियों के चेहरों पर खुशी साफ नजर आई। नई जगह पर मंडी शुरू होने से कारोबार फिर से पटरी पर लौटता दिखाई दिया और बाजार में रौनक बढ़ गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आढ़तियों ने पुरानी जगह से कुछ दूरी पर ईंट भट्टे के पास मुख्य मार्ग से हटकर अस्थायी रूप से मंडी लगाकर सब्जियों की बिक्री शुरू कर दी। इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में सहूलियत मिली और व्यापारियों को भी राहत मिली, हालांकि मंडी के इस नए स्थान को लेकर प्रशासन पूरी तरह संतुष्ट नजर नहीं आ रहा है। मंडी समिति के सचिव अभिषेक शर्मा ने



स्पष्ट किया कि यह स्थान नियमों के अनुरूप नहीं है। इसलिए यहां स्थायी रूप से मंडी संचालन की अनुमति नहीं दी जा सकती। प्रशासन द्वारा इस पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। वहीं आढ़तियों का कहना है कि वे नए स्थान के लिए लाइसेंस बनवाने की प्रक्रिया में जुटे हुए हैं।

फिलहाल मंडी शुरू होने से सभी को कुछ राहत जरूर मिली है, लेकिन प्रशासनिक अनुमति के अभाव में भविष्य को लेकर स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। अब सभी की नजर प्रशासन के अगले कदम पर टिकी हुई है। जिससे तय होगा कि मंडी का संचालन आगे किस स्थान पर और किन नियमों के तहत किया जाएगा।

# जल निगम परियोजना में बाधा डालने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में चल रही जल निगम परियोजना के कार्यों में बाधा उत्पन्न करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में एक कंपनी प्रतिनिधि द्वारा थाना धामपुर में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, विट्रो सेलेनााइड लिमिटेड-गंगा इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड (संयुक्त उपक्रम) के वरिष्ठ महाप्रबंधक ने पुलिस को दी गई। शिकायत में बताया कि उनकी संस्था द्वारा जल निगम परियोजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि कुछ स्थानों पर कार्य के दौरान एक व्यक्ति द्वारा बार-बार मौके पर पहुंचकर कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। इससे न केवल निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है, बल्कि परियोजना

### कंपनी प्रतिनिधि ने दर्ज कराई एफआईआर

की प्रगति पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। कंपनी प्रतिनिधि का कहना है कि इस प्रकार की गतिविधियों से सरकारी कार्यों में व्यवधान उत्पन्न हो रहा है, जिससे विकास कार्यों की गति धीमी पड़ रही है। उन्होंने पुलिस से संबंधित व्यक्ति के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने और कार्य को सुचारु रूप से संचालित कराने के लिए सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए नई सराय निवासी अब्दुल नाजिश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है। इस प्रकरण की जांच उप निरीक्षक प्रदीप कुमार को सौंपी गई है।

# ग्राम प्रधानों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

## टीबी मुक्त अभियान में सराहनीय सहयोग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** डीएम जसजीत कौर के निर्देशों के अनुपालन में सीडीओ अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में टी.बी. मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किए जाने योग्य पाई गई ग्राम पंचायतों के प्रधानों को सम्मानित किया।

प्राप्त समाचार के अनुसार सीडीओ रणविजय सिंह ने उपस्थित संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधानों को संबोधित करते हुए कहा कि टी.बी. एक गंभीर चुनौती है, लेकिन आपकी भागीदारी और सजगता से इसे जड़ से मिटाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि टी.बी. उन्मूलन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है और ग्राम पंचायतों की सक्रिय भागीदारी से ही



इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होंने सम्मानित होने वाले ग्राम प्रधानों की सराहना करते हुए कहा, ग्राम प्रधानों ने स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने गांव में टी.बी. रोगियों की पहचान, समय पर उपचार और पोषण सहायता सुनिश्चित करने में जो भूमिका निभाई है, वह अन्य पंचायतों के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने अन्य सभी ग्राम पंचायतों से अपील की कि वे इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और अपने क्षेत्र को टी.बी. मुक्त बनाने में सहयोग करें। इस दौरान सीडीओ द्वारा संबंधित ग्राम पंचायतों के प्रधानों को प्रशस्ति पत्र और महात्मा गांधी की प्रतिमा प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर सीएमओ डा. कौशलेंद्र सिंह सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों मौजूद थे।

# पुराना धामपुर कांड का मुख्य आरोपी शोएब पुलिस रिमांड पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर से सटे ग्राम पुराना धामपुर में 13 मार्च की रात हुई तोड़फोड़, फायरिंग और चोरी की सनसनीखेज घटना में पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। मामले के मुख्य आरोपी शोएब को पुलिस ने मंगलवार को छह घंटे की रिमांड पर लेकर महत्वपूर्ण बरामदगी की है।

पुलिस के अनुसार, रिमांड के दौरान आरोपी को उसके घर ले जाया गया, जहां उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक छुरा, लोहे का सब्बल तथा 3200 रुपए नगद बरामद किए गए। बरामदगी के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया

### हथियार और नकदी बरामद

गया।

गौरतलब है कि 13 मार्च की रात आरोपी शोएब ने आरएसएस के जिला कार्यवाह विपिन कुमार और उनके पड़ोसी अमित कुमार के घर में घुसकर तोड़फोड़ की थी। बताया गया कि अमित कुमार अपने घर में पंजाब नेशनल बैंक का जनसेवा केंद्र संचालित करते हैं। आरोपी ने वहां से करीब पौने पांच लाख रुपये नकद और जेवरात चोरी कर लिए थे।

घटना के दौरान आरोपी ने पुलिस के पहुंचने पर भी आक्रामक रुख अपनाते हुए गमले फेंककर हमला किया था। हालांकि, काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे मौके से ही गिरफ्तार कर लिया था। घटना के कुछ दिन बाद पुलिस ने आरोपी के घर की छत से चोरी किए गए जेवरात और अन्य सामान भी बरामद किए थे। अब रिमांड के दौरान हुई नई बरामदगी से मामले में और साक्ष्य जुटाने में मदद मिली है। कोतवाली प्रभारी मृदुल कुमार ने बताया कि न्यायालय से अनुमति मिलने के बाद आरोपी से रिमांड पर पूछताछ की गई, जिसमें कई अहम जानकारियां सामने आई हैं। पुलिस मामले की आगे भी गहन जांच कर रही है।

# फिरोजपुर-मंडोरी मार्ग कीचड़ से भरा, ग्रामीणों को परेशानी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** फिरोजपुर से नहटौर मंडोरी लिंक मार्ग को जोड़ने वाला लगभग एक किलोमीटर लंबा लिंक मार्ग बदहाली का शिकार है। यह कच्चा रास्ता बारिश के बाद दलदल में बदल जाता है, जिससे ग्रामीणों और किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि सामान्य दिनों में भी यह कीचड़ से भरा रहता है। हाल ही में वायरल हुई तस्वीरों में गन्ने से लदी एक ट्राली को बीच रास्ते में गहरे कीचड़ में पलटते हुए देखा गया, जिससे किसानों को अपनी फसल बचाने के लिए संघर्ष करना पड़ा। भारी वाहनों का गुजरना तो दूर, राहगीरों के लिए पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।

प्राप्त समाचार के अनपुसार इस मार्ग की खराब हालत का सीधा असर किसानों पर पड़ रहा है। उन्हें अपनी फसल, विशेषकर गन्ना, मंडी या कोल्हू तक ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। वाहन अक्सर कीचड़ में फंस जाते हैं, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रभावित हो रही हैं। कीचड़ भरे रास्ते के कारण बच्चों को स्कूल जाने में परेशानी होती है, जलभराव और गहरे गड्ढों के कारण आए दिन वाहन पलटने से दपुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। ग्रामीण विरेंद्र कुमार, दीपक कुमार, सूरज कुमार, नरेंद्र कुमार, अंकित कुमार, अक्षय कुमार और संजय कुमार शामिल हैं, ने बताया कि वे इस समस्या को लेकर कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग से शिकायत कर चुके हैं। हालांकि, उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही इस मार्ग का निर्माण नहीं कराया गया, तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

इस संबंध में बीडीओ प्रताप सिंह ने कहा है कि मामले की जांच के लिए एक टीम भेजी जाएगी और रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी।

## प्राथमिक विद्यालय में बच्चों का विदाई समारोह धूमधाम के साथ मनाया

**नजीबाबाद।** प्राथमिक विद्यालय मौहम्मद अलीपुर द्वारका में कक्षा 5 के मेधावी छात्र-छात्राओं का विदाई समारोह धूमधाम से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता के सामने दीप प्रज्वलन करके हुआ। प्रभारी प्रधानाध्यापक दीपक महेंद्रा ने बच्चों को सम्मानित करते हुए कहा कि ये बच्चे विद्यालय की शान हैं और उच्च कक्षाओं में नई ऊंचाइयों को छूएंगें। कार्यक्रम में निधि खुराना सहायक अध्यापिका के निर्देशन में बच्चों ने सुंदर गीत, नृत्य और कविताओं की प्रस्तुतियां दीं, जो दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गईं। कार्यक्रम का संचालन दिनेश कुमार सहायक अध्यापक द्वारा किया गया। अभिभावकों ने आभार व्यक्त करते हुए शिक्षकों की मेहनत की सराहना की। प्रत्येक बच्चे को स्मृति चिन्ह, प्रमाण-पत्र भेंट की गई। यह समारोह स्कूल परिवार के लिए अविस्मरणीय रहा। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकत्री शिखा चौधरी, आंगनवाड़ी सहायिका बृजेश कुमारी, कुसुम रिंकी धर्मवती विपिन कुमार और लाल सिंह आदि उपस्थित रहे।



# नामित सभासदों को दिलाई शपथ

## अध्यक्ष शान भी रहे मौजूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडावर।** शासन द्वारा नामित तीनों सभासदों को अधिशासी अधिकारी रामाश्रय द्वारा शपथ दिलाई गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पंचायत कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। शासन द्वारा नामित किए गए सभासद प्रिंस विलियन, कैलाश कश्यप व सौरभ कर्णवाल को शपथ दिलाई गई। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष मौहम्मद आस्फि शान ने नामित सभासदों से नगर पंचायत क्षेत्र की विकास कार्य की योजनाओं में सहयोग करने की अपील करते हुए कहा कि कस्बे के विकास में पक्ष व विपक्ष को एक साथ



रहकर विकास को आगे बढ़ाना है। सर्वसम्मति से बोर्ड की बैठक में एकत्रित होकर विकास कार्यो की गति को बढ़ाना है।

भाजपा नेता व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी मौहम्मद अजमल उमर ने कहा कि अब नगर पंचायत में छह सभासद भाजपा के है। हम उम्मीद करते है कि इन सभासदों को नगर पंचायत में पूरा सम्मान मिलेगा तथा विकास कार्य तेजी के साथ होंगे। शासन द्वारा बनाए गए नामित सभासद में दो भाजपा व एक सभासद लोकदल खाते से बनाया गया।

इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज अहलावत, जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजीव राजपूत, पूर्व सभासद संजय पुष्पक, शहजाद अहमद सिद्दीकी, निमित अग्रवाल, रॉबिन विलियन, शाकिर कुरैशी, विनीत अग्रवाल, सभासद मूला मुकीम, महेश कश्यप, धीर सिंह, अनिल कुमार, दिनेश पुष्पक आसिफ मकरानी, आसिफ तुर्क, गुल्लू कुरैशी, काला कुरैशी, हसनैन कुरैशी, ताजिम मिर्जा, रानू कर्णवाल, प्रेम कुमार विलियम आदि मौजूद रहे।

### सभी खुश दिखाई दिए

**मंडावर।** नामित सभासदों के शपथ समारोह में पक्ष व विपक्ष खुश दिखाई दिए। मौजूदा चेयरमैन मौहम्मद आसिफ शान ने विपक्ष में मौजूद भाजपा नेता व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के पूर्व प्रत्याशी मौ अजमल उमर के गले में गजरा डाल कर उन्हें सम्मानित किया।

## एक नजर

### ज्यादा शराब पीने से मौत



**अफजलगढ़।** ग्राम जिकरीवाला के समीप स्थित मैरिज हाल में एक बारात सूरजन नगर से आई हुई थी। बारात में निर्मल सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी सुरजन नगर, ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद) भी अपने पुत्र के साथ आए हुए थे। बताया जा रहा है कि शादी समारोह के दौरान उन्होंने अत्यधिक शराब का सेवन कर लिया। जिससे वह नशे में अचेत हो गए। उनका पुत्र विवेक कुमार पिता की देखभाल करने के बजाय उन्हें बारात की बस में ही छोड़कर समारोह में चला गया। काफी देर तक बस में पड़े रहने के कारण उनकी हालत लगातार बिगड़ती रही। बाद में जब बारातियों की नजर उन पर पड़ी, तो सूचना दी गई। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी। निर्मल सिंह की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र में हो रही शादियों में जमकर शराब पी जा रही है। शराब पीकर बाराती गलत हरकत करते हैं। जिसे लेकर विवाद हो जाता है। रात को सड़कों पर जब बारात चढ़ती है, तो बाराती शराब के नशे में डांस करते हैं। जिससे सड़कों पर चलने वालों को परेशानी होती है।

### भीम आर्मी जिलाध्यक्ष का स्वागत



**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रशांत महा. सागर का आसपा जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर के निवास पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर पार्टी को मजबूत करने, सर्वसमाज को एक मंच पर लाने और सांसद चंद्रशेखर आजाद के विचारों और उनके संघर्ष को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कार्य करने का संकल्प लिया गया। प्रशांत सागर ने कहा कि हमारी पार्टी पूरे देश में गरीबों, मजलूमों, दबे-कुचले, शोषित समाज के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। हम जनपद में पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए डोर टू डोर कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर शहाब. ुद्दीन जिला प्रभारी असपा, विधानसभा प्रभारी नजीबाबाद, नवीन कुमार जिला सचिव (भीम आर्मी), दिलशाद अहमद ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पार्टी को बूथ स्तर से लेकर विधानसभा, जिला स्तर तक मजबूत करने का कार्य करने की अपील की। इससे पहले आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी पार्टी पदाधिकारी का जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर की ओर से उनके निवास पहुं. चने पर भीम आर्मी जिला अध्यक्ष प्रशांत महासागर का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आगामी जिला पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर गहनता से चर्चा की। इस मौके पर नसीमुद्दीन मनिहार, मौहम्मद चांद, सरवर उर्फ जोंटी, डा. अतिकुर रहमान, याहिया मुराद आदि मौजूद रहे।

### पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ



**नहटौर।** नहटौर स्थित प्रसिद्ध चामुंडा धाम पर चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में पांच दिवसीय मेले का शुभारंभ हो गया है। बीती रात्रि आयोजित एक कार्यक्रम में सभासद मुकेश कुमार गुप्ता ने फीता काटकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। उद्घाटन के पश्चात जनसमूह को संबोधित करते हुए मुक. ेश कुमार गुप्ता ने कहा कि धार्मिक आयोजन केवल श्रद्धा का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक भी हैं। उन्होंने सभी से मिलकर हर धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया, क्योंकि यह समाज को जोड़ता है और आने वाली पीढ़ियों को परंपराओं से परिचित कराता है। माता रानी की महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि मां की पूजा-अर्चना से न केवल आत्मिक शांति मिलती है, बल्कि उनके आशीर्वाद से जीवन के कठिन मार्ग भी सुगम हो जाते हैं। उन्होंने क्षेत्रवासियों से सपरिवार मेले का आनंद लेने की अपील की। मेला आयोजन समिति की ओर से मेला अध्यक्ष लखपत सैनी ने मुकेश गुप्ता और होली समिति के अध्यक्ष ऋषभ जैन का स्वागत किया। समिति द्वारा अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किए गए और फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया गया। यह मेला आगामी पांच दिनों तक चलेगा। नवरात्रि के अवसर पर मंदिर परिसर में विशेष पूजा-अर्चना और माता के जयकारों की गूँज बनी हुई है। उद्घाटन समारोह में भारी संख्या में स्थानीय गणमान्य नागरिक और श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस मौके पर विनीता शर्मा, अर्पित कुमार गुप्ता एड., पंकज जैन बिट्टू, अमन अग्रवाल गोलू, तेजपाल सैनी, अरविंद जोशी, सुंदर सैनी, पंकज जोशी, महेंद्र सैनी, वीरेंद्र सैनी, चंदू सैनी, सुनील सैनी, नरेश सैनी, राजेश सैनी, मगन सैनी और सतीश सैनी सहित भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

### डा. राम मनोहर लोहिया की जयंती मनाई

**नजीबाबाद।** महान समाजवादी विचारक एवं स्वतंत्रता सेनानी डा. राममनोहर लोहिया की जयंती नगर के मौहल्ला जाब्तागंज स्थित अधिवक्ता सभा के प्रदेश सचिव वीरेंद्र यादव के आवास पर श्रद्धा के साथ मनाई गई। जिसमें समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला महासचिव सय्यद मुनव्वर अली मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। इस मौके पर केक काटकर जयंती मनाते हुए डक्क राममनोहर लोहिया के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। मुनव्वर अली ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डा. लोहिया भारतीय राजनीति के ऐसे महान नेता थे, जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों के अधिकारों के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि डा. लोहिया केवल एक राजनेता ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी चिंतक न्न सच्चे समाज सुधारक भी थे। उनका जन्म 23 मार्च 1910 को हुआ था, बचपन से ही उनमें देशभक्ति की भावना प्रबल थी। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भूमिका निभाई व अंग्रेजों के खिलाफ कई आंदोलनों का नेतृत्व किया। सय्यद मुनव्वर अली ने आगे कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के नेतृत्व में पार्टी आज भी डा. लोहिया की विचारधारा पर चल रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि वर्ष 2027 में उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत के साथ समाजवादी पार्टी की सरकार बनने जा रही है।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा भाई सद्दाम व उसकी पत्नी सबीना आए दिन मेरे साथ गाली-गलौच व मारपीट करते हैं। वह रिश्तेदारों व मेरे मिलने वालों से रुपए उधार मांगता है। मना करने पर बदतमीजी व मारपीट करता है। जिस कारण पड़ौस में रहने वालों का जीना दूभर हो गया है। मैं अपने भाई व उसकी पत्नी की हरकतों से तंग आ चुका हूं। मैंने इन दोनों से सभी तरह के सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। इन दोनों के किसी भी कार्य व लेन-देन का मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा।

**अफजाल अहमद पुत्र स्व. मुर्तुजा अहमद, निवासी ग्राम सोतखेड़ी, थाना हल्दौर, जनपद-बिजनौर।**

# धामपुर में आवारा कुत्तों का आतंक

## कुत्तों के झुंड ने घर में घुसकर 6 बकरों को मौत के घाट उतारा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला बंदूकचियान में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। देर रात आवारा कुत्तों के झुंड ने एक घर में बंधे बकरों पर हमला कर दिया। जिसमें आधा दर्जन से अधिक बकरों की मौत हो गई। घटना से मौहल्ले में हड़कंप मचा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला बंदूकचियान निवासी रानू ने काफी समय से बकरे पाले हुए थे। ईद के मौके पर इन्हीं बकरों के सहारे परिवार में खुशियां आने की उम्मीद थी, लेकिन अचानक हुए इस हमले ने सारी उम्मीदों को खत्म कर दिया। बताया जाता है कि रात के समय कुत्तों का झुंड घर में घुस आया और बंधे हुए बकरों को अपना निशाना बना लिया।

सुबह जब घटना की जानकारी आसपास के लोगों को हुई, तो मौके पर भीड़ जमा हो गई। मृत पड़े बकरों को देखकर लोगों में आक्रोश और दुख दोनों देखने को मिला। पीड़ित परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे मौहल्ले में शोक का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय निवासियों का कहना है कि क्षेत्र में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इससे पहले भी कई बार ऐसे हमले हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। लोगों ने बताया कि अब हालात इतने खराब हो चुके हैं कि बच्चे घरों से बाहर निकलने में भी डर महसूस करते हैं।

घटना के बाद मौहल्ले में दहशत का माहौल है। स्थानीय नागरिकों ने पालिका प्रशासन से मांग की है कि आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए तत्काल अभियान चलाया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके और लोगों को राहत मिल सके।

# विश्व टीबी दिवस पर शिक्षकों की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** ब्लॉक संसाधन केंद्र पर विश्व क्षय रोग दिवस के मौके पर ब्लॉक संसाधन केंद्र धामपुर एवं अल्हैपुर ब्लॉक के समस्त सरकारी शिक्षकों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में कक्षा एक से आठ तक के अध्यापकों को धामपुर से आए वरिष्ठ रोग प्रयोगशाला प्रवेशक, विकास डाबर द्वारा क्षय रोग (टीबी) के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों को बताया गया कि टीबी कैसे फैलती है, इसके प्रमुख लक्षण क्या हैं तथा इसके प्रभावी उपचार और उपलब्ध दवाओं के बारे में विस्तार से समझाया गया।

कार्यक्रम में वैक्सीनेशन के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। जिसमें विशेष रूप से एचपीवी वैक्सीनेशन के बारे में जानकारी दी गई। यह टीकाकरण 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुकी बालिकाओं को दिया जाएगा। जिससे भविष्य में कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव हो सके। सभी शिक्षकों से अपील की गई कि वे अपने-अपने विद्यालयों एवं समाज में स्वास्थ्य जागरुकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभाएं। अध्यापक-अध्यापिकाओं हीमलता, हिमानी रानी, प्रियांका, नेहा, अशोक गुप्ता, रजनी बाला, ज्योति रानी, गुरदेव सिंह, संदीप कुमार, संतोष कुमार, नवनीत सिंह, चेतन कुमार, मंजू सिंह किरण रानी चित्र हेमलता सुरेंद्र सिंह माला सुचित्रा रचना आदि ने ट्रेनिंग ली।

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक की मौत



**नांगल सोती।** ग्राम रायपुर खास निवासी गुलबहार (18 वर्ष) बीती शाम बाइक से नहर पटरी मार्ग होता हुआ भागूवाला जा रहा था। काशीरामपुर के समीप उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण युवक बेहोश हो गया। परिजन उपचार के लिए उसे को नजीबाबाद एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए। जहां चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मंडावली पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा भरकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने शव को सुपुर्द ए खाक कर दिया।

### मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम



**रायपुर सादात।** उत्तर प्रदेश सरकार के मिशन शक्ति अभियान 5.2 के तहत बढ़ापुर थाना क्षेत्र के सदरपुर छायली स्थित सत्य सरस्वती विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं और उनकी उपयोगिता के बारे में जागरूक करना था। कार्यक्रम में छात्राओं को सामूहिक विवाह, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, छात्रवृत्ति, कन्या सुमंगला, मातृ वंदना, मुख्यमंत्री आवास और प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं से महिलाएं और बालिकाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं और अपना जीवन स्तर सुधार सकती हैं। इसके अतिरिक्त, विभिन्न आपातकालीन और सहायता सेवाओं के टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी साझा की गई। इनमें 1090 (महिला हेल्पलाइन), 1930 (साइबर क्राइम), 112 (पुलिस), 108 (एंबुलेंस), 102 (गर्भवती महिलाओं/नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस), 101 (अग्निशमन), 1076 (मुख्यमंत्री हेल्पलाइन) और 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन) शामिल थे। छात्राओं को इन सेवाओं का सही समय पर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बालिकाओं को उनकी सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए 'गुड टच' और 'बैड टच' के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें किसी भी असहज स्थिति में तुरंत अभिभावकों, शिक्षकों या संबंधित हेल्पलाइन नंबरों से संपर्क करने की सलाह दी गई। जागरूकता बढ़ाने के लिए छात्राओं को पम्पलेट भी वितरित किए गए। कार्यक्रम के समापन पर छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का संदेश दिया गया। यह पहल महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़



**नजीबाबाद।** चैत्र नवरात्रि के अवसर पर प्राचीन शिव मंदिर मोटा महादेव में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें देखी गई, जहां 'जय माता दी' के जयकारे गूंजते रहे। दिनभर विधि-विधान से पूजन, दुर्गा सप्तशती पाठ, भजन-कीर्तन और विशेष अनुष्ठान किए गए। संध्याकालीन महाआरती के समय श्रद्धालुओं की भीड़ अपने चरम पर पहुंच गई। भक्तों ने माता रानी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्रि के पांचवें दिन स्कंदमाता की विशेष आराधना की गई। चामुंडा मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के पांचवें स्वरूप स्कंदमाता की पूजा करने पहुंचे। मंदिर के मुख्य पुजारी शशि नाथ ने बताया कि नवरात्रि का पांचवां दिन स्कंदमाता को समर्पित है। चामुंडा मंदिर के पुजारी सोमनाथ शर्मा ने जानकारी दी कि देवी मां का यह स्वरूप नारी शक्ति और मातृ शक्ति का प्रतीक है। स्कंद कुमार की माता होने के कारण इन्हें स्कंदमाता कहा जाता है। सनातन संस्कृति में शंकर और पार्वती के विवाह को एक महत्वपूर्ण घटना माना जाता है, जिससे कन्यादान और गर्भधारण की परंपरा का आरंभ हुआ। इस पावन अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नगर सहित सभी माता के मंदिरों में पुलिस पिकेट तैनात की गई थी।

### राहतपुर खुर्द में बिजली घर का विरोध



**मंडावली।** थाना क्षेत्र के ग्राम राहतपुर खुर्द के निवासियों ने ग्राम प्रधान मुस्तफा अहमद के नेतृत्व में जिलाधिकारी जसजीत कौर को एक ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन खसरा नंबर 189 पर प्रस्तावित बिजली घर के निर्माण के विरोध में दिया गया है। ग्रामीणों का तर्क है कि खसरा नंबर 189 पर बिजली घर बनने से किसानों को भारी नुकसान होगा। उनके खेतों के ऊपर से बिजली के तार गुजरेंगे, जिससे कृषि कार्य में बाधा आएगी और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ेगा। ग्रामीणों ने इस स्थान पर बिजली घर के निर्माण को रोकने की मांग की है। ग्राम प्रधान मुस्तफा अहमद ने बताया कि ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी महोदया को ज्ञापन दिया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जिलाधिकारी इस समस्या का शीघ्र निवारण करेंगी। ग्राम प्रधान ने आगे कहा कि यदि यह बिजली घर यहां बनता है, तो ग्रामीणों को खेतों में काम करने और आने-जाने में भी परेशानी होगी। बिजली के तार किसी भी समय दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। इस दौरान ग्राम प्रधान के साथ बबीता, गंगाराम, इमरान, अनीस, सचिन कुमार, नौशाद, अब्दुल्ला और राहतपुर के पूर्व प्रधान टेकचंद सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।

### सालाना मजलिसों का आयोजन 27 से

**हल्दौर।** एलिया एजुकेशन चैरटेबिल वैलफेयर सोसाइटी द्वारा ग्राम छजुपुरा सादात स्थित दरगाहे आलिया हजरत फातेमातुज्जहरा (स.अ.) में आयोजित होने वाली तीन दिवसीय सालाना मजलिसों का आयोजन 27 मार्च से 29 मार्च तक किया जाएगा।गौरतलब है कि दरगाहे आलिया फातेमातुज्जहरा में जनपद ही नहीं बल्कि देशभर के दूर-दराज क्षेत्रों से जायरीन शिरकत करने आते हैं और बीबी की दरगाह पर चादर चढ़ाकर मन्नतें मांगते हैं। ऐसी आस्था है कि इस दरगाह पर सच्चे और स्वच्छ मन से मांगी गई। मानव हित की हर मन्नत पूरी होती है। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी शाही वास्ती ने बताया कि इस वर्ष मजलिसों को मौलाना बिलाल काजमी, मौलाना हैदर मैहदी, मौलाना मैहदी अब्बास, मौलाना गजन्फर अब्बास तूसी, मौलाना कमर सुल्तान, मौलाना कलबे रुशैद, मौलाना गुलज़ार जाफरी, मौलाना जावेद आब्दी, मौलाना अशरफ अली गरवी, मौलाना अजादार हुसैन, मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास आदि उलेमा व जाकेरिन संबोधित करेंगे।

# अपराध सहना नहीं कहना है: मुन्नी राठी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत उपनिरीक्षक मुन्नी राठी, महिला हैड कांस्टेबल संगीता व महिला कांस्टेबल रेनू राठी के द्वारा ग्राम छाछरी टीप स्थित किसान इंटर कालेज में महिलाओं व बालिकाओं को इकट्ठा कर उन्हें सरकार द्वारा चलाए गए अभियान व हेल्पलाइन नंबरों 181, 1090, 112, 102, 108, 1098, 1930 आदि के बारे में जागरुक किया गया तथा विस्तृत जानकारी दी गई।

उपनिरीक्षक मुन्नी राठी ने छात्राओं से दोस्ताना व्यवहार करते हुए उन्हें न केवल अपना नंबर उपलब्ध कराया, बल्कि यकीन दिलाया कि वह और स्थानीय पुलिस उनकी सुरक्षा और सम्मान के लिए हमेशा तत्पर है। इसलिए किसी भी अपराध को सहना नहीं बल्कि पुलिस से कहना है। इसीलिए किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करें। साथ ही एसआई मुन्नी राठी ने अपने आस पास के माहौल और गतिविधियों पर भी हमेशा नजर रखने की सलाह दी। जिसके चलते न केवल स्वयं सुरक्षित रह सकेंगे बल्कि पुलिस को सूचित कर बड़ा अपराध होने से भी बचा सकेंगे।

# शहीद मेले के अंतिम दिन मशाल जुलूस निकाला

## युवाओं ने सरदार भगत सिंह के आदर्शों पर चलने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** नौजवान भारत सभा और स्त्री मुक्ति लीग द्वारा आयोजित शहीद मेला के अंतिम दिन जोशीले नारों के साथ विशाल मशाल जुलूस निकाला गया। नारों में 'भगत सिंह तुम ज़िन्दा हो, हम सबके संकल्पों में', 'भगत सिंह का जो ख्वाब अधूरा, इसी सदी में होगा पूरा।

मशाल जुलूस के बाद नौजवान भारत सभा के अपूर्व ने युवाओं को सच्चाई, न्याय और ईमानदारी के रास्ते पर चलने, जाति-धर्म में न बंट कर मिलजुल कर संघर्ष करने की शपथ दिलाई। सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी हेमेंद्र सिंह ने संकल्प सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि, शहीदों की शहादत का दिन हमारे लिए शोक का नहीं बल्कि गर्व का दिन है। ये दिन साहस, दृढ़ता और कुर्बानी की भावना को जगाने का दिन है ताकि हम अपने शहीदों के सपनों के भारत का निर्माण कर सकें।

स्त्री मुक्ति लीग की कविता कृष्णपल्ल्वी ने कहा कि, भगत सिंह जिस समतामूलक समाज की स्थापना करना चाहते थे। उस समाज को बनाने का जिम्मा आज की युवा पीढ़ी के कंधों पर है। किसी भी देश में क्रांतिकारी बदलाव का रास्ता हमेशा नौजवानों के गर्म खून से लथपथ होता है। हमारे देश की मिट्टी इतनी भी बंजर नहीं है, जो क्रांतिकारियों को जन्म ही न दे सके। देश के नौजवान अपने शहीदों के भारत का निर्माण करके रहेंगे।

सभा को नौजवान भारत सभा के प्रदीप गोस्वामी ने भी सम्बोधित किया। विशाल मशाल जुलूस में अपूर्व मालवीय, कविता कृष्णपल्लवी, गीतिका, रामाधार, शिवा, गणेश कुमार, राजू, आशीष, मुकेश, गिरीश, संजीत, राकेश, मोती, भाकियू से ज्ञान सिंह, रोहित, राहुल, प्रमोद, मनोज शर्मा, बिट्टू पहलवान, जनेश, अमित अग्रवाल, जाकिर अहमद, शिक्षक कृष्ण कुमार, राजकमल, शुभम, आजाद, विवेक दीप, शांति, यश, अचिंत, विनीत, जोगेंद्र, हर्ष, नीटू, आयुष, लक्की, भूरे, आरुष, योगेश गोस्वामी, अजय बालियन गुट्टू, नौबहार, संजीव, देवेंद्र आदि युवाओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। संकल्प सभा के बाद चार्ली चैप्लिन कि 'द मॉडर्न टाइम्स' फ़िल्म दिखाई गई।

# नशीले पदार्थ के साथ महिला गिरफ्तार

## थाना प्रभारी संजय कुमार के नेतृत्व में टीम को मिली सफलता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** अपराध की रोकथाम और नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए एसपी के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत स्योहारा पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के कुशल नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक महिला को प्रतिबंधित नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस द्वारा नियमित चैकिंग एवं संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी के दौरान ग्राम सदाफल निवासी हुसन जहां पत्नी फरियाद को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने महिला के कब्जे से करीब 1.780 किलोग्राम गांजा पत्ती बरामद किया है जो अवैध रूप से बिक्री एवं परिवहन के लिए ले जाया जा रहा था। इस संबंध में थाना स्योहारा पर मुकदमा संख्या 84/2026 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि महिला का पूर्व में भी आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले भी एनडीपीएस एक्ट के मामलों में संलिप्त रही है। पुलिस द्वारा उसके आपराधिक रिकॉर्ड को ध्यान में रखते हुए आगे की गहन जांच की जा रही है, ताकि इस अवैध नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों का भी खुलासा किया जा सके। इस पूरी कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की सक्रियता और नेतृत्व की अहम भूमिका रही। उनके निर्देशन में उपनिरीक्षक उमेश चंद्र, महिला उपनिरीक्षक काजल तेवतिया सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों कांस्टेबल राहुल सुदेश राणा एवं अमित भाटी ने सराहनीय कार्य करते हुए इस सफलता को हासिल किया। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने पूरी टीम के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में अपराध और नशे के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# नामित सदस्यों ने ली शपथ

## विकास कार्यों को गति देने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका में शासन द्वारा नामित सदस्यों का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम स्मृति मिश्रा द्वारा नामित सदस्यों को शपथ दिलाई गई।

एसडीएम ने आशा व्यक्त की कि नामि सदस्य नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। कार्यक्रम में पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने कहा कि पालिका में भाजपा सरकार द्वारा नामित किए गए सदस्य निश्चित रूप से विकास कार्यों में नई ऊर्जा का संचार करेंगे।

उन्होंने सभी सदस्यों से आपसी समन्वय और सहयोग के साथ नगर की समस्याओं के समाधान हेतु कार्य करने का आह्वान किया। इस दौरान ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए पालिका की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि नगर में स्वच्छता, पेयजल, सड़क एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नामित सदस्यों के सहयोग से इन कार्यों को और गति मिलेगी।

शपथ लेने वाले नामित सदस्यों में मनोज भटनागर, सुरेंद्र कुमार अरोड़ा, अमित शर्मा, अरविंद कुमार तथा पंकज सैनी शामिल रहे। सभी सदस्यों ने नगर के सर्वांगीण विकास के लिए पूर्ण निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने का विश्वास दिलाया। उन्होंने कहा कि जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना उनकी प्राथमिकता होगी। वह नगर को स्वच्छ सुंदर एवं विकसित बनाने में अपना पूर्ण योगदान देंगे।

कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला और उपस्थित लोगों ने सभी नामित सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर शिक्षकों का प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बीआरसी बगवाड़ा में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं दस्तक अभियान को सफल बनाने के उद्देश्य से शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता बीडीओ दिनेश कुमार ने की। प्रशिक्षण के दौरान सीएचसी अधीक्षक डा. बीके स्नेही ने बताया विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक तथा दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह अभियान वर्ष में तीन बार अप्रैल, जुलाई और अक्टूबर में संचालित किया जाता है। जिसकी नियमित समीक्षा डीएम द्वारा की जाती है। डा. स्नेही ने शिक्षकों से अपील की कि वे अभिभावकों और विद्यार्थियों को वेक्टर जनित रोगों, दिमागी बुखार, जल जनित एवं मौसम संबंधी बीमारियों से बचाव के प्रति जागरुक करें। साथ ही सुरक्षित पेयजल, शौचालय के उपयोग, हाथ धोने की आदत और बुखार होने पर उचित उपचार की जानकारी देने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण में यह भी निर्देश दिए गए कि विद्यालयों में अनुपस्थित बीमार बच्चों की सूचना तुरंत सीएचसी को दी जाए तथा विभिन्न गतिविधियों जैसे पोस्टर वाद- विवाद, क्विज और निबंध प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जागरुक किया जाए। इस मौके पर सीएचसी स्योहारा से हेल्थ सुपरवाइजर राजेश कुमार वीर सिंह डा. राकेश कुमार सहित विभिन्न विद्यालयों के नोडल शिक्षक मौजूद रहे।

# विश्व टीबी दिवस पर विवेक विवि में कार्यक्रम

## समय पर पहचान और पूरा इलाज टीबी पर नियंत्रण की कुंजी





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** 'सही समय पर सही पहचान और पूरा उपचार ही टीबी को पूरी तरह ठीक करने का सबसे प्रभावी तरीका है,' यह बात विवेक विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग द्वारा कॉम्पोजिट स्कूल अगरी में विश्व टीबी दिवस पर आयोजित जागरुकता कार्यक्रम के दौरान कही गई।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को टीबी तथा इसके बढ़ते खतरे के प्रति जागरुक करना था। इस मौके पर टीबी के विभिन्न प्रकारों जैसे पल्मोनरी टीबी (फेफड़ों का टीबी) और एक्स्ट्रापल्मोनरी टीबी (शरीर के अन्य अंगों का टीबी) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। सूक्ष्म जीवविज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट टीबी (MDR-TB) और एक्सटेंसिवली ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी (XDR-TB) के बढ़ते मामलों पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि अधूरा या गलत उपचार इसके मुख्य कारण हैं। कार्यक्रम की शुरुआत कुलपति प्रो. नरेश कुमार गुप्ता, निदेशक (वित्त) अनिल कुमार शर्मा एवं वित्त अधिकारी धर्मेंद्र अग्रवाल द्वारा पोस्टर गैलरी का रिबन काटकर उद्घाटन करने के साथ हुई। इसके पश्चात सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों द्वारा एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें टीबी के प्रति जागरूकता फैलाते हुए यह संदेश दिया गया कि 'सही समय पर जांच और पूरा इलाज ही टीबी को खत्म कर सकता है।' यह प्रस्तुति हास्यपूर्ण होने के साथ-साथ ज्ञानवर्धक भी रही, जिसे उपस्थित सभी लोगों ने सराहा।

इसके बाद अतिथियों ने जागरुकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने गांव में जाकर ग्रामीणों को टीबी के लक्षण, बचाव, उपचार तथा सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उन्हें समय पर जांच एवं पूर्ण उपचार के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में एसोसिएट डीन, स्कूल ऑफ साइंस डा. मीना चौधरी एवं विभाग अध्यक्ष, सूक्ष्मजीव विज्ञान डा. रिदेन सक्सेना का विशेष मार्गदर्शन रहा। कार्यक्रम के संयोजक सहायक प्राध्यापक आदित्य शीरषवाल, फरहा, प्रेरणा राजपूत, आकांक्षा सिंह, नलिन अग्रवाल एवं ऋचा रहे।

# अवसर दिया जाए, तो बच्चे नेतृत्व की भूमिका सफलतापूर्वक निभा सकते हैं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय में निपुण चैम्पियन मेला एवं लेगेसी ट्रांसफर समारोह का भव्य आयोजन किया गया।

ब्लॉक पंवासा के धुरैटा स्थित बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से किया गया। जबकि कार्यक्रम को इन्वॉल्व लर्निंग सॉल्यूशन फाउंडेशन द्वारा संपन्न कराया गया। इन्वॉल्व के प्रतिनिधि पुलकित दोशी ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस पहल का मुख्य लक्ष्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास, जिम्मेदारी और सहयोगात्मक अधिगम की भावना को विकसित करना है। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी पंवासा विनोद कुमार ने कहा कि उन्होंने पहली बार ऐसा कार्यक्रम देखा है, जिसका संचालन और आयोजन विद्यार्थियों द्वारा इतने प्रभावशाली ढंग से किया गया हो। उन्होंने कहा कि यह आयोजन इस बात का सशक्त प्रमाण है कि यदि बच्चों को अवसर, मार्गदर्शन और विश्वास दिया जाए, तो वे न केवल उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, बल्कि नेतृत्व की भूमिका भी सफलतापूर्वक निभा सकते हैं। उन्होने कहा कि यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता तथा सामूहिक सीखने की भावना का उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा। निपुण चैम्पियन मेला ने यह सिद्ध किया कि विद्यालय केवल शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के व्यक्तित्व विकास, सामाजिक जागरूकता और नेतृत्व निर्माण का सशक्त मंच भी है। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन, आयोजन, मंच संचालन तथा विभिन्न प्रस्तुतियाँ विद्यार्थियों द्वारा की गईं। जबकि ब्लॉक क्षेत्र के 17 प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव, वृक्ष लगाओ, जीवन बचाओ सहित अनेक समसामयिक एवं प्रेरणादायी विषयों पर आकर्षक गतिविधियों और प्रस्तुतियों के माध्यम से अपने विचार पेश किए। जबकि एआरपी संजीव कुमार, प्रहलाद, शैलेन्द्र कुमार एवं ओमपाल सिंह समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिकाएँ, शिक्षक एवं टीम इन्वॉल्व के सदस्य मौजूद रहे।



सम्भल। ग्राम धुरैटा के विद्यायल में निपुर्ण कार्यक्रम के सम्मानित बच्चे।

# ईरान सरकार के प्रतिनिधि से मिल हसन आरिफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिरसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर की शहादत का गम शिया समुदाय अभी भी ताजा किए हुए है। दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास में जाकर दुःख व्यक्त करने का सिलसिला भी जारी है।

कस्बे के चौ. हसन आरिफ कई उलेमाओं के सऺथ दूतावास में ईरान सरकार के प्रतिनिधि से मुलाकात कर अमेरिका और इस्राइल के हमलों में रहबर अयातुल्ला सय्यद अली खामेनेई और उसके सऺथ अब तक जंग में शहीद होने वालों पर गहरे दुःख का इज़हार किया और कहा कि हम हमेशा मजलूम के साथ व जालिम के खिलाफ खड़े रहेंगे। हसन आरिफ ने दूतावास में रखी शोक पुस्तिका पर अपने दिल का दःख बयान करते हुए लिखा कि रहबर की शहादत से जो दुःख सदमा पहुंचा उसे बयान नहीं किया जा सकता। ईरानी प्रतिनिधि ने भी रहबर की शहादत के बाद भारत के शियों की हमदर्दी व गम में बराबर शरीक रहने पर उनका शुक्रिया अदा किया।



# ममता राजपूत कलाश्री से सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप बबराला की संचालिका को कलाश्री सम्मान से उत्तराखंड हरिद्वार में सम्मानित किया गया।

इस तीन दिवसीय कार्यशाला शिविर में कलाश्री सम्मान से ममता राजपूत को कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। उन्होंने अपनी कलाकृति की रचना भी की। जिसमें उन्होंने लोक कला प्रतिनिधित्व किया। जो हमारे बीच से कुछ कलाएं विलुप्त होती जा रही है। उन कलाओं को उन्होंने अपनी पेंटिंग में प्रदर्शित किया। इस प्रिंटिंग में साल के सारे त्योहारों को भी दिखाया गया है और जो चित्रकारी हमारे बीच में से छूट रही है। उन चित्रकारियों को प्रमोट करने के लिए लोक कला,



चित्रकला पर काम किया गया। कार्यक्रम में आए हुए देश भर के सभी कलाकारों ने ममता राजपूत की सराहना की। इस अवसर पर पूरे भारत से 40 कलाकारों को प्रत्येक राज्यों से आमंत्रित किया गया। यह कार्यक्रम वाराही फाउंडेशन द्वारा होटल गार्नियर हरिद्वार उत्तराखंड में आयोजित किया गया। सभी कलाकारों को स्मृति चिन्ह प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

## एक नज़र इधर भी

### उन्नीस साल से फरार 15 हज़ार का इनामी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** पुलिस के धर पकड़ अभियान में नखासा कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता हत्थे लगी। पुलिस ने19 साल से फरार चल रहे 15 हजार रूपये के इनामी को धर दबौच लिया।

पुलिस अधीक्षक के के विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह तथा क्षेत्राधिकारी असमोली कुलदीप कुमार के निर्देशन में अपराधियों की धर पकड़ अभियान तेज कर दिया गया है। अभियान के तहत नखासा थाने के उपनिरीक्षक विशाल शर्मा ने टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर रिठाली बाईपास से मौहल्ला दीपा सराय ठंडी कोठी की ओर जाने वाले रास्ते से कासिम पुत्र मुशाहिद निवासी हिंदुपुरा खेड़ा को पकड़ लिया।पकड़ा गया आरोपी वर्ष 2002 में शस्त्र अधिनियम के तहत उस पर मुकदमा दर्ज किया गया था, परन्तु वह लम्बे समय से फरार था। पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर पन्द्रह हजार का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी को धर दबौचने में प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार बालियान, उपनिरीक्षक विशाल शर्मा, कां. मोहित कुमार, अंकुर कुमार और विकास कुमार रहे।

### शत्रुओं का नाश करती है मां कालरात्रि

**शाह टाइम्स,संवाददता**

**बबराला।** मन्दिरो में देवी की आराधना को श्रृद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। महाशक्ति मां दुर्गा का सातवां स्वरूप हैं कालरात्रि है। पण्डित सत्यम मिश्रा ने बताया कि मां कालरात्रि काल का नाश करने वाली हैं, इसी वजह से इन्हें कालरात्रि कहा जाता है। मां कालरात्रि की आराधना के समय भक्त को अपने मन को भानु चक्र जो ललाट अर्थात सिर के मधय स्थित करना चाहिए। इस आराधाना के फलस्वरूप भानु चक्र की शक्तियां जागृत होती हैं। मां कालरात्रि की भक्ति से हमारे मन का हर प्रकार का भय नष्ट होता है। जीवन की हर समस्या को पल भर में हल करने की शक्ति प्राप्त होती है। शत्रुओं का नाश करने वाली मां कालरात्रि अपने भक्तों को हर परिस्थिति में विजय दिलाती हैं।

### दो वांछितों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स,संवाददता**

**बबराला।** अपराधियों, वान्छितों और वारंटियों की धर पकड़ अभियान जारी है। पुलिस ने दो वांच्छितों को गिरफ्तार कर चालान किया। बबराला थाना क्षेत्र के ग्राम फरीदपुर निवासी हिरदेश पुत्र सोमवीर व प्रमोद पुत्र भुवनेश वांछित चल रहे थे। बबराला पुलिस ने आरोपियों को राजघाट रोड़ फरीदपुर तिराहा से गिरफ्तार कर लिया।आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. प्रवीन कुमार, हे.कां. अवनीश कुमार, का. केशव कुमार रहे।

### खोया बालक परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे मिशन शक्ति विशेष अभियानमें बाजार क्षेत्र में पैदल गश्त की जा रही थी। गश्त के दौरान टीम को एक लगभग 04 वर्षीय बालक रोता हुआ मिला, जो पिछले करीब 01 घंटे से वहीं खड़ा था। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर बालक के संबंध में कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस टीम बालक को थाने लाकर बाल कक्ष में बैठाया गया। पुलिस ने बालक के परिजनों का पता लगाने का प्रयास किया जबकि सी यू जी नम्बर लोगों को देकर किसी के मालूम करने अथवा तलाश करते आने एवं किसी तरह की कोई जानकारी मिलने पर उन्हे सूचना देने के लिए पेरित किया। कुछ ही समय में बालक जोहान पुत्र मुजीब चमन सराय निवासी पता चला। पुलिस टीम ने मासूम को उसके परिजनों के सुपुर्द कर दियज्ञ। बालक को पाकर परिजनों के चेहरे खुशी से खिल गए। जबकि परिवार ने मिशन शक्ति टीम का आभार जताने के साथ जमकर प्रशंसा भी की।

# व्यापारियों ने एएसपी के सामने रखी समस्याएं

### 0बाजार में जेब काटने की घटनाओं पर लगे रोक

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** व्यापारी सुरक्षा फोरम की बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारियों की समस्याओं को उ1ठाया।

अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय स्थित सभागार में मंगलवार को अपर पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के चेयरमैन गौरीशंकर चौधरी ने डिवाइडर पर रिफलेक्टर नहीं होने से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रिफलेक्टर लगाने की मांग की। जबकि कशिश कौशल एड. ने बाजार में लगने वाले जाम की समस्या को रखा। अध्यक्ष हर्षित शर्मा ने युवाओं में बढ़ते नशे के चलन को रोकने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का सुझाव दिया।



इसके अलावा हाजी एहतेशाम ने बाजार में जेब कटने की घटनाओं को रोकने पर ज़ोर दिया। शाह आलम मंसूरी ने चंदौसी में ई रिक्शाओं को वन वे करने और सागर गुप्ता ने चंदौसी में खुले नालों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं का मुद्दा उठाया। इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारी अजय अग्रवाल प्रतीक गुप्ता विकास वर्मा पुष्कल गुप्ता हर्ष गुप्ता वैभव छाबड़ा साकिर हुसैन नाजिम सैफी फुरकान वारसी अशरफ सालीमार अतीकुरहमान एवं व्यापारी प्रकोष्ठ के प्रभारी आदि मौजूद रहे।

## मिशन शक्ति की टीम ने गुमशुदा महिला को बरामद कर परिजनों को सौंपा

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** मिशन शक्ति अभियान (फेज-5) के दूसरे चरण के तहत गुमशुदा महिला को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया।

मिशन शक्ति की टीम गुमशुदाओं की तलाश कर उन्हे परिजनों के सुपुर्द करने के चल रहे अभियान में थाना गुन्नौर पर दर्ज गुमशुदा महिला आईना पत्नी शफीक निवासी मोहल्ला हीरापुर कस्बा गुन्नौर जनपद सम्भल को महिला उ.नि. गुरजिंदर कौर एवं म.का.नीरज द्वारा गुन्नौर पुलिया के पास से सकुशल बरामद कर लिया। पुलिस ने बरामदगी कर थाने लाकर उसके परिजनों को सुपुर्द किया। अपनी परिजन को सकुशल पाकर महिला के पति एवं परिवारजनों के चेहरे खुशी से खिल उठे। परिजनों ने मिशन शक्ति टीम की तत्परता एवं कार्यकुशलता की प्रशंसा की।

# भूमाफियों को लाभ पहुंचाने के लिए नगर हिंदू सभा के विघटन से हिंदू समाज को क्षति: त्यागी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सम्भल।** नगर हिंदू सभा के पूर्व अध्यक्ष द्वारा किये गए मनोनयन का विरोध खुलकर सामने आने लगा है। श्रीकल्कि सेना के राष्ट्रीय संयोजक ने पूर्व अध्यक्ष पर भूमाफियों व समाज विरोधी तत्वों को लाभ पहुंचाने के लिए सभा का विघटन करने का आरोप लगाया।

श्रीकल्कि सेना के राष्ट्रीय संयोजक सुभाष चन्द्र त्यागी एड. ने प्रेस को जारी पत्र में कहा कि नगर हिंदू सभा के पूर्व अध्यक्ष कमलकांत तिवारी ने बिना उनकी सहमति के उन्हे संगठन मंत्री मनोनीत कर दिया। उन्होने बिना उनकी इच्छा व सहमति के संगठन मंत्री बनाये जाने की घोर आपत्ति की। साथ ही उन्होने आरोप लगाते हुए कहा कि कल सम्पन्न हुई बैठक बिना किसी स्पष्ट एजेंडे के बुलाई गई। जबकि बैठक में किसी भी प्रकार की चर्चा कार्यकारिणी मनोनयन को लेकर नहीं की गई। उन्होने पूर्व अध्यक्ष पर कुछ भूमाफियों व समाज विरोधी तत्वों को लाभ पहुंचाने के लिए नगर हिंदू सभा का विघटन करने का भी आरोप लगाते हुए कहा कि इससे सम्भल के हिन्दू समाज को क्षति पहुंची है। समाज के हित में नगर हिंदू सभा के संविधान में उल्लिखित प्रक्रिया का पालन करते हुए चुनाव कराने की मांग की है। जबकि संगठन मंत्री का दायित्व स्वीकार करने से इंकार कर दिया।

# शक्ति केन्द्रों को दिव्य ज्ञान प्रदान करती है मां कात्यायनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** आध्यात्मिक गुरु पं. राधेश्याम श्रीमाली के नेतृत्व मे दुर्गा भवन श्रीमाली निवास पंजू सराय में स्थित श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रृंखला के तहत माँ दुर्गा स्तवन की 92 वीं कडी के छठे दिन श्रृषभ सैनी अंजली सैनी नितिन सैनी संजना देवी व रामपुर ईकाई से सचिन सैनी व उषा देवी द्वारा माँदुर्गा के छटे स्वरुप माता कात्यायनी को छह वर्ष की कन्या का पूजन किया और इक्कीस हजार छ सौ आहुतियाँ प्रदान कर विश्व शान्ति भारत राष्ट्र की समृद्वि श्रीकल्कि के प्राकटय को कामना की। इस अवसर पर यज्ञाचार्य डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की प्रत्येक शुक्ल पक्ष तिथि एकम से नवमी तिथि तक व त्रैमासिक वर्ष में चार बार छमाही वर्ष में दो बार और पूरे वर्ष में कुल बारह बार नवरात्रि आती है। जिनमें शारदीय नवरात्रि व ग्रीष्मकाल नवरात्रि की दोनों ही कड़ी भारत में नहीं वरन विदेशों मे भी धूमधाम से मनाई जाती है। उन्होंने कहा कि नवरात्रि महापर्व आदिशति प्रकृति स्वरुपा माँदुर्गा के प्रति श्रृद्वा विश्वास यज्ञ आरती वंदना उपवास दान पुण्य और समर्पण का महापर्व तो है। ही साथ मानव के स्थूल शरीर मे स्थित सूक्ष्म शरीर मे स्थित. सात महा चक्रो में विराजमान माँदुर्गा के सात अति रहस्यमय और महत्वपूर्ण स्वरुप शक्ति स्वरुपा होकर जीवन की रक्षा संरक्षा करते हैं। नवार्ण महामंत्र योग के विशेष अभ्यासो और नवरात्र अर्थात चैत्र शुक्ला एकम से नवमी तक की नौ रात्रि सात्विक विधि विधान और नियम यम और संयम से प्राणी, जीव, जगत, माया के रहस्य को जानकर अपने शरीर में स्थित दिव्य चेतन एक सौ आठ शक्ति केन्द्रो को सहज भाव से जाग्रत करके महामाया की कृपा और स्नेह आर्शीवाद से देव कालाओ की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त कर अपने जीवन को धन्य बना सकता है।इस मौके पर डा. सुरेश चन्द्र सैनी रामवीर शर्मा कैलाश चन्द्र कृष्णा मोहन नरेश सैनी ज्वालेश श्रीमाली आनंद सैनी पार्थ शर्मा भीकम सरन लाला भूकनलाल किसन आर्य लक्ष्मन सिंह राकेश सैनी जितेन्द्र गुप्ता एवं रुकमनी देवी सुनिता देवी आदि मौजूद रहीं।

# पशुशाला के ताले तोड़ पशु ओर मोटर चोरी

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** थाना असमोली क्षेत्र के गांव टांडा कोठी निवासी आकाश शर्मा की पशुशाला से चोर दरवाजे का ताला तोड़कर गाय व मोटर चोरी कर ले गए।

थाना क्षेत्र के गांव टांडा कोठी निवासी आकाश कुमार शर्मा पुत्र वीरेंद्र कुमार शर्मा की घर के पास पशुशाला बनी हुई है। उसमें उसके पशु व चारे के लिए चारा काटने की मशीन लगी हुई थी। पीड़ित ने बताया कि वह 23 मार्च की रात्रि 10:30 बजे अपनी पशु शाला में पशुओं को बांध कर और दरवाजे का ताला लगाकर अपने घर गया। और 24 मार्च की सुबह लगभग 5:30 बजे जब वह अपने पशुओं के लिए चारा डालने के लिए आया तो पशुशाला के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखा तो एक गाय काले व सफेद रंग (चितकबरी) नहीं थी। गाय को इधर-उधर देखा लेकिन कहीं नहीं मिली। अन्य पशुओं को चारा डालने के लिए चारा मशीन के पास गया तो चारा मशीन पर लगी हुई मोटर भी गायब थी। चोरे दरवाजे पर लगे ताले को तोड़कर गाय व मोटर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाना असमोली पुलिस को तहरीर देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

## महर्षि कश्यप एवं निशादराज जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) मछली मंडी स्थित हरिराम कश्यप पूर्व प्रधान के आवास पर आयोजित बैठक में 8 अप्रैल को सृष्टि रचयिता भगवान महर्षि कश्यप एवं भगवान निषाद राज जी की भव्य शोभायात्रा एवं जनसभा ग्राम खानपुर सराय उर्फ आलमपुर, आयोजित किए जाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। जबकि भव्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डा. संजय कुमार निषाद (कैबिनेट मंत्री, मत्स्य विभाग) उपस्थित रहना बताया। बैठक में कार्यक्रम की सफलता को दो टीमों का गठन किया गया। प्रत्येक टीम में 20-20 कार्यकर्ताओं को शामिल कर उन्हें उनके क्षेत्र की जिम्मेदारी सौंपी गई। जबकि कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया।


**PRAFULL AGARWAL**
Advocate
PAN No- AQEPAIIOOB

Residence/Office Address
223 Bans Mandi
Near Sheel Nursing Home
Barelly
Mobile no :- 8899909663
7017462341

**पब्लिक नोटिस**

मेरे मुवक्किल मुथुट फिनकोर्प लि. शाखा मुरादाबाद की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती मशीयत जेहरा पत्नी हसन जाकिर निवासी 92 सिरसी, सिरसी देहात, सिरसी संभल की है। वह एक किता मकान रकबा 152.86 वर्गमी स्थित मो. चौधरियान सिरसी तहसील व जिला सम्भल में स्थित है को दान में प्राप्त करने के उपरांत मेरे मुवक्किल से श्रृण ले रहे है। उपरोक्त जगह का एक किता बैनामा दिनांक 15.01.2022 बही नं. 1 जिल्द 2507 पेज 481 से 488 दस्तावेज नं. 292 जो कि आनन्द स्वरूप रस्तोगी आदि के द्वारा हसन जाकिर व मोहम्मद जाकिर पुत्रगण मोहम्मद काजमैन के हक में निष्पादित किया गया था कहीं खो गया है। काफी ढूंढने पर भी नहीं मिला है। उक्त की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है। इस बैनामा खोने के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 2 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या मुथुट फिनकोर्प लि. शाखा मुरादाबाद के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है। उक्त काल में कोई आपत्ति किसी व्यक्ति को नहीं है। उक्त श्रृण श्रीमती मशीयत जेहरा पत्नी हसन जाकिर निवासी 92 सिरसी, सिरसी देहात, सिरसी संभल को प्रदान कर दिया जायेगा।

PRAFULL AGARWAL
Digitally Signed by PRAFULL AGARWAL
Date :2026.03.13
16-01-18+05 '30'

प्रफुल्ल अग्रवाल
पैनल एडवोकेट
223 बांस मण्डी, निकट शील नर्सिंग होम बरेली।
मो. नं. 7017462341, 889990966



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, सम्भल

पत्र संख्या:- 765/नि.वि./2025-26 | दिनांक:-23-3-2026

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग/बोर्ड फण्ड के अर्न्तगत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्य की की ई-निविदा दिनांक 04.04.2026 को 01:00 PM बजे तक ऑन लाइन निविदा आमत्रिंत की जाती है। निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तो का ध्यानपूर्वक अध्यन कर लें।

| क्र.सं. | नगर पालिका/NPP Stage | ठेकेदार/Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Tender Releas | | 24.03.2026 1PM | |
| 02- | | Tender Download | 24.03.2026 1PM | |
| 03- | | Bid Submission | 24.03.2026 1PM | |
| 04- | Close Bid | | | 04.04.2026 01.00 PM |
| 05- | Bid Openining | | | 04.04.2025 02.00 PM |

वेबसाइड http://etender.up.nic.inपर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते तथा बिडिंग प्रपत्र ऑनलाइन देखे जा सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सम्भल

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सम्भल

# बारात की खुशियां मातम में बदलीं

## संदिग्ध परिस्थितियों में मजदूर की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** क्षेत्र में उस समय शोक की लहर दौड़ गई, जब एक बारात में शामिल होने गए 50 वर्षीय मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इस दुखद घटना से विवाह समारोह स्थल पर देखते ही देखते भगदड़ और हड़कंप मच गया। जो माहौल कुछ देर पहले तक मंगल गीतों और हंसी-खुशी से गुंजायमान था, वह अचानक चीख-पुकार और सन्नाटे में तब्दील हो गया। मृतक की पहचान निर्मल सिंह के रूप में हुई है, जो मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे।प्राप्त जानकारी के अनुसार, सुरजन नगर निवासी ओमप्रकाश सिंह के पुत्र की बारात उत्तराखंड के जसपुर निवासी छत्रपाल सिंह की पुत्री के पास जानी थी। विवाह का मुख्य कार्यक्रम जनपद बिजनौर के अफजलगढ़-जसपुर मार्ग पर स्थित एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया था। सोमवार की शाम सुरजन नगर निवासी निर्मल सिंह (50) पुत्र मंगल सिंह भी अपने पुत्र विवेक के साथ इस बारात में शामिल होने के लिए अफजलगढ़ पहुंचे थे। रात भर शादी की रस्में हर्षोल्लास के साथ चलती रहीं और सभी मेहमान उत्सव के माहौल में डूबे हुए थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। मंगलवार की सुबह होते-होते खुशियों के रंग फीके पड़ गए और शादी वाले घर में मातम पसर गया।बताया जा रहा है कि मंगलवार की सुबह जब शादी की



रस्में पूरी होने के बाद कुछ मेहमान वापस लौटने के लिए बस में चढ़े, तो उनके होश उड़ गए। उन्होंने निर्मल सिंह को बस की सीट पर अचेत पड़ा पाया। उनके साथ आए लोगों ने उन्हें जगाने का काफी प्रयास किया, लेकिन उनके शरीर में कोई हलचल नहीं हुई। आनन-फानन में उन्हें अफजलगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने गहन परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।निर्मल सिंह की अचानक मौत की खबर जैसे ही उनके गांव सुरजन नगर पहुँची, वहां कोहराम मच गया। मृतक की पत्नी लीला देवी अपने पति के बिछड़ने के गम में दहाड़ें मारकर रोने लगीं, वहीं उनके पुत्र विवेक कुमार और पुत्री शिवी का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में इस हृदयविदारक घटना से गहरा शोक व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि निर्मल बेहद मिलनसार और सीधे स्वभाव के व्यक्ति थे, जो अपने काम से काम रखते थे।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस तुरंत मौके पर पहुँची और शव को अपने कब्जे में ले लिया। क्षेत्राधिकारी आलोक सिंह ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम दृष्टया यह मामला अत्यधिक शराब के सेवन के कारण हुई मृत्यु का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, मौत के वास्तविक और सटीक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया। मंगलवार शाम पोस्टमार्टम के बाद जब शव वापस गांव पहुँचा, तो अत्यंत गमगीन माहौल में मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## जीएसटी गड़बड़ी के शक में ट्रेडर्स कंपनी पर एसआईबी का छापा

**चन्दौसी।** राज्यकर विशेष अनुसंधान शाखा (एसआईबी) की टीम ने सोमवार शाम गौशाला रोड स्थित एक ट्रेडर्स कंपनी के कार्यालय पर छापेमारी कर हड़कंप मचा दिया। मुरादाबाद से पहुंची टीम ने एडिशनल कमिश्नर आर. एस. सेठ के नेतृत्व में सरिया, सीमेंट समेत अन्य व्यापारिक लेन-देन से जुड़े अभिलेखों की गहन जांच शुरू की। छापेमारी के दौरान टीम ने कंपनी के दस्तावेज कब्जे में लेकर स्वामी व कर्मचारियों से पूछताछ की। कार्रवाई के समय किसी भी व्यक्ति के अंदर-बाहर आने-जाने पर रोक लगा दी गई, जिससे पूरे क्षेत्र में चर्चा का माहौल बना रहा। जांच देर रात तक जारी रही। सूत्रों के अनुसार यह कार्रवाई जीएसटी चोरी की आशंका के आधार पर की गई है, हालांकि विभागीय अधिकारियों ने अभी इसकी औपचारिक पुष्टि नहीं की है। एडिशनल कमिश्नर आर. एस. सेठ ने बताया कि कंपनी के अभिलेखों की जांच की जा रही है।

### एक नजर

## कार की टक्कर से चाचा-भतीजी घायल

**अगवानपुर।** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के अगवानपुर में कांवड़ पथ रोड़ पर स्थित समर वैली स्कूल से भतीजी को लेकर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार कार ने सामने से युवक की बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे



में चाचा भतीजी गम्भीर रूप से घायल हो गए। युवक अपनी भतीजी को स्कूल से लेकर घर वापस लौट रहा था स्वजनों ने घायल को कांठ रोड पर स्थिति एक निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया है। नगर के मोहल्ला सराय फारुख निवासी राहिल अब्बास की 9 वर्षीय भतीजी कंवाड़ पथ रोड़ पर स्थिति समरवैली स्कूल में पढ़ती है।सोमवार को स्कूल की छुट्टी के बाद चाचा राहिल भतीजी को लेकर घर लौट रहा था स्कूल से कुछ ही दूरी पर अगवानपुर की और से आ रहीं तेज रफ्तार कार में बाइक को तेज टक्कर मार दी, और पेड़ से टकरा गई।इस हादसे में राहिल की एक टांग टूट गई वहीं छात्रा भी घायल हो गई घटना के बाद चालक कार छोड़कर मौके से फरार हो गया सूचना मिलते ही स्वजन और पुलिस घटना स्थल पर पहुंची युवक के स्वजनों ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया और पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्यवाही शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि घायल के पिता नैय्यर अब्बास नकवी की ओर से तहरीर मिली है कार चौकी लाकर खड़ी कर ली गई है। चालक की तलाश की जा रही है।

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में हुआ जागरूकता अभियान

**मुरादाबाद।** जिम्मेदार और स्मार्ट मोबिलिटी को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया ने मुरादाबाद में एक व्यापक रोड सेफ्टी अवेयरनेस कैंपेन आयोजित किया। इस पहल में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के 2400 से अधिक छात्रों और प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अभियान का उद्देश्य पारंपरिक जागरूकता से आगे बढ़कर प्रतिभागियों को व्यावहारिक और अनुभवात्मक सीख प्रदान करना था। कार्यक्रम के दौरान रोड सेफ्टी से जुड़े इंटरैक्टिव सेशन, क्विज, गेम्स और सिचुएशन-आधारित चर्चाएं आयोजित की गईं, जिनके माध्यम से प्रतिभागियों को वास्तविक जीवन की परिस्थितियों में सुरक्षित व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। भारत सरकार के आंकड़ों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या चिंताजनक बनी हुई है, जिससे इस तरह के जागरूकता अभियानों की आवश्यकता और भी बढ़ जाती है। HMSI की यह पहल युवाओं में जिम्मेदारी, अनुशासन और सतर्कता विकसित करने पर केंद्रित रही।

कंपनी का यह प्रयास उसके वैश्विक विजन Safety for Everyone, के अनुरूप है, जिसका लक्ष्य वर्ष 2050 तक सड़क हादसों में शून्य मृत्यु दर हासिल करना है। साथ ही, यह भारत सरकार के 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को 50% तक कम करने के लक्ष्य का भी समर्थन करता है। कार्यक्रम में वर्चुअल राइडिंग सिम्युलेटर, किकेन योसोकू ट्रेनिंग (KYT) और स्किल-बेस्ड राइडिंग एक्टिविटीज जैसे व्यावहारिक प्रशिक्षण शामिल थे। HMSI देशभर में अपने ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क और सेफ्टी ड्राइविंग एजुकेशन सेंटर्स के माध्यम से अब तक 1.2 करोड़ से अधिक लोगों को सड़क सुरक्षा शिक्षा प्रदान कर चुका है। यह पहल युवाओं को 'रोड सेफ्टी एंबेसडर' के रूप में तैयार करने और सुरक्षित समाज निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम है।

## पीएमएस पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के सिविल लाइंस स्थित पी एम एस पब्लिक स्कूल में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह बड़े ही उत्साह और गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में जूनियर कक्षाओं के मेधावी छात्रों को उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही, जिससे बच्चों का उत्साह दोगुना हो गया।कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। इसके बाद बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया।

नन्हे छात्रों ने नृत्य, गीत और नाटिकाओं के जरिए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। प्रधानाचार्य मैथ्यू ने अपने संबोधन में छात्रों की मेहनत और सफलता की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

उप प्रधानाचार्य निशिमा पाठक ने भी छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि अनुशासन और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी है।इस दौरान स्कूल प्रशासन ने नए शैक्षणिक सत्र के समय में बदलाव की घोषणा की। बताया गया कि अब विद्यालय का समय सुबह 7:20 बजे से दोपहर 1:20 बजे तक रहेगा। अभिभावकों से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने और विद्यालय के साथ सहयोग बनाए रखने की अपील की गई।अंत में विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया, जिससे उनके चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दलित समाज में खुशी की लहर, भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज ने बांटी मिठाइयां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी/एसटी समाज के लोगों को धर्मांतरण के बाद आरक्षण का लाभ न मिलने संबंधी फैसले के बाद दलित समाज में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। इसी क्रम में महानगर में भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस के बैनर तले वाल्मीकि समाज के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए जश्न मनाया।शहर के विभिन्न इलाकों में समाज के लोगों ने एकत्र होकर एक-दूसरे को लड्डू खिलाए और सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया। इस दौरान सड़कों पर उत्साह का माहौल देखने को मिला और लोगों ने इसे




न्यायसंगत निर्णय बताया। समाज के लोगों का कहना है कि इस फैसले से सामाजिक व्यवस्था में संतुलन बना रहेगा और वास्तविक पात्रों को ही आरक्षण का लाभ मिल सकेगा।भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज भावाधस के राष्ट्रीय निद. ेशक लल्ला बाबू द्रविड़ ने इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय लंबे समय से चल रही मांग और संघर्ष का परिणाम है। उन्होंने कहा कि इससे समाज में सकारात्मक संदेश जाएगा और आरक्षण व्यवस्था की मूल भावना को बल मिलेगा।उन्होंने संघर्ष करने वाले सभी लोगों को भी बधाई दी और कहा कि समाज को न्याय दिलाने के लिए जो प्रयास किए गए, उनका यह सार्थक परिणाम है। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे और सभी ने एकजुटता का परिचय देते हुए खुशी साझा की।

## टीएमयू लॉ की वैश्विक संगोष्ठी से वर्चुअली जुड़े यूएसए, मॉरीशस और नेपाल के कानूनी शिक्षाविद

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ लॉ एंड लीगल स्टडीज-टीएमसीएलएलएस की ओर से बिल्डिंग डेमोक्रेसीलॉ एंड इन्फॉर्मेशन पर आयोजित दो दिनी इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस के दूसरे दिन ब्लेंडेड मोड़ में यूएसए के जॉर्ज टाउन यूनिवर्सिटी में लॉ के प्रो. रिचर्ड एल. रॉ, यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी मॉरीशस में लॉ की प्रो. भावना महादेव और त्रिभुवन यूनिवर्सिटी, नेपाल में लॉ कॉलेज के प्रो. राजीव बस्तौला ने बतौर की-नोट स्पीकर वर्चुअली प्रतिभाग किया।




उल्लेखनीय है, इस कॉन्फ्रेंस का उदघाटन असम के राज्यपाल श्री लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने बतौर मुख्य अतिथि किया था, जबकि डॉ. बाबा साहब भीमराव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, लखनऊ के वीसी प्रो. आरके मित्तल बतौर की-नोट स्पीकर मौजूद रहे थे। टीएमसीएलएलएस के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित ने उम्मीद जताई, यह कॉन्फ्रेंस शोधार्थियों और लॉ फैकल्टीज के लिए मील का पत्थर साबित होगी। वेलिडिक्ट्री सत्र में एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त मुख्य अतिथि रहे। डॉ. व्यस्त बोले, लोकतंत्र भारतीयों का केन्द्रीय गुण है। लॉ कॉलेज के स्टुडेंट्स को आहवान करते हुए बोले, एआई और ईआई के बीच कोर्डिनेशन जरूरी है। टेक्निकल सत्रों में कुल 21 ऑफलाइन तो 43 ऑनलाइन रिसर्च पेपर्स की प्रस्तुति हुई। इन सत्रों में एचएनबी गढ़वाल यूनिवर्सिटी में लॉ कॉलेज के पूर्व डीन प्रो. सुभाष चन्द्र गुप्ता, एमएमएच कॉलेज, गाजियाबाद की प्रो. अपर्णा मल्होत्रा, केजीके कॉलेज, मुरादाबाद के प्रो. अजय कुमार सिंह आदि की उल्लेखनीय भूमिका रही। वेलिडिक्ट्री सत्र में प्रिंसिपल प्रो. एसके सिंह, एचओडी डॉ. अमित वर्मा, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. बिष्णानंद दुबे, श्री योगेश गुप्ता, डॉ. कृष्णमोहन मालवीय, डॉ. सुशीम शुक्ला, डॉ. अतुल कुमार, डॉ. साक्षी गुप्ता, डॉ. नम्रता जैन, श्री सौरभ बटार आदि मौजूद रहे।

## विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन, 293 मरीजों ने उठाया लाभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहजोई।** बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास की ओर से बी.एम.बी. एल. जैन वर्ल्ड स्कूल, बहजोई में एक विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिज्ञासा हॉस्पिटल, मुरादाबाद के अनुभवी चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. सुगंधा सिंह (ब्लॉक प्रमुख, बनियाखेड़ा) एवं विशिष्ट अतिथि, विभाग प्रचारक शरद कुमार, दीपक कुमार (जिला प्रचारक, आरएसएस) समाजसेवी नकुल प्रताप सिंह तथा सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन द्वारा भगवान महावीर के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर निदेशक एवं कैम्प संयोजक सम्भव जैन, सचिव नमन जैन, विधिक सलाहकार अमन जैन एडवोकेट तथा बी.एम.बी.एल. जैन वर्ल्ड स्कूल के डायरेक्टर-प्रिंसिपल राजीव कुमार गुप्ता की विशेष उपस्थिति रही। शिविर में विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच एवं परामर्श किया गया। इसमें कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी, स्त्री



एवं प्रसूति रोग, ऑर्थोपेडिक, पीडियाट्रिक्स, डेंटल एवं जनरल फिजिशियन विभाग की सेवाएं उपलब्ध रहीं। चिकित्सकों की टीम में डॉ. राहुल (क्छठ, गैस्ट्रो), डॉ. करिश्मा एवं डॉ. आकांक्षा (स्त्री रोग विशेषज्ञ), डॉ. शारिक अरशद (हड्डी रोग विशेषज्ञ), डॉ. सना इबाद खान (नवजात एवं शिशु रोग विशेषज्ञ), डॉ. प्रतीक्षा (एस्थेटिक, कॉस्मेटिक एवं डेंटल सर्जन) तथा डॉ. अंकित कुमार (एमबीबीएस, जनरल फिजिशियन) ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। शिविर में कुल 293 मरीजों का परीक्षण किया गया तथा उन्हें नि:शुल्क जांच, परामर्श एवं दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. सुगंधा सिंह ने अपने उद्बोधन में बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास द्वारा किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर समाज के लिए अत्यंत उपयोगी हैं तथा जरूरतमंद लोगों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

अंत में सेवा न्यास के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार जैन ने सभी अतिथियों, चिकित्सकों एवं उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि न्यास भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

## थाना सिविल लाइंस में एसपीईएल कार्यक्रम का समापन, छात्राओं को वितरित किए गए प्रमाणपत्र

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** थाना सिविल लाइंस परिसर में मंगलवार को भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के सहयोग से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा



संचालित 30 दिवसीय "स्टूडेंट पुलिस एक्सपेरिमेंटल लर्निंग प्रोग्राम" (SPEL) का समापन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को पुलिस कार्यप्रणाली से परिचित कराना और उनमें सामाजिक जिम्मेदारी व अनुशासन की भावना विकसित करना रहा। समापन समारोह के दौरान कार्यक्रम में पंजीकृत दयानंद कन्या डिग्री कॉलेज की 9 छात्राओं को सम्मानित किया गया। थाना नोडल अधिकारी वरिष्ठ उप निरीक्षक श्री हरेन्द्र सिंह ने सभी छात्राओं को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कार्यक्रम के दौरान प्राप्त अनुभवों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर नंदिनी, निशी, प्राची गुप्ता, खुशी दयाल, रजनी, सृष्टि, सला. ेनी रावत, वंशिका शर्मा, गरिमा और दान्या नूर सहित सभी छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में थाना सिविल लाइंस की निरीक्षक ऊषा मालिक, मुख्य आरक्षी नीरज कुमार, आरक्षी विकास कुमार एवं महिला आरक्षी ममता रावत भी मौजूद रहे।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को पुलिस विभाग की कार्यशैली, कानून- व्यवस्था बनाए रखने की प्रक्रिया, महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव तथा साम. ुदायिक पुलिसिंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें थाने की विभिन्न गतिविधियों का व्यावहारिक अनुभव भी कराया गया। कार्यक्रम के समापन पर पुलिस अधिकारियों ने कहा कि SPEL जैसे प्रयास युवाओं और पुलिस के बीच बेहतर संबंध स्थापित करने में सहायक हैं और इससे समाज में जागरूकता बढ़ती है।

## टीएमयू का फार्मेसी कॉलेज करेगा नेशनल कॉन्फ्रेंस-फार्मा अन्वेषण 2026 की मेजबानी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद का तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से 25 मार्च को राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस पर आयोजित प्रतिष्ठित शैक्षणिक पहल फार्मा अन्वेषण 2026 की मेजबानी करेगा। देशभर के लगभग 4,000 फार्मेसी संस्थानों में से तीर्थंकर महावीर कॉलेज ऑफ फार्मेसी समेत केवल 25 कॉलेजों को इसके आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष श्री जशुभाई हीराभाई चौधरी बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत करेंगे। साथ ही फाइनेंस समिति के चेयरमैन प्रो. विभु साहनी, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के रजिस्ट्रार- कम-सेक्रेटरी श्री अनिल मित्तल, फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया के सेंट्रल मेम्बर प्रो. नीरज उपमन्यु, सेंट्रल मेम्बर प्रो. अंबर व्यास, सेंट्रल मेम्बर प्रो. आकाश वेद, उत्तर प्रदेश फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष श्री संदीप बडोला के संग-संग विभिन्न केंद्रीय और राज्य स्तर के अधिकारी भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। फार्मा अन्वेषण 2026 का मुख्य विषय भविष्य का फार्मा इकोसिस्टम: शिक्षा, उद्योग, अनुसंधान, नियमन और व्यवहार के बीच समन्वय है। पैनल डिसकशन मे भारत की फार्मा कंपनियों और उच्च शिक्षण संस्थानों के प्राचार्य एंड प्रोफेसर्स भविष्य का फार्मा इकोसिस्टम कैसा होना चाहिए और किन महती प्रयासों की आवश्यकता है




पर विचार रखेंगे। कार्यक्रम में आइडिया पिचिंग प्रतियोगिताएं, स्टार्टअप एवं उद्यमिता प्रस्तुतियां, शोध पत्र एवं पेटेंट प्रस्तुतियां, पोस्टर प्रस्तुतियां, कार्यशील एवं संकल्पनात्मक मॉडल प्रदर्शन सरीखी शैक्षणिक एवम् नवाचार गति. विधियों से छात्रों और शोधकर्ताओं में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता एवं उद्यमिता को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। फार्मेसी कॉलेज के प्राचार्य और कार्यक्रम के कोऑर्डिनेटर प्रो. आशु मित्तल एवम् कन्वीनर प्रो. फूलचंद्र ने बताया, यह राष्ट्रीय समागम देशभर के छात्रों, शिक्षाविदों, शोध कर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों के लिए ज्ञान के आदान-प्रदान, नवाचार और पेशेवर नेटवर्किंग के लिए मील का पत्थर साबित होगा। पाठ्यक्रम को राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप विकसित करने, शिक्षा प्रणाली में डिजिटल सुधार लाने तथा क्लिनिकल फार्मेसी शिक्षा को बढ़ावा देने जैसे प्रयासों के माध्यम से फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया देशभर में फार्मेसी शिक्षा और पेशेवर मानकों को सुदृढ़ करने में निरंतर योगदान दे रहा है। देश में फार्मेसी शिक्षा के जनक महादेव लाल श्रॉफ की जयंती के उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने 1937 में बनारस हिंदू विश्व. विद्यालय में देश का पहला संगठित बैचलर ऑफ फार्मेसी- बी.फार्म पाठ्यक्रम प्रारंभ कर आधुनिक फार्मेसी शिक्षा की नींव रखी थी। उनके दूरदर्शी प्रयासों ने फार्मेसी को एक पारंपरिक व्यवसाय से वैज्ञानिक एवं शोध-आधारित पेशे में परिवर्तित किया।

**न्यायालय श्रीमान अपर जिलाधिकारी प्रशासन महोदय मुरादाबाद।**
**वाद सं0** D202513540005578
अकबर अली **बनाम** सुखवीर सिंह आदि।
**धारा 30 ( 2 ) उ0 प्र0 रा0 सहिंता**
**ग्राम मंगावाला**
**तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**विपक्षीगण-** 1. संजीव कुमार पुत्र रामचन्द्र अग्रवाल निवासी 14 सिविल लाइन, मुरादाबाद हाल निवासी आर्य नगर गली राज महल होटल के पास कचहरी रोड मुरादाबाद स्पष्ट है कि आपके नाम वाद विभाजन दायर किया गया है अत: आपको आदेशित किया जाता है कि आप दिनाकं 25.03.2026 को 10.00 बजे पूर्वाहन निर्देशित स्थान पर स्वयं/अपने अधिवक्ता के माध्यम से वाद की उपस्थित में पूर्ण रूप से उपस्थित हो एवं बाद से सम्बंधित समस्त महत्पूर्ण आवश्यक जानकारी प्रस्तुत कर सके या उसके साथ कोई और व्यक्ति हो जो इस विभाजन के वाद में दाखिल कुर्गे पर आपत्ति/नियमित प्रश्नों का उत्तर दे सके। और प्रत्येक स्थिति में वही दिनाकं आपको उपस्थित होने के लिए निर्धारित की गयी है एवं वाद के अंतिम निर्णय हेतु भी प्रस्तावित है। आप समस्त दस्तावेजो के साथ जिन पर आप अपने प्रति उत्तर के समर्थन में अभिबाक करना चाहते हैं उसी दिन प्रस्तुत करें। और आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त दिनाकं को उपस्थित नहीं होंगे तो आपकी अनुपस्थिति में वाद की सुनवाई और उस पर निर्णय कर दिया जायेगा। मेरे व्यक्तिगत हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर के साथ आज दिनाकं 23.02.2026 को जारी किया गया है।

**न्यायालय-अपर जिलाधिकारी/ मजिस्ट्रेट ( प्रशासन ) मुरादाबाद।**

**नोटिस/सूचना बावत**
श्रीमती नसरीन बी पत्नी शावेज खां आदि नि. ग्राम सेंजना नानकार जिला रामपुर की ओर से मुख्तारे खास नासिर खां पुत्र स्व. अच्छन खां निवासी लालबाग, नई आबादी मुरा. द्वारा प्रस्तुत
**अपील संख्या:** 55/135/2025
54135400000224
**अन्तर्गत धारा**-11 (1) जो०च०अधि०
ग्राम-गोविन्दपुरकला पर0 व
तह0 व जिला मुरादाबाद।
**न्यायालय बन्दोवस्त अधिकारी**
**चकबन्दी, मुरादाबाद।**

उपरोक्त वर्णित अपील बावत न्यायालय चकबन्दी अधिकारी प्रथम मुरादाबाद। वाद संख्या 18/53/आर/202454135415020473 अन्तर्गत धारा-9क (2) जो० च० अधि० मौहम्मद मियां **बनाम** सरकार आदेश दिनांक 08.05.2025 के विरूद्ध योजित की गई है जिसमे सुनवाई हेतु 19.03.2026 नियत है। प्रकरण ग्राम गोविन्दपुर कलां तह० व जिला मुरादाबाद के खतौनी खाता सं० 211 के गाटा सं० 10ख, 85, 280क, 86ख की भूमि पर स्वत्वाधिकार से सम्बन्धित है। उक्त अपील में 1 महेन्द्र पाल, 2., कैलाश चन्द्र, 3. जगदीश कुमार, 4.राम बाबू 5. अजीत कुमार पुत्रगण रामौतार, 6. श्रीमती रामेश्वरी देवी पत्नी रामओतार निवासीगण ग्राम गतौरा तह० व जिला मुरादाबाद को मुकदमा पक्षकार बनाया गया है। उक्त उत्तरवादीगण बावजूद सूचना न्यायालय में अनुपस्थित है। अत: प्रकरण को अन्तिम रूप से निस्तारित किए जाने से पूर्व उक्त मुकदमा पक्षकारगण 01 लगायत 06 (1. महेन्द्र पाल, 2. कैलाश चन्द्र, 3. जगदीश कुमार 4. राम बाबू 5.अजीत कुमार पुत्रगण रामौतार 6 . श्रीमती रामेश्वरी देवी पत्नी रामओतार निवासी गण ग्राम गतौरा तह० व जिला मुरादाबाद) को सूचित किया जाता है कि वह इस न्यायालय में दिनांक 02.04.2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, जिससे उक्त प्रकारण का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर किया जा सकें। यदि आप उपस्थित नहीं होते है तो उक्त प्रकरण का निस्तरण एक पक्षीय रूप में गुण-द्वोष के आधार पर कर दिया जायेगा। जिसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा।

**न्यायालय**
**बंदोबस्त अधिकारी**
**चकबन्दी, मुरादाबाद।**

**बेदखली सूचना**

मैं अपने पुत्र विक्की सैनी व पुत्रवधू श्रीमती विनती सैनी को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखलकर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद करती हूं। भविष्य इनके द्वारा किए गए किसी भी गलत कृत्यों/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
**श्रीमती कंचन पत्नी श्री चंद्रभान निवासी प्रकाश नगर इंदिरा गांधी स्कूल के पीछे लाइनपार थाना मझोला तहसील व जिला मुरादाबाद।**

**नोटिस/सूचना बावत**
श्री मौहम्मद मियां पुत्र मुस्तफा मियां आदि नि. घेरवख्शी रामपुर जिला रामपुर की ओर से मुख्तारे खास नासिर खां पुत्र स्व. अच्छन खां नि. लालबाग, नई आबादी मुरादाबाद द्वारा प्रस्तुत
**अपील संख्या:**-48/128/202554135
400000213
अन्तर्गत धारा-11 (1) जो० च० अधि०
ग्राम-गोविन्दपुरकला पर0 व
तह0 व जिला मुरादाबाद।
**न्यायालय बन्दोवस्त अधिकारी**
**चकबन्दी, मुरादाबाद।**

उपरोक्त वर्णित अपील बावत न्यायालय चकबन्दी अधिकारी प्रथम मुरादाबाद। **वाद संख्या**- 17/52/आर/2.24541354150 20471 अन्तर्गत धारा-9क (2) जो० च० अधि० सरकार **बनाम** मौहम्मद मियां आदेश दिनांक 24.03.2025 के विरूद्ध योजित की गई है जिसमे सुनवाई हेतु 19.03.2026 नियत है। प्रकरण ग्राम गोविन्दपुर कलां तह० व जिला मुरादाबाद के खतौनी खाता सं० 146 के गाटा सं० 37ख की भूमि पर स्वत्वाधिकार से सम्बन्धित है। उक्त अपील में 1. बब्बू उर्फ अहमद हुसैन 2. भूरे मियां 3. नूर अहमद मियां 4- जमील मियाँ पुत्रगण सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां निवासीगण ग्राम मल्लूपुरा हरदोडांडी पोस्ट भगतपुर जिला मुरादाबाद को मुकदमा पक्षकार बनाया गया है। उक्त पक्षकारगण में से बब्बू उर्फ अहमद हुसैन व मूरे मियां व जमील मियाँ पुत्रगण सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां के वारिसान सईद अहमद व तय्यब खां पुत्रगण बब्बू उर्फ अहमद हुसैन व मौ० फरीद व उरूज मियां पुत्रगण भूरे मियां को प्रतिस्थापित किया गया। उक्त उत्तरवादीगण बावजूद सूचना न्यायालय में अनुपस्थित है। अत: प्रकरण को अन्तिम रूप से निस्तारित किए जाने से पूर्व उक्त मुकदमा पक्षकारगण (1.नूर अहमद मियां पुत्र सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां, 2. सईद अहमद 3.तय्यब खां पुत्रगण बब्बू उर्फ अहमद हुसैन निवासी ग्राम मल्लूपुरा हरदोडांडी पोस्ट भगतपुर जिला मुरादाबाद 4. मौ० फरीद 5. उरूज मियां पुत्रगण भूरे मियां निवासी ग्राम झन्डे वाली मिलक दलपतपुर जिला मुरादाबाद) को सूचित किया जाता है कि यह इस न्यायालय में दिनांक 02.04. 2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, जिससे उक्त प्रकारण का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर किया जा सकें। यदि आप उपस्थित नहीं होते है तो उक्त प्रकरण का निस्तारण एकपक्षीय रूप से गुण-दोष के आधार पर कर दिया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा।

**न्यायालय**
**बंदोबस्त अधिकारी**
**चकबन्दी,मुरादाबाद।**

**नोटिस/सूचना बावत**
श्री मौहम्मद मिया पुत्र मुस्तफा मिया आदि नि. घेरवख्शी रामपुर जिला रामपुर की ओर से मुख्तारे खास नासिर खां पुत्र स्व. अच्छन खां नि. लालबाग, नई आबादी मुरादाबाद द्वारा प्रस्तुत
**अपील संख्या:** 54/134/2025
54135400000223
अन्तर्गत धारा-11 (1) जो० च० अधि०
ग्राम-गोविन्दपुरकला पर0 व
तह0 व जिला मुरादाबाद।
**न्यायालय बन्दोवस्त अधिकारी**
**चकबन्दी, मुरादाबाद।**

उपरोक्त वर्णित अपील बावत न्यायालय चकबन्दी अधिकारी प्रथम मुरादाबाद। वाद संख्या 15/50/आर/202454135415020472 अन्तर्गत धारा-9क (2) जो० च० अधि० सरकार **बनाम** मौहम्मद मियां आदेश दिनांक 24.03.2025 के विरूद्ध योजित की गई है जिसमे सुनवाई हेतु 19.03.2026 नियत है। प्रकरण ग्राम गोविन्दपुर कलां तह० व जिला मुरादाबाद के खतौनी खाता सं० 14 के गाटा सं० 25 ख की भूमि पर स्वत्वाधिकार से सम्बन्धित है। उक्त अपील में 1-बब्बू उर्फ अहमद हुसैन, 2. भूरे मियां, 3. नूर अहमद मियां, 4. जमील मियाँ पुत्रगण सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां निवासीगण ग्राम मल्लूपुरा हरदोडांडी पोस्ट भगतपुर जिला मुरादाबाद को मुकदमा पक्षकार बनाया गया है। उक्त पक्षकारगण में से बब्बू उर्फ अहमद हुसैन व भूरे मियां व जमील मियाँ पुत्रगण सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां के वारिसान सईद अहमद व तय्यब खां पुत्रगण बब्बू उर्फ अहमद हुसैन व मौ० फरीद व उरूज मियां पुत्रगण भूरे मियां को प्रतिस्थापित किया गया। उक्त उत्तरवादीगण बावजूद सूचना न्यायालय में अनुपस्थित है। अत: प्रकरण को अन्तिम रूप से निस्तारित किए जाने से पूर्व उक्त मुकदमा पक्षकारगण (1. नूर अहमद मियां पुत्र सय्यद हसन उर्फ सप्पू मियां, 2. सईद अहमद 3-तय्यब खां पुत्रगण बब्बू उर्फ अहमद हुसैन निवासी ग्राम मल्लूपुरा हरदोडांडी पोस्ट भगतपुर जिला मुरादाबाद 4. मौ० फरीद 5. उरूज मियां पुत्रगण भूरे मियां निवासी ग्राम झन्डे वाली मिलक दलपतपुर जिला मुरादाबाद) को सूचित किया जाता है कि यह इस न्यायालय में दिनांक 02.04. 2026 को उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें, जिससे उक्त प्रकारण का निस्तारण गुण-दोष के आधार पर किया जा सकें। यदि आप उपस्थित नहीं होते है तो उक्त प्रकरण का निस्तारण एक पक्षीय रूप से गुण-दोष के आधार पर कर दिया जाएगा, जिसका समस्त उत्तरदायित्व आपका होगा।

**न्यायालय**
**बंदोबस्त अधिकारी**
**चकबन्दी, मुरादाबाद।**

## महिला सुरक्षा टीम ने महिलाओं को किया जागरूक

**ठाकुरद्वारा।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत मंगलवार को महिला सुरक्षा टीम ने नगर के मैन बाजार सहित अन्य मोहल्लों में महिलाओं को उनके अधिकारी के प्रति जागरूक किया। इसमें ना महिलाओं, युवतियों और बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सम्मान और सशक्तिकरण के बारे में बताया गया। महिला सुरक्षा टीम में उपनिरीक्षक अर्चना तोमर ने कहा कि महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नंबरों से तुरंत सहायता मिल जाती है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, वीमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड लाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, अग्निशमन सेवा 101, एंबुलेंस सेवा 102, 108, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 181 आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। वहीं उपनिरीक्षक ने मिशन शक्ति कक्ष, एंटी रोमियो स्क्वाइड, मिशन शक्ति केंद्र, महिला हेल्प डेस्क, महिला बीट व महिला बीट पुलिस अधिकारी, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना आदि के बारे में बताया। इसी के साथ महिलाओं, युवतियों और बालिकाओं को जागरूकता संबंधी पंपलेट भी वितरित किए। महिला कांस्टेबल सोनिका भी मौजूद रही।



## धार्मिक स्थलों से उतरे लाउडस्पीकर दोबारा लगाए तो होगी कार्रवाई

कुंदरकी। मंगलवार को नगर में प्रशासन ने शासनादेश के अनुपालन में धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर हटाने की कार्रवाई की। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर पहुंचकर नियमों के विरुद्ध लगे लाउडस्पीकर उतरवाए। थाना प्रभारी जसपाल सिंह ने बताया कि इससे पहले भी कई बार लाउडस्पीकर हटाने की कार्रवाई की जा चुकी है लेकिन बाद में कुछ स्थानों पर दोबारा लाउडस्पीकर लगा दिए जाते थे।

## शौर्य-2026 के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने लीग मैचों में बढ़त बनाने के लिए बहाया पसीना

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में विद्यार्थी वर्ग के एनुअल स्पोर्ट्स मीट "शौर्य-2026" के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने लीग मैचों में बढ़त बनाने के लिए खूब पसीना बहाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि विश्वविद्यालय में खेल प्रतियोगिताओं के आयोज से विद्यार्थियों में खासा उत्साह दिखायी दे रहा है। प्रतियोगिताओं के दौरान प्रतिकुल. पति- एक्सटर्नल अफेयर्स डॉ. राहुल कुमार मिश्रा, प्रतिकुलपति- रिसर्च एंड डेवलपमेंट डॉ. नवनीत वर्मा, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. राकेश कुमार यादव, विख्यात क्रिकेटर और कोच श्री बदरुद्दीन, डिस्ट्रिक्ट बास्केटबाल एसोसिएशन मुरादाबाद के श्री फिरोज खान सहित सभी स्कूलों के निदेशकों तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतिकुलपति- एकेडमिक्स एंड एडमिनिस्ट्रेशन व खेल निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने जानकारी दी कि स्पोर्ट्स मीट "शौर्य-2026" में क्रिकेट, बैडमिंटन, फुटबॉल, वॉलीबॉल, टेबल टेनिस, चेस, कैरम, जेवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो, लांग जंप, हाई जंप, रेस, कबड्डी, खो खो आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं, जो कि 30 मार्च तक चलेंगी।

## प्रशिक्षण उपरांत प्रधान अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**कांठ ( शाह टाइम्स )** डायट में संचालित दो दिवसीय प्रशिक्षण का आज समापन हो गया बताया गया कि परख कार्यक्रम के तहत जिन कॉलेजो में कार्यक्रम हुआ था उनके प्रधानाध्याप को जनपद भर से बुलाकर प्रशिक्षण दिया गया। आज दो दिवसीय प्रशिक्षण का समापन था उसमें कुछ फीडबैक लिए गए और उसके बाद प्रशिक्षण का प्रशस्ति पत्र सभी को दिया गया। इस कार्यक्रम में आशुतोष त्यागी वरिष्ठ प्रवक्ता और अनिल यादव डायट प्रवक्ता एसआरजी सचिन शुक्ला संजय विशाल नेगी सीआरसी रितु त्यागी एआरपी अकरम अली ठाकुरद्वारा रूपा आर्य एआरपी ठाकुर द्वारा और अक्षय कुमार एआरपी बिलारी डॉक्टर सुनील एआरपी ब्लॉक छजलैट और एआरपी भानु प्रताप सिंह बिश्नोई जयबीर सिंह आदि उपस्थित रहे।



## अभिनय चौधरी ने समरसता एवं भाईचारा सम्मेलन की सफलता को किया जनसंपर्क

**कांठ( शाह टाइम्स )** लोक दल के नेता अभिनय चौधरी ने 12 अप्रैल को आयोजित होने वाले समरसता एवं भाईचारा सम्मेलन की सफलता के लिए क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए लोगों से सम्मेलन में आने का आह्वान किया। उन्होंने मोहम्मदपुर भगवान दास रायपुर डुडैला पहाड़मऊ महमूदपुर एवं कांठ के फकीर गंज में कार्यकर्ताओं एवं लोगों के साथ समीक्षा की उन्होंने कहा कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की विचारधारा आज भी समाज के कमजोर शोषण और दलित वर्ग को न्याय और अधिकार दिलाने की प्रेरणा देती है। और लोकदल इन वर्गों की आवाज को मजबूत करने का काम कर रहा है उन्होंने बताया कि 12 अप्रैल को समरसता एवं भाईचारा सम्मेलन का आयोजन भीकनपुर में किया जा रहा है जिसमें समाज के सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।



## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता के साथ मारपीट, केस दर्ज

**भोजपुर, मुरादाबाद:** थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली विवाहिता ने अपने पति, सास-ससुर और जेठ के खिलाफ दहेज की मांग पूरी न होने पर मारपीट कर घर से निकालने के आरोप में केस दर्ज कराया है। विवाहिता प्रियंका ने प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार को दी तहरीर में बताया कि सात महीने पहले सनी के साथ उसका विवाह हुआ था। उसके पिता ने अपनी हैसियत के अनुसार दान दहेज में दो लाख रुपए नगद और समान दिया था, लेकिन उसके पति और ससुराल वाले इससे खुश नहीं थे। उन्होंने बताया कि उसके पति सनी, सुसर पप्पू, सास और जेठ अक्षय मोटरसाइकिल और डेढ़ लाख रुपए नगद लाने की मांग को लेकर उत्पीड़न करने लगे। 17 मार्च को उन्होंने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर चारों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( सी0 डि0 ) महोदय, मुरादाबाद।**
उत्तराधिकार वाद संख्या: 270/2025
**तारीख पेशी:** 04.04.2026
**आशुतोष चतुर्वेदी बनाम श्रीमती सुशीला देवी चतुर्वेदी आदि।**
आशुतोष चतुर्वेदी पुत्र स्व. सुभाष चन्द्र चतुर्वेदी निवासी गायत्री नगर लाइनपार मुरादाबाद हाल निवासी मकान नं0 26 श्री जी एन्कलेब ई.सी.एस. स्कूल के पास मुरार ग्वालियर शिव नगर सिरोल रोड ग्वालियर मध्य प्रदेश-**वादी।**
**बनाम**
**जनता आम गायत्री नगर लाइनपार, मुरादाबाद-प्रतिवादी।**
इश्तहार मजरिया अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद दरख्वास्त मुसम्मा आशुतोष चतुर्वेदी हुसूल सार्टीफिकेट बसूल कर कर्जा व किफायत हाय यापतनी मुसम्मा आशुतोष चतुर्वेदी मुसवफा राजीव कुमार चतुर्वेदी अपने मजिब एक्ट 7 सन् 1887 ई. बकत रू. हरगाह मुसम्मा आशुतोष चतुर्वेदी ने दरख्वास्त हूसूल सार्टीफिकेट गुजरानी हैं और तारीख 04 मास 04 सन् 2026 ई. बास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई हैं कि लिहाजा और इश्तहार जारी किया हैं कि जिस किसी को निस्तबत दरख्वास्त उत्तराधिकार के उज्र हो या असालत या बकालतन बक्त 10 बजे सुबह अदालत सिविल जज (सी.डि.) मुकाम मुरादाबाद में तारीख मुकर्रह हाजिर होकर उज्र अपना पेश करें। दर सूरत इनकजाय तारीख मजकूर के फिर उन किसी का सुना न और हुक्म मुनासिब निस्बत मजकूर दरख्वास्त के सादिर होगा।
**अहलमद**
**न्यायालय सिविल जज ( सी०डि० ), मुरादाबाद।**

# दीवार फांदकर घर में घुसे बदमाश, 60 हजार की नकदी व जेवर लेकर फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र के गांव असालतपुर जारई में सोमवार की देर रात एक घर में घुसे पांच नकाबपोश बदमाशों ने जमकर आतंक मचाया। बदमाश दीवार के सहारे सीढ़ी लगाकर घर में दाखिल हुए और तमंचे के बल पर गृहस्वामी दंपति को बंधक बनाकर नकदी व जेवर लूट लिए। हालांकि घटना के दौरान एक बदमाश घायल होकर गिर पड़ा, जिसे ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव निवासी हरपाल का मकान सड़क किनारे स्थित है, जबकि उसके अन्य भाई गांव के अंदर रहते हैं। हरपाल की पत्नी आशा ने बताया कि रात करीब एक बजे पांच नकाबपोश बदमाश दीवार पर सीढ़ी लगाकर घर में घुस आए। जैसे ही बदमाश अंदर उतरे, आहट से उनकी नींद खुल गई। बदमाशों ने तुरंत तमंचा दिखाकर पति-पत्नी को अपने कब्जे में ले लिया और जमीन बेचने के पैसे की मांग करने लगे। महिला ने बताया कि उन्होंने बदमाशों को समझाया कि वे मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाते हैं और उनके पास न तो कोई जमीन है और न ही उन्होंने कोई जमीन बेची है। इसके बावजूद बदमाशों ने दोनों के हाथ घर में पड़े कपड़ों से बांध दिए और कमरे में ले जाकर अलमारी व संदूक खंगालना शुरू कर दिया। अलमारी में कुछ खास नहीं मिला, लेकिन संदूक में रखे पर्स से लगभग 60 हजार रुपये नकद निकाल लिए, जो महिला ने भैंस बेचकर रखे थे। इसके अलावा बदमाशों ने महिला के कानों के कुंडल और गले का मंगलसूत्र भी लूट लिया। घटना के दौरान बदमाशों ने घर में करीब 30 से 35 मिनट तक उत्पात मचाया। इस बीच एक छोटे बच्चे को भी धक्का लगने से चोट आई और उसका एक दांत टूट गया। घर में शोर-शराबा होने पर सामने वाले मकान में रहने वाले लोग जाग गए, जिससे बदमाशों में भगदड़ मच गई। भागने के दौरान चार बदमाश सीढ़ी के सहारे दीवार पार कर फरार हो गए, जबकि एक बदमाश लगभग 14 फीट ऊंची दीवार से कूदते समय घायल हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल बदमाश को हिरासत में लेकर कोतवाली ले गई। बताया गया कि बदमाशों ने पास ही स्थित रिटायर्ड पुलिसकर्मी रमेशचंद्र के नलकूप से सीढ़ी उठाकर वारदात को अंजाम दिया था।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर फोरेंसिक टीम की मदद से साक्ष्य जुटाए। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तोमर ने बताया कि पकड़ा गया बदमाश गंभीर रूप से घायल है और उससे पूछताछ की जा रही है। उन्होंने बताया कि बदमाशों की उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच प्रतीत होती है, लेकिन सभी नकाब पहने हुए थे, जिससे पहचान नहीं हो सकी। मामले की जांच के लिए दो टीम गठित की गई हैं तथा वादी की तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत किया गया है। वहीं हरपाल, जो मंडी में पल्लेदारी का काम करता है, का कहना है कि पूरी सच्चाई पकड़े गए बदमाश से पूछताछ के बाद ही सामने आएगी। फिलहाल गांव में इस घटना के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है।



## राष्ट्रीय कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का हुआ समापन

**कांठ( शाह टाइम्स )** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे कुष्ठ रोगी खोजी अभियान का समापन हो गया। अभियान में मुरादाबाद में 47 कुष्ठ रोगियों की पुष्टि हुई। ठाकुरद्वारा में छह, बिलारी में तीन, कांठ में सात, मूंढापांडे में सात, भोजपुर में सात, डिलारी में छह, ताजपुर में चार, कुंद. रकी में तीन और मुरादाबाद शहर में चार कुष्ठ रोगियों की पुष्टि हुई। 47 मरीजों में 13 का उपचार छह माह तक किया जाएगा।

34 का उपचार एक साल तक चलेगा। अभियान में सभी ब्लाक एवं शहरी क्षेत्र में 2,787 टीमों द्वारा परीक्षण किया गया। टीमों ने घर-घर जाकर ऐसे मरीजों की खोज की थी। 14 दिवसीय अभियान जिला कुष्ठ परामर्शदाता डा. भास्कर अग्रवाल, जिला नाभिक टीम के रामानंद वाजपेयी, विनोद कुमार पाल ने निरीक्षण किया। परामर्शदाता के अनुसार, अभियान में टीमों द्वारा 34,0 9,933 लोगों की जांच की गई।

जिसमें से 1,318 संभावित मरीजों की खोज की गई।

## मां कात्यायनी की आराधना से गूंजे मंदिर, जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने मांगी सुख-समृद्धि

**ठाकुरद्वारा।** चैत्र नवरात्र के छठें दिन नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में मां दुर्गा के छठें स्वरूप मां कात्यायनी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। सुबह होते ही मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी और वातावरण "जय माता दी" के जयकारों से गूंज उठा। हर ओर भक्ति, श्रद्धा और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। धार्मिक मान्यता के अनुसार मां कात्यायनी को सृष्टि की आदिशक्ति माना जाता है। भक्तों का विश्वास है कि मां कात्यायनी की उपासना से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और कुंडली में सूर्य ग्रह भी सुदृढ़ होता है। नगर के प्रमुख मंदिरों-सनातन धर्म हिंदू इंटर कॉलेज के निकट स्थित दुर्गा मंदिर, खाकेश्वर मंदिर, श्री शिव धाम पंचशील मंदिर (पीपल टोला), सिंचाई विभाग स्थित कॉलोनी शिव मंदिर, वैश्य समाज गली का दुर्गा मंदिर, जाटवान मोहल्ला स्थित दुर्गा मंदिर, 84 घंटा मंदिर एवं कायस्थान मंदिर सहित आसपास के गांवों-रामनगर खागूवाला, मैसूवाला, मानवाला, रूपपुर टंडौला, पृथ्वीपुर गांवड़ी, गोपीवाला, पीलकपुर गुमानी, कालाझांडा, कमालपुरी खालसा, कुआंखेड़ा, पानूवाला, राजीपुर, शरीफनगर, भायपुर आदि के देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। शाम के समय मंदिरों में भजन-कीर्तन का विशेष आयोजन किया गया। महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए मां के भजनों से माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया। ढोल-नगाड़ों और घंटियों की ध्वनि के बीच श्रद्धालु भक्ति में लीन नजर आए।

## उ0प्र0समस के पुन: देवेंद्र नागपाल बने अध्यक्ष और महामंत्री बने राजेश वाल्मीकि

**ठाकुरद्वारा।** उत्तर प्रदेशीय सफाई मजदूर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष महेश काजू के निर्देश अनुसार प्रांतीय महामंत्री अश्वनी कुमार ने प्रदेश के सभी नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों में शाखा अध्यक्ष मनोनीत कर शीघ्र अति शीघ्र कार्यकारिणी का विस्तार कर प्रांतीय कार्यालय को अवगत कराते हुए नव नियुक्त पदाधिकारियों की सूची उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया था । जिसके अनुपालन में मंगलवाएर को उत्तर प्रदेशिय सफाई मजदूर संघ रजि. शाखा ठाकुरद्वारा के यूनियन कार्यालय पर एक कार्यकारिणी मीटिंग का आयोजन किया गया । मीटिंग में नयी कार्यकारणी गठन किया गया। इसमें संरक्षक राकेश हमराही , पुन: अध्यक्ष देवेंद्र नागपाल महामंत्री राजेश वाल्मीकि,उपाध्यक्ष आकेश कुमार, कोषाध्यक्ष नरेश कुमार, उपकोषाध्यक्ष राजकुमार आदिवासी, मीडिया प्रभारी अंकित भील एवं सदस्य ऋषिपाल सिंह, इंद्र कुमार, प्रेमपाल, सोनू कुमार, जितेंद्र कुमार, राविन्द्र कुमार, ओंमकार सिंह रहे।

# एनकेबीएमजी कॉलेज की एनएसएस इकाइयों का शिविर आयोजित

**चन्दौसी।** नगर के एन.के.बी.एम.जी. कॉलेज चन्दौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाइयों द्वारा चतुर्थ एक दिवसीय सामान्य शिविर का आयोजन पतंजलि बिहारी लाल प्राकृतिक आरोग्य सदन में किया गया। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शीतल, डॉ. प्रियंका एवं संजेश कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डॉ. संजेश कुमार ने स्वयंसेविकाओं को विभिन्न योगासन एवं योग मुद्राओं की जानकारी दी।

उन्होंने सूर्य नमस्कार, भुजंगासन, पादहस्तासन, कपालभाति क्रिया और पद्मासन जैसे महत्वपूर्ण योगाभ्यासों का प्रशिक्षण दिया तथा सभी छात्राओं से इनका अभ्यास भी कराया। इसके साथ ही संजेश आर्य ने स्वयंसेविकाओं की समस्याएं सुनकर उनके समाधान के संबंध में मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. सतीश शर्मा ने प्राकृतिक चिकित्सा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह चिकित्सा पद्धति खान-पान, रहन-सहन की आदतों, शुद्धिकरण प्रक्रियाओं, जल चिकित्सा, ठंडी पट्टी, मिट्टी की पट्टी, विभिन्न प्रकार के स्नान और मालिश पर आधारित होती है।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा शरीर को स्वस्थ रखने का सरल और प्रभावी माध्यम है। शिविर में छात्राओं को पंचकर्म, नेचुरोपैथी और आयुर्वेद जैसी पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। द्वितीय सत्र में स्वयंसेविकाओं के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे उनमें उत्साह और सहभागिता का संचार हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीता एवं मुकेश का विशेष सहयोग रहा। इस दौरान बड़ी संख्या में स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



# आईटीआई चन्दौसी में नि:शुल्क प्रशिक्षण के लिए आवेदन शुरू

**चन्दौसी।** राज्य सरकार के उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत राजकीय आईटीआई चन्दौसी में रोजगारपरक लघु अवधि प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह प्रशिक्षण विशेष रूप से 10वीं एवं 12वीं पास युवाओं के लिए संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत असिस्टेंट ड्रोन टेक्नीशियन, असिस्टेंट कंस्ट्रक्शन फिटर, इलेक्ट्रिक व्हीकल असेंबली ऑपरेटर, इलेक्ट्रिक व्हीकल सर्विस असिस्टेंट और फंडामेंटल ऑफ रोबोटिक्स जैसे कोर्स संचालित किए जाएंगे। सभी कोर्स गैर-आवासीय होंगे और उनकी अवधि 3 से 4 माह निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण पूरी तरह नि:शुल्क होगा और इसमें आधुनिक उपकरणों के माध्यम से प्रैक्टिकल ज्ञान दिया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षण पूर्ण होने पर प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा और प्रतिष्ठित कंपनियों में रोजगार के अवसर भी उपलब्ध कराए जाएंगे। आवेदन के लिए अभ्यर्थी की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रत्येक कोर्स में केवल 25 सीटें उपलब्ध हैं, इसलिए पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को आवेदन के लिए 4 फोटो, शैक्षिक प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। अधिक जानकारी के लिए राजकीय आईटीआई, तहसील रोड, चन्दौसी में संपर्क किया जा सकता है या दिए गए मोबाइल नंबरों पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## अफवाहों पर विराम: सीता रोड पर नाला निर्माण शुरू

**चन्दौसी।** सीता रोड पर नाला निर्माण को लेकर फैली अफवाहों पर अब विराम लग गया है। रघुनाथ आश्रम से गणेश मंदिर तक अधूरा पड़ा नाला निर्माण कार्य दोबारा शुरू कर दिया गया है, जिससे क्षेत्रवासियों ने राहत की सांस ली है। पिछले कुछ समय से स्थानीय लोगों में यह आशंका बनी हुई थी कि सड़क चौड़ीकरण के दौरान उनके मकान और दुकानें अतिक्रमण की जद में आ सकती हैं। इसी कारण नाला निर्माण कार्य रुकने को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हो रही थीं। हालांकि अब ठेकेदार द्वारा नाले की खुदाई शुरू किए जाने के बाद स्थिति स्पष्ट हो गई है। जानकारी के अनुसार, नाला निर्माण कार्य गणेश मंदिर तक पूरा किया जाएगा। इससे बरसात के दौरान सीता रोड पर होने वाले जलभराव की समस्या से काफी हद तक निजात मिलने की उम्मीद है।

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

**उत्तर रेलवे**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | |
|---|---|
| विभाग | Electrical (TRD) |
| टेंडर नं | T-24-TRD-MB-25-26 |
| कार्य का नाम | मुरादाबाद मंडल के 53 लेवल क्रॉसिंग गेटों पर डमी ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) की व्यवस्था करना। |
| निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक एवं समय | 14.04.2026,15:00 hrs |
| कार्य की अनुमानित लागत | Rs 2,71,15,572.92/- (Including GST@ 18%) |
| बिड सिक्यूरिटी राशि | Rs. 2,85,600/- |
| निविदा प्रपत्र मूल्य | NIL |
| ऑफर की वैधता (दिन) | 60 Days |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 06 Months |
| वेबसाइट एवं कार्यालय का पता | www.ireps.gov.in Divisional Railway Manager's Office, Northern Railway, Moradabad. |

निविदा सूचना स.: Elect/TRD/MB/2025-26/TN-26 दिनांक: 23.03.2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 987/26

**उत्तर रेलवे**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू.) | कार्यालय का पता जहां से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 18/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2025तीसरी कॉल:- मुरादाबाद डिवीजन के विभिन्न स्थानों पर पंप स्थापना और संबंधित सहायक उपकरणों की व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य। | 10722601.36 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | 203600.00 | 6 (छ:) माह | निविदायें दिनांक 15.04.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद। |

सूचना संख्या : 09/2026 दिनांक: 24/03/2026 993/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## एक नजर

## मुख्य मार्ग का जाम ना ले ले किसी मरीज की जान




**कांठ( शाह टाइम्स )** मुख्य मार्ग पर लगने वाला जाम किसी दिन किसी मरीज की जान ना ले ले इसका खतरा हमेशा बना रहता है आज लगने वाले जाम में एक एंबुलेंस फस गई एंबुलेंस का हूटर बजता रहा लेकिन रिक्शा चालकों ने उसे रास्ता देना मुनासिब नहीं समझा। हालांकि कुछ समझदार वाहन चालकों की वजह से एंबुलेंस निकल गई लेकिन जाम के चलते कभी भी किसी मरीज की जान जा सकती है। बतादे की मुख्य मार्ग पर प्रतिदिन जाम लगता रहता है और इससे निजाद दिलाने में प्रशासन पूरी तरह से नाकाम है पीस कमेटी की बैठक में भी जाम से बचाए जाने का मुद्दा हमेशा उठता है।

लेकिन यह एक ऐसा काम है जो आज तक भी पूरा नहीं हो पाया है आज भी दोपहर के वक्त धामपुर से आ रही है एंबुलेंस जाम में फस गई एंबुलेंस चालक ने काफी हूटर बजाया लेकिन रिक्शा चालकों ने सड़क से हटना जरूरी नहीं समझा कुछ समझदार वाहन चालकों ने एंबुलेंस को रास्ता दिया तो एंबुलेंस हूटर बजाती हुई निकल गई लेकिन यह जाम किसी भी दिन किसी मरीज के लिए घातक हो सकता है नगर के लोगों ने जाम से निजाद दिलाए जाने की मांग उठाई है।

## रास्ते में रोक कर जानलेवा हमला करने के आरोप में तीन के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** रास्ते में रोक कर जानलेवा हमला करने के आरोप में पुलिस ने एक ही परिवार के तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है घटना 23 मार्च की है थाना क्षेत्र के गांव मनकुआ निवासी पूजा रानी का आरोप था कि शाम को करीब 4:00 बजे उसके पति दीपक ससुर हुकम सिंह खेत से चार लेकर वापस आ रहे थे जहां रास्ते में गांव के पति. राम पुत्र श्यामलाल उपेंद्र पुत्र पातीराम और पतराम पुत्र श्यामलाल ने गाली गलौज करनी शुरू कर दी और उपेंद्र ने उसके ससुर हुकम सिंह को जान से मारने की नीयत से धारदार गंडासे से हमला कर दिया जो कि हुकम सिंह के सिर में लगा पतिराम ने तमंचा निकाल कर दीपक को जान से मारने की नियत से फायर झोंका उसके पति के गिर जाने से वह बच गए पतराम के हाथ में सरिया था जिससे दोनों के सिर तथा शरीर में अनेक चोट आई उपेंद्र ने दीपक को जानसे मारने के लिए गंडासे से हमला किया जो कि दीपक के हाथ में लग गया और उसकी उंगली कट गई इन तीनों ने मिलकर पति और ससुर के साथ मिलकर मारपीट की शोर मचा तो उसकी सास गायत्री देवी सिंपल अंकित मौके पर पहुंच गए लेकिन पतराम लगातार धमकता रहा और दोनों को जान से मारने की धमकी देता रहा पीड़ित ने 112 नंबर पर कॉल किया तो वह लोग भाग गए पुलिस घायलों को लेकर सरकारी अस्पताल पहुंची पीड़िता ने थाने में तहरीर दी पुलिस ने तीनों खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## जमीन का बैनामा कराने को लेकर हुई मारपीट में चार को किया नामजद

**कांठ( शाह टाइम्स )** जमीन का बैनामा कराने को लेकर हुई कहा सुनी और मारपीट में पुलिस ने चार को नाम जडद करते हुए जांच शुरू की है उमरी कला के मोहल्ला फरीद गंज निवासी नसीमुद्दीन नसीराबाद निवासी ताहिर और इंतजादीन ने अपनी जमीन बाबू को बेची थी बाबू से उक्त जमीन को नसीमुद्दीन ने लेना तय कर लिया आरोप है कि बैनामा कराने के लिए वह चार जिम्मेदार आदमी लेकर चदा के यहां गए तो उसने गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से हमला कर दिया और तमंचा लेकर वार कर दिया तभी यूनुस व युसूफ हाथ में धारदार हथियार लेकर आए और उन पर हमला कर दिया यूनुस ने फावड़े से नसीमुद्दीन पर हमला किया जिससे वह घायल हो गया बाकी व्यक्तियों ने ताहिर को मारपीट कर घायल कर दिया उसे भी चोट आई और वह जमीन पर गिर पड़ा उक्त लोगों ने कहा कि आज वह तुम्हें जान से मार देंगे लोग इकट्ठा हुए तो हमलावरों ने उन्हें छोड़ दिया पीड़ित पक्ष थाने पहुंचा और तहरीर दी पुलिस ने इस मामले में इंतजाम यूनुस युसूफ और अब्दुल्ला को नामजद किया है। उधर इंतजामुद्दीन का कहना था कि वह अपने घर पर परचून की दुकान चलाता है उसी के पास उसके भाई मोहम्मद यूनुस की दुकान भी है सुबह लगभग 9:30 बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था तभी पास के रहने वाले जहीर हसन ताहिर हसन मोहम्मद दाऊद एवं नसीमुद्दीन उसकी दुकान पर आए और लाठी डंडे एवं अन्य घातक हथियारों से हमला कर दिया ताहिर हसन ने गंडासे से प्रहार किया जिससे उसका सिर फट गया इसके अलावा जहीर हसन ने लोहे की रॉड ले रखी थी दाऊद के हाथ में तमंचा था और नसीमुद्दीन के हाथ में डंडा था शोर मचा तो उसके भाई उसे बचाने के लिए दौड़े तो उन्होंने उनके साथ भी जमकर मारपीट की और जान से मारने की नीयत से हमला कर दिया बीच बचाव करने आए यूनुस पुत्र कयामुद्दीन के सिर में भी काफी चोट आई फिर यह लोग थाने आए और इन्होंने भी हमलाबरो के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने इस मामले में जहीर हसन ताहिर हसन मोहम्मद दाऊद और नसीमुद्दीन के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की है।

## लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने में दूसरे समुदाय के युवक पर एफआईआर

**कांठ ( शाह टाइम्स )** लड़की को बहला फुसला कर भगा ले जाने के मामले में पुलिस ने दूसरे समुदाय के युवक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है थाना क्षेत्र के गांव निवासी का कहना था कि उसकी पुत्री की उम्र लगभग 15 साल है जो की 23 मार्च की रात को करीब 8:00 बजे घर से गायब हो गई बाद में पता चला कि उसे थाना छजलेट क्षेत्र के गांव भीकनपुर निवासी दानिश पुत्र नन्हे शादी करने की नियत के साथ बहला फुलाकर भगा ले गया है। पीड़ित ने दानिश के खिलाफ तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

## महिला हेल्पलाइन पर शिकायत करना पड़ा भारी दबंगों ने आकर धमकाया

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दबंगो के खिलाफ महिला हेल्पलाइन पर शिकायत करना भारी पड़ गया उन्होंने महिला को धमकाना शुरू कर दिया महिला की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। उमरी कला निवासी तबस्सुम जहां पत्नी अनवर का आरोप है कि उसके पास 100 वर्ग गज का मकान है उसके जेठ ने उसके मकान के 20 गज हिस्से को किसी नसीम अहमद नाम के व्यक्ति को बेच दिया था। नसीम बदमाश किस्म का व्यक्ति है और जेल जा चुका है उसका पति विदेश में रहता था एक दिन उसका जेठ उमर तथा देवर अशरफ और पड़ोसी नसीम एवं पति के खालू साजिद आए और मकान में तोड़फोड़ करने लगे विरोध किया तो गंदी-गंदी गालियां देने लगे और धक्का मुक्की की उसके मकान की दीवार को तोड़ दिया और लिंटर को भी छतिग्रस्त कर दिया जिससे उसका घर असुरक्षित हो गया इन लोगों ने उसे और उसके बच्चों को जान से मारने की धमकी दी तो मजबूरन उसने अपने पति को विदेश से बुला लिया आरोप है कि उन्होंने उसकी भूमि पर कब्जा करके दीवार खड़ी कर दी जिससे उसका लाखों का नुकसान हुआ पति घर आए तो उनसे इन्होंने दीवार पीछे हटाने को कह दिया और बाद में दीवार को नही हटाया। उसने महिला हेल्पलाइन पर इस बात की शिकायत दर्ज कराई तो उन्होंने उसे घर जाकर गाली गलौज और धमकी देना शुरू कर दिया। पुलिस ने मोहम्मद उमर अशरफ नसीम और साजिद के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

## महिलाओं को दी सुरक्षा की जानकारी

**बिलारी।** कोतवाली में कार्यरत महिला सुरक्षा सेल द्वारा महिलाओं व बालिकाओं को एकत्रित कर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक करते हुए हेल्पलाइन नम्बरों 1076 ( मुख्यमंत्री हेल्पलाइन ), 1090 ( वीमेन पावर हेल्पलाइन ), 1930 ( साइबर अपराध हेल्पलाइन ),108 एंबुलेंस सेवा), 1098 ( चाइल्ड हेल्प लाइन) तथा 1078, 181, 112 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। टीम प्रभारी छाया बालियांन ने बताया प्रदेश सरकर द्वारा महिलाओं की सुरक्षा और स्वावलंबन को लेकर अनेक योजनाएं चलाई जा रही है।

# वोल के पहले T20 शतक से ऑस्ट्रेलिया ने विंडीज का किया 3-0 से क्लीन स्वीप

**सेंट विन्सेंट, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को डीएलएस मेथड से वेस्टइंडीज को 40 रन से हराकर महिला टी 20 सीरीज में 3.0 से क्लीन स्वीप कर लिया। बारिश ने वेस्टइंडीज के 212 रन के लक्ष्य का पीछा करना मुश्किल कर दिया,

जिससे 10 ओवर में उनका स्कोर 61/3 हो गया। किंग्सटाउन में डेढ़ घंटे से ज्यादा समय तक बारिश रुकने का नाम नहीं ले रही थी, इसलिए नतीजा डीएलएस मेथड से तय किया गया। ऑस्ट्रेलिया के टोटल में जॉर्जिया वोल का 52 गेंदों पर पहला टी20 शतक सबसे ऊपर रहा। वह मेग लैनिंग (दो बार), बेथ मूनी (दो बार) और एलिसा हीली के साथ ऑस्ट्रेलिया महिला टी20 शतक बनाने वालों में शामिल हो गईं। नौ



चौके और छह छक्के लगाकर, उन्होंने 17वें ओवर में अपना शतक पूरा किया और दो गेंद बाद हेली मैथ्यूज ने उन्हें आउट कर दिया। बाद में ओवर में, मैथ्यूज ने जॉर्जिया वेयरहम का भी विकेट लिया, जिस दिन उनकी बाकी टीम की खिलाड़ियों ने रन दिए, और 3-29 के साथ मैच खत्म किया। उस पॉइंट तक, यह जडादातर वोल की अकेले की कोशिश थी, टॉप पांच में से कोई भी दूसरी बैटर 20 का स्कोर पार नहीं कर पाई थी। उनका 200 पार करना कुछ हद तक कैप्टन सोफी मोलिनक्स की वजह से था, जिन्होंने 19वें ओवर में 15 रन लिए, और फिर आखिरी ओवर में छक्का मारकर ऑस्ट्रेलिया को विमेंस टी20 में अब तक का पांचवां सबसे बड़ा टोटल दिलाया। मोलिनक्स के दोनों छक्के काउ कॉर्नर एरिया में आए - एक फुल-टॉस पर और दूसरा फी-हिट पर - जिससे वोल की मैराथन को. शिश के बाद ऑस्ट्रेलिया ने शानदार प्रदर्शन किया, इत्तेफाक से विमेंस टी20 में वेस्टइंडीज के खिलाफ यह उनकी पहली सेंचुरी थी। इससे पहले ब्रैथवेट ने तीसरे ओवर में शट्ट की गेंद पर छक्का मारकर मैच को आगे बढ़ाया। थोड़ी देर बाद, लूसी हैमिल्टन ने धीमी गेंद फेंककर उन्हें कैच-एंड-बॉल कर दिया, जिससे वे और मुश्किल में पड़ गए। छह ओवर के आखिर में, उनका स्कोर 33/3 हो गया था। मैथ्यूज और डिएंड्रा डॉटिन कुछ देर शांत रहीं, फिर दोनों ने अलाना किंग, जो प्लेयर ऑफ द सीरीज थीं, की गेंद पर छक्का मारा, जो ट्रैक पर कूदकर मिडविकेट की रस्सी को पार कर गई।

यह वेस्टइंडीज की आखिरी लड़ाई थी, एक ओवर बाद, बारिश के कारण खिलाड़ी वापस जा रहे थे। संक्षिप्त स्कोर: ऑस्ट्रेलिया महिला टीम 20 ओवर में 211/7 (जॉर्जिया वोल 101, सोफी मोलिनक्स 25, हेली मैथ्यूज 3-29, जहजारा क्लैक्सटन 2-37) ने वेस्टइंडीज महिला टीम को 10 ओवर में 61/3 (हेली मैथ्यूज 30), एबोनी ब्रैथवेट 18, एलिस पेरी 1-1, मेगन शुट्ट 1-11) को 40 रन (डीएलएस मेथड) से हराया।

# दक्षिण अफ्रीका दौरे पर टी20 सीरीज के लिए काशवी गौतम भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली, वार्ता।** तेज गें. दबाजी ऑलराउंडर काशवी गौतम को अप्रैल में दक्षिण अफ्रीका में होने वाली पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है।

हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर काशवी ने टेस्ट और वनडे दोनों सीरीज में हिस्सा लिया था, लेकिन अब तक उनका टी20 डेब्यू नहीं हुआ है। चयनकर्ताओं ने उमा छेत्री को भी दल में ऋचा घोष के बैकअप के रूप में शामिल किया है। छेत्री ने 17 साल की जी कमालिनी की जगह ली है जिन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज में टी20 डेब्यू करने के बाद से कोई अंत. रराष्ट्रीय मैच नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर वह टी20 दल का हिस्सा थीं, लेकिन उन्हें कोई भी मैच खेलने का मौका नहीं मिला था। श्रीलंका के खिलाफ सभी पांच टी20 खेलने और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर बेंच पर रहने



वाली बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा को भी बाहर कर दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर दो मैचो में 3 और 1 का स्कोर बनाने तथा तीन ओवर में 30 रन देने वाली ऑलराउंडर अमनजोत कौर को भी बाहर का रास्ता दिखाया गया है। अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह और क्रांति गौड़ के साथ गौतम तेज गेंदबाजी की चौथी विकल्प होंगी। दीप्ति शर्मा, श्री चरणी और श्रेयंका पाटिल स्पिन विभाग की जिम्मेदारी संभालेंगी। दक्षिण अफ्रीका का ये दौरा डरबन में शुरू होगा जहां 17 और 19 अप्रैल को पहले दो टी20 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद 22 और 25 अप्रैल को जोहान्सबर्ग में अगले दो मैच तथा 27 अप्रैल को बेनोनी में दौरे का आखिरी मैच खेला जाएगा।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### आयुष शेट्टी को थॉमस कप 2026 के लिए पहली बार चुना गया

**बेंगलुरु।** भारत की अगली पीढ़ी के बैडमिंटन टैलेंट को एक बड़ा बढ़ावा देते हुए युवा खिलाड़ी आयुष शेट्टी को थॉमस कप फाइनल्स 2026 के लिए नेशनल टीम में पहली बार चुना गया, जो उनके तेज़ी से बढ़ते करियर में एक बड़ा मील का पत्थर है। बैडमिंटन एसोसिएशन आफ़ इंडिया ने मंगलवार को 24 अप्रैल से 3 मई तक डेनमार्क के हॉर्सेंस में होने वाले टूर्नामेंट के लिए एक बैलेंस्ड टीम का नाम बताया, जिसमें शेट्टी अनुभवी पुरुषों की लाइनअप में सबसे खास खिलाड़ियों में से एक के रूप में उभरे। शेट्टी का सिलेक्शन सीनियर सर्किट पर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बाद हुआ है, जहाँ उन्होंने लगातार एक शांत और तकनीकी रूप से मजबूत खिलाड़ी के रूप में अपनी पहचान बनाई है जो सबसे ऊँचे लेवल पर मुक. ाबला करने में सक्षम है। उनके शामिल होने से यह सफ़ पता चलता है कि सिलेक्टर जाने-माने सितारों के साथ-साथ युवाओं में भी इन्वेस्ट करना चाहते हैं।

### यूथ डेल्फकि गेम्स में भारत ने ऐतिहासिक शुरुआत की

**बिश्केक (किर्गिस्तान)।** भारत की सांस्कृतिक और कलात्मक यात्रा के लिए एक अहम पल में, 46 सदस्यों वाला भारतीय डेलीगेशन शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) के सदस्य देशों के पहले यूथ डेल्फकि गेम्स में हिस्सा लेने के लिए बिश्केक, किर्गिस्तान पहुंच गया है। यह किसी भारतीय कलाकारों की टीम का ग्लोबल कॉम्पिटिटिव फॉर्मेट में पहली बार हिस्सा लेने का प्रतीक है, जो इंटरनेशनल सांस्कृतिक आंदोलन में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगा। इस डेलीगेशन में, जिसमें पूरे भारत के 46 युवा कलाकार और इंटरनेशनल जूरी सदस्य शामिल हैं।

# हम यहां जीतने के लिए हैं: आशीष

**अहमदाबाद, वार्ता।** आईपीएल 2026 से पहले गुजरात टाइटन्स के साफ नजरिए के बारे में बताते हुए हेड कोच आशीष नेहरा ने कहा कि टीम का फोकस मुकाबला करने और जीतने पर बना हुआ है। शुभारंभ 2026 में बोलते हुए, जो एक यादगार शाम थी जिसमें पूरी टीम, फ्रैंचाइजी मालिक, पार्टनर और फैन एक साथ आए, नेहरा ने कहा कि टाइटन्स अपने खेलने का तरीका बदलना नहीं चाहते हैं।

उन्होंने खिलाड़ियों और उनके फैसले लेने पर टीम के भरोसे पर जोर देते हुए कहा, ष्मुझे नहीं लगता कि इस सीजन में अलग तरह से सोचने की जरूरत है। असल में, मुझे नहीं सोचना है, खिलाड़ियों को सोचना है। उन्हें सोचना है। उन्हें खेलना है, मैं बाहर बैठा हूं। टीम की सोच पर जोर देते हुए, नेहरा ने कहा कि



पहले दिन से ही हमारी सोच साफ रही है, हम यहां हिस्सा लेने नहीं आए हैं, हम यहां मुकाबला करने और जीतने आए हैं। एक नई टीम के लिए, यह सोचना आसान है कि इसमें समय लग सकता है, लेकिन हमारा नजरिया कभी ऐसा नहीं था। 2022 में आईपीएल में शामिल होने के बाद से, गुजरात टाइटन्स सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है, जो अपने पहले चार सीजन में से तीन में प्लेऑफ तक पहुंची और 2022 में अपने पहले सीजन में ही खिताब जीता। ग्रुप में कंटिन्यूटी पर, नेहरा ने कहा, ष्आप एक ऐसे कप्तान की बात कर रहे हैं जो पहले दिन से टीम के साथ है और उसने वह सफर देखा है। मुझे नहीं लगता कि हम इस सीजन में कुछ अलग करने की सोच रहे हैं। शुभारंभ 2026 ने नए सीजन की शुरुआत की, साथ ही फ्रेंचाइजी के पांच साल के सफर पर भी बात की। एकता, महत्वाकांक्षा और गुजरात-फर्स्ट की भावना को दिखाते हुए, जो फ्रेंचाइजी को पहचान देती है, इस इवेंट में सोच, पहचान और कल्चरल सेलिब्रेशन का मिक्स था, जिससे टीम का अपने फैंस और राज्य के साथ गहरा कनेक्शन और मजबूत हुआ। गुजरात टाइटन्स अपना आईपीएल 2026 कैंपेन 31 मार्च को मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ शुरू करेगी।

# श्रीलंका ने आईपीएल के लिए ईशान मलिंगा को मंजूरी दी

### हसरंगा व पथिराना को इंतजार करना पड़ेगा

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने ईशान मलिंगा को आईपीएल में हिस्सा लेने की मंजूरी दे दी है, लेकिन बाकी तीन - नुवान तुषारा, वानिंदु हसरंगा और मथीशा पथिराना - के बारे में अभी कोई अपडेट नहीं है, जो 28 मार्च से शुरू होने वाली लीग में हिस्सा लेने के लिए अभी भी श्रीलंकाई बोर्ड से मंजूरी का इंतजार कर रहे हैं। एक फ्रेंच. इजी अधिकारी ने क्रिकबज को कन्फर्म किया कि मलिंगा (25), जो दाएं हाथ के तेज गें. दबाज हैं, मंगलवार (24 मार्च) को सनराइजर्स टीम को रिपोर्ट करेंगे।

मलिंगा अपने साथी श्रीलंकाई खिलाड़ी कामिंडू मेंडिस के साथ हैदराबाद पहुंचेंगे, जो 27 साल के बाएं हाथ के बैट्समैन हैं और जिन्हें पहले ही एनओसी मिल चुकी है। माना जा रहा



है कि हसरंगा (एलएसजी) और पथिराना (केकेआर) को सोमवार को फिटनेस टेस्ट में शामिल होने का मौका नहीं मिला, जिसका मतलब है कि आईपीएल 2026 के लिए उनके भारत आने में देरी होगी। क्रिकबज ने पहले बताया था कि पथिराना, जिन्हें केकेआर ने 18 करोड़ रुपये में साइन किया है, इस सीजन का कुछ हिस्सा मिस करने वाले हैं, क्योंकि फेंच. इजी उनके पूरी तरह ठीक होने का इंतजार करना चाहती है, न कि उनका रिप्लेसमेंट ढूंढना चाहती है। एलएसजी को अपने 2 करोड़ रुपये के रिक्रूट हसरंगा के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के 31 साल के पेसर तुषारा के बारे में अभी कोई जानकारी नहीं है। एसएलसी ने हाल ही में एक बयान जारी कर कहा, ष्प्ब्स् में हिस्सा लेने के लिए नुवान तुषारा की नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट की एलिजिबिलिटी उनके फिजिकल परफॉर्मेंस टेस्ट के नतीजे पर निर्भर करेगी।ष सोमवार (23 मार्च) तक उनका एनओसी स्टेटस साफ नहीं है। लेकिन आईपीएल में दूसरे श्रीलंकाई खिलाड़ी, दुष्मंत चमीरा और पथुन निसंका (दोनों डीसी) के साथ-साथ हाल ही में आरआर में शामिल हुए दासुन शनाका को क्लियर कर दिया गया है।

# गुजरात टाइटन्स का 'शुभ आरंभ 2026' विरासत और विश्वास पर आधारित एक नए सीजन की नींव

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स ने अहमदाबाद में आयोजित एक ऐतिहासिक समारोह 'शुभआरंभ 2026' के साथ आईपीएल 2026 की अपनी यात्रा की शुरुआत की। इस समारोह में पूरी टीम, फ्रेंचाइजी के मालिक, साझेदार और प्रशंसक एक साथ आए।

इस शाम में टीम के पांच साल के सफर पर विचार-विमर्श किया गया और आगामी सीजन के लिए एक स्पष्ट और भविष्योन्मुखी दिशा तय की गई। फेंचाइजी की एकता, महत्वाकांक्षा और 'गुजरात प्रथम' की भावना को प्रदर्शित करते हुए इस शाम में चिंतन, सम्मान और सांस्कृतिक उत्सव का संगम देखने को मिला, जिसने टीम का अपने प्रशंसकों और राज्य के साथ गहरे जुड़ाव को और मजबूत किया। यह अवसर इस बात की याद दिलाता है कि




टाइटन्स मैदान पर और मैदान के बाहर, लीग की सबसे गतिशील, सुसंगत और प्रशंसक-केंद्रित फ्रेंचाइजी में से एक कैसे बन गई है। अपने पहले ही सीजन में खिताब जीतकर एक मजबूत विरासत बनाने से लेकर लगातार उच्च-प्रभावशाली प्रदर्शन करने और आईपीएल में सबसे सक्रिय प्रशंसक समुदायों में से एक को विकसित करने तक, गुजरात टाइटन्स संस्कृति, नेतृत्व और दीर्घकालिक दृष्टिकोण पर स्पष्ट रूप से ध्यान केंद्रित करते हुए आगे बढ़ रही है।

टोरेंट ग्रुप के निदेशक और गुजरात टाइटन्स के अध्यक्ष जिनाल मेहता और शान मेहता, साथ ही टोरेंट ग्रुप के अन्य सदस्यों की उपस्थिति ने फेंचाइजी के विजन और मूल्यों के प्रति नेतृत्व की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाया। मुख्य परिचालन अधिकारी कर्नल अरविंदर सिंह, मुख्य कोच आशीष नेहरा और क्रिकेट निद. ेशक विक्रम सोलंकी की उपस्थिति में इस शाम ने एकजुट नेतृत्व और टीम भावना को रेखांि. कत किया।

इस कार्यक्रम का केंद्र बिंदु टीम की सामूहिक यात्रा का उत्सव था, जिसमें निरंतरता, विकास और महत्वाकांक्षा की व्यापक कहानी के संदर्भ में कप्तान शुभमन गिल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। आदित्य बिरला मैनेजमेंट कॉर्पोरेशन प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक अनन्या बिरला ने इस सीजन में प्रमुख प्रायोजक के रूप में बिरला एस्टेट्स की भूमिका पर जोर दिया।

# शांत रहने से आपको साफ नजरिया मिलता है: शुभमन

**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटन्स के कप्तान शुभमन गिल ने लीडरशिप में क्लैरिटी और शांत रहने पर जोर दिया, क्योंकि टीम प्च्स् 2026 की तैयारी कर रही है, जो पिछले सीजन में बनी मजबूत और कंसिस्टेंट नींव पर बनी है। अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स शुभारंभ 2026 में बोलते हुए, गिल ने खुद के प्रति सच्चे रहने और दबाव वाली स्थितियों में शांत रहने के महत्व पर जोर दिया।उन्होंने कहा, ष्मुझे लगता है कि मैं बस जैसा हूं वैसा ही हूं,

और यह शांति मेरे ग्रुप और मेरे अपने खेल में मेरे विश्वास और सुरक्षा की भावना से आती है। उन्होंने आगे कहा, ष्किसी भी स्थिति में शांत रहने से आपको दूर की नजर मिलती है, आप उस पल से आगे देख पाते हैं, बड़ी तस्वीर देख पाते हैं, और आपके पास बहुत साफ, लंबे समय का विजन होता है। गुजरात टाइटन्स अपने



डेब्यू के बाद से आईपीएल में सबसे लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक रही है, जिसमें पहला सीजन टाइटल जीतना और 2023 में रनर-अप रहना शामिल है।

इसी बुनियाद पर, गिल का तरीका लीडरशिप में निरंतरता दिखाता है, जिसमें ग्रुप के अंदर क्लैरिटी, कॉन्फिडेंस और भरोसे पर फोकस होता है। गुजरात टाइटन्स शुभारंभ 2026, एक ऐतिहासिक इवेंट, खिलाड़ियों, लीडरशिप, पार्टनर्स और फैंस को एक साथ लाया, जिससे एक नए सीजन की शुरुआत हुई और साथ ही पिछले कुछ सालों में फेंचाइजी के सफर और ग्रोथ पर भी रोशनी पड़ी।

टीम की तैयारी के बारे में और जानकारी देते हुए, क्रिकेट डायरेक्टर विक्रम सोलंकी ने स्क्वॉड बनाने में निरंतरता और स्थिरता के महत्व पर जोर दिया। सोलंकी ने कहा, ष्जहां तक इस सीजन और स्क्वॉड बनाने की बात है, तो पिछला साल हमारा बहुत अच्छा रहा था। हम बस आखिरी मुश्किल में हार गए थे। हमने ऑक्शन में बहुत छोटे बदलाव किए थे, बस थोड़े से एडजस्टमेंट की जरूरत थी। पांच खिलाड़ी आए थे, और मैथ्यू हेडन भी हमारे साथ जुड़ गए हैं। काम असल में हम सभी के बीच बंटा हुआ है, और हम सभी बहुत मेहनत करने की कोशिश करते हैं।

# सिनर ने मियामी में तीसरे दौर की जीत के साथ मास्टर्स 1000 में इतिहास रचा

**मियामी, वार्ता।** विश्व के नंबर दो खिलाघी जैनिक सिनर ने सोमवार शाम को मियामी ओपन में एटीपी मास्टर्स 1000 में इतिहास रचा, जहां उन्होंने कोरेंटिन माउटेट के खिलाफ 6-1, 6-4 से शानदार जीत हासिल की।

हार्ड रॉक स्टेडियम में अपनी सीधी तीसरे राउंड की जीत के साथ, इटैलियन खिलाड़ी ने अब मास्टर्स 1000 लेवल पर लगातार 26 सेट जीते हैं, और नोवाक जो. कोविच से आगे निकल गए हैं, जिनके नाम पहले 24 का रिकॉर्ड था। सिनर ने शनिवार को मियामी में अपनी दूसरे राउंड की जीत के साथ उस निशान की बराबरी की थी, फिर तीसरे राउंड में इसे पार कर लिया। अपनी जीत के बाद सिनर ने कहा, ष्मैं बहुत खुश हूं। इस खेल का अंदाजा नहीं लगाया जा सकता, इसलिए हम जितना हो सके ध्यान रखने की कोशिश करते हैं और देखेंगे कि अगले राउंड में क्या होता है।ष सिनर का यह सिलसिला पिछले नवंबर में रोलेक्स पेरिस मास्टर्स से शुरू हुआ, जहां उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए टाइटल जीता था। मियामी में अपनी दो जीत की वजह से, सिनर अब लगातार 13 मास्टर्स 1000 मैच जीत चुके हैं। माउटेट के खिलाफ, इस बात के बहुत कम संकेत थे कि 24 साल के इस खिलाड़ी का यह सिलसिला खतरे में है। सिनर ने जबरदस्त सर्व से मुकाबले की रफ्तार को कंट्रोल किया, और अपने पहले सर्व पॉइंट्स में से 87 परसेंट (33/38) जीते। उन्होंने दोनों विंग्स से भी खुलकर लस्वग किया, माउटेट के 11 के मुकाबले 23 विनर्स लगाए और फेंचमैन को मैच में रिदम पाने का कोई मौका नहीं दिया। अपनी एक घंटे, 11 मिनट की जीत के साथ, सिनर ने जोड़ी की हेड2हेड सीरीज में 2-0 का सुधार किया और बाएं हाथ के खिलाड़ियों के खिलाफ अपनी जीत का सिल. सिला 21 मैचों तक बढ़ा दिया। रैंकिंग में नंबर 2 खिलाड़ी अब मंगलवार को चौथे राउंड में एलेक्स मिशेलसन का सामना करेंगे, जिससे वह 2017 में रोजर फेडरर के 'सनशाइन डबल' पूरा करने वाले पहले खिलाड़ी बनने की अपनी कोशिश जारी रखेंगे। मिशेलसन ने एलेजांद्रो टैबिलो को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर इटैलियन खिलाड़ी के साथ चौथे राउंड का मुकाबला तय किया। मियामी में एक और जीत के अलावा, इस दो हफ्ते में सिनर के लिए और भी इनाम हैं। रविवार को तीसरे राउंड में सेबेस्टियन कोर्डा से अपने बड़े विरोधी कार्लोस अल्काराज के हारने के बाद, इटैलियन खिलाड़ी अब स्पैनियार्ड के साथ अपनी वर्ल्ड नंबर 1 की लड़ाई में अंतर कम करने की अच्छी स्थिति में हैं।

### एमएमए फाइट से पहले पत्नी की सलाह ने दी संग्राम सिंह को बड़ी राहत

**नई दिल्ली।** पहलवान से एमएमए फाइटर बने संग्राम सिंह ने पिछले कुछ दिनों की अपनी आप बीती का बड़े ही सधे शब्दों में बयान किया है। उन्होंने कहा कि फांस के "लोरियन काउड्रे के साथ अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में होने वाली उनकी बहुप्रतीक्षित फाइट के लिए उन्होंने अपने जीवन में अब तक की सबसे जडादा तैयारी की। इस दौरान वह अपने छह कोचों की मदद से खूब पसीना बहाते रहे। यहां तक कि उनकी रात की नींदें गायब हो चुकी थीं। मन में एक अलग तरह का डर पैदा होने लगा था। उनके मन की यह उथल पुथल उनकी पत्नी पायल रोहतगी से देखी नहीं गई। उनकी एक राय पर अमल करते हुए उन्होंने एमएमए के लीजेंड्स जॉन जोंस, सेंट पियरे और एंडरसन सिल्वा के वीडियो देखे, जहां उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला। फिर हरियाणा में उनके परिवार की ओर से उन्हें योग और प्राणायाम की सलाह मिली।

# KKR आकाश दीप की जगह विदर्भ के तेज गेंदबाज सौरभ दुबे को करेगी शामिल

**कोलकाता, वार्ता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) आकाश दीप के रिप्लेसमेंट के तौर पर विदर्भ के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज सौरभ दुबे को आईपीएल 2026 में अपने साथ जोड़ेगी। कोलकाता में इंट्रा स्क्वाड अभ्यास मैच के दौरान केकेआर के सीईओ वैंकी मैसूर ने इसकी घोषणा की।

दुबे ने आईपीएल में अब तक एक भी मुकाबला नहीं खेला है और सीनियर लेवल पर अब तक 11 मुकाबले खेलने वाले दुबे ने पिछले ढाई वर्षों से प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेली है। पिछली बार उन्होंने 2023 में एक टी20 मुक. ाबले में विदर्भ का प्रतिनिधित्व किया था। हालांकि उन्होंने पिछले साल विदर्भ प्रो टी20 लीग में ऑरेंज टाइगर्स के लिए खेलते हुए प्रभावी प्रदर्शन किया था। 2022 में उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद ने खरीदा था लेकिन चोट के चलते वह बाहर हो गए। वह मुंबई इंडियंस के लिए नेट गेंदबाज भी रह चुके हैं। 28 वर्षीय दुबे ने पहली बार 2019 में एसीसी इमर्जिंग टीम्स एशिया कप के दौरान ध्यान आकर्षित किया था, जहां वह सर्वाधिक विकेट लेने वाले



गेंदबाज रहे थे। केकेआर पिछले एक सप्ताह से ट्रायल का आयोजन करा रही थी और आकाश दीप के अलावा हर्षित राणा का भी संभावित विकल्प तलाश रही थी।

ट्रायल में हिस्सा लेने वाले अन्य गेंदबाजों में नवदीप सैनी, केएम आसिप्, सिमरजीत सिंह, आकाश मधवाल और संदीप वारियर शामिल थे। मैसूर ने कहा कि मुख्य कोच अभिषेक नायर ने संभावित विकल्प तलाशने के लिहाज से बहुत बढ़िया काम किया है ताकि कोच उन विकल्पों को देख सकें और हमारी ट्रेनिंग और अभ्यास मुकाबलों का हिस्सा बन सकें। निश्चित तौर पर विदर्भ के तेज गेंदबाज सौरभ दुबे ने सभी का अपनी ओर ध्यान आकर्षित किया।

कोच काफी उत्साहित थे और उन्होंने कहा कि यह वो खिलाड़ी हैं जिन्हें हम आकाश दीप की जगह अपने दल में शामिल करना चाहेंगे।' शुरुआती मुकाबले मिस करने जा रहे मतिशा पतिराना को लेकर मैसूर ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि तेज गेंदबाज हिस्सा ले पाएंगे। केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने हाल ही में कहा था कि पतिराना मध्य अप्रैल तक उपलब्ध हो जाएंगे, पतिराना को टी20 विश्व कप के दौरान चोट लगी थी। मैसूर ने कहा, ष्हम उनसे और बोर्ड (एसएलसी) से लगातार संपर्क में बने हुए हैं। हम जल्दबाजी नहीं करना चाहते, इन चीजों में समय लगता है। उम्मीद है कि हमें जडादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। पीठ के निचले हिस्से की चोट से समय से न उबर पाने के चलते आकाश दीप शनिवार को आईपीएल 2026 से बाहर हो गए। वह इस समय सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिहैब कर रहे हैं।

# तेज रफ्तार बाइक ने पीछे से मारी टक्कर बाल-बाल बचा युवक



**कांठ( शाह टाइम्स )** आगे जा रही बाइक में तेज रफ्तार बाइक सवार ने टक्कर मार दी जिससे युवक सड़क पर गिर गया मगर सामने से आ रहे हैं गन्ने के ट्रक चालक की सजगता से उसकी जान बच गई। बाइक सवार तो भाग गया लेकिन उसके साथी को लोगों ने पकड़ लिया। घटना दोपहर की है स्टेशन रोड निवासी युवक बाइक से स्टेशन की ओर जा रहा था जैसे ही उसकी बाइक जूनियर हाई स्कूल के सामने पहुंची और उसने राइट साइड को मुड़ना चाहा तभी पीछे से आ रही तेज बाइक ने उसे टक्कर मार दी टक्कर लगते ही युवक सड़क पर गिर गया तभी सामने से गन्ने का ट्रक आ गया और ट्रक के चालक ने ब्रेक लगा दिए जिससे बाइक सवार युवक मामूली चोटिल हो गया घटना को देखते ही आसपास के दुकानदार दौड़कर वहां पहुंचे और चोटिल युवक को उठा लिया। लेकिन तब तक भीड़ का लाभ उठाते हुए टक्कर मारने वाला बाइक सवार मौके से नौ-दो ग्यारह हो गया घायल युवक के परिजनों ने वहां खड़े एक और युवक को पकड़ लिया और उस पर टक्कर मारने वाले बाइक सवार को भगाने का आरोप लगा दिया। लोगों की भीड़ ने युवक के साथ खींचातानी शुरू कर दी बात पुलिस को बुलाने पर आ गई कुछ समझदार लोगों ने आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास भी किया और लोग फिर समझ भी गए।

मगर समाचार लिखे जाने तक इस मामले का समाधान नहीं हो पाया था।

## छठे दिन भक्तों ने की कात्यायनी की पूजा

बिलारी। नवरात्र के छठे दिन भक्तों ने मां कात्यायनी की पूजा कर सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की। सवेरे से ही देवी मंदिरों में जयकारे गूंजने लगे। बाजार में फलों की मांग बढ़ गई है। नगर के पौड़ा खेड़ा स्थित देवी मंदिर में महिलाओं में संकीर्तन किया। नवरात्रि में शुभ घड़ी आई मेरी मैया को दे दो बधाई, खुशियां ही खुशियां छाई मेरी मैया को दे दो बधाई। कभी दुर्गा बनके कभी काली बनके चली आना मैया जी चली आना। इधर काली मंदिर सहसपुर में नवचंडी महायज्ञ जारी है मंदिर में शाम सवेरे पूजा अर्चना को महिला पुरुषों की भीड़ लगी हुई है। पंडित राघवेंद्र शर्मा ने यज्ञ कार्य संपन्न कराया। ट्रस्ट के अध्यक्ष गौरव गुप्ता, संजीव, मोहनलाल शर्मा, मोहित शर्मा, कल्याण सिंह आदि शामिल रहे।

## जिओ कंपनी के नेटवर्क से लोग रहे परेशान

**बिलारी।** नगर बिलारी में आज जिओ कंपनी के उपभोक्ताओं ने शिकायत करते हुए बताया कि काफी समय से जियो के नेटवर्क नहीं आ पा रहे हैं जिस कारण से मोबाइल से कॉल ड्रॉप हो रही हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से धर्मेंद्र गांधी रजनीश गर्ग मोहम्मद एहसान मुनेंद्र कुमार अवनीश यादव सुनील कुमार जुबेर अहमद डॉ एस पी कंडेरा सोनू शर्मा सुरजीत चौधरी राजकुमार सागर अनूप राणा आदि उपभोक्ता साथ रहे।

# गन्ना विकास परिषद कार्यालय में वृहद कृषक मेले का हुआ आयोजन




**कांठ( शाह टाइम्स )** गन्ना विकास परिषद कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत वृहद कृषक मेले का आयोजन किया गया। मेले में कृषि विज्ञान केन्द्र ठाकुरद्वारा के कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक कुमार ने गन्ने की खेती में पादप सुरक्षा विषय पर विस्तार से चर्चा की साथ ही उनके द्वारा कृषकों को गन्ना की उत्पादकता बढ़ाने, सहफसली खेती, ट्राईकोडर्मा संवर्धन की विधि, रोग एवं कीटों के प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा के कृषि वैज्ञानिक डॉ अविनाश सिंह ने बसंत कालीन गन्ना बुआई, ड्रिप सिंचाई, फसलचक्र की उपयोगिता, मृदा परीक्षण, गन्ने के साथ की जाने वाली विभिन्न फसलों की सहफसली खेती, जैविक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सचिव गन्ना समिति कांठ ने फार्म मशीनरी बैंक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मेले में गन्ना समिति के डायरेक्टर गौरव सिंह, ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक अगवानपुर शीराज मलिक, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति कांठ खेत सिंह, सचिव सहकारी गन्ना विकास समिति मुरादाबाद राजेश कुमार महाप्रबंधक गन्ना राजपाल सिंह चीनी मिल अगवानपुर, स्योहारा चीनी मिल के उप महा प्रबंधक रजनीश सिंह, समस्त गन्ना पर्यवेक्षक एवं कृषक उपस्थित रहे।

## 10 साल पुराना संपत्ति विवाद सुलझा, न्यायालय के आदेश पर मिला कब्जा

**चन्दौसी।** करीब एक दशक से चल रहा संपत्ति विवाद आखिरकार सुलझ गया और न्यायालय के आदेश के बाद वैधानिक रूप से कब्जा दिला दिया गया। इस दौरान मौके पर प्रशासन और पुलिस बल की मौजूदगी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्वक संपन्न कराई गई। बताया गया कि यह विवाद लंबे समय से दीवानी न्यायालय में विचाराधीन था। करीब दो वर्ष पूर्व कब्जे को लेकर स्थिति तनावपूर्ण हो गई थी और बाहरी कानूनी सलाहकारों के हस्तक्षेप से मामला और अधिक उलझ गया था। इसके बाद दोनों पक्षों द्वारा न्यायालय की शरण ली गई। हाल ही में न्यायालय के आदेश पर अमीन की मौजूदगी में पुलिस बल के साथ टीम मौके पर पहुंची और मकान में रह रहे लोगों को उसे खाली करने के निर्देश दिए। प्रारंभ में कुछ विरोध की स्थिति बनी, लेकिन भारी पुलिस बल की मौजूदगी और प्रशासनिक समझाइश के चलते मामला शांत हो गया। मध्यस्थता के प्रयासों से दोनों पक्ष अंततः सहमत हो गए और न्यायालय के आदेश का पालन किया। मकान में रह रहे दोनों परिवारों ने अपना सामान ट्रैक्टर में भरकर स्वेच्छा से स्थान खाली कर दिया। पी.के. सक्सेना ने बताया कि अब उन्हें अपनी संपत्ति पर पूरी तरह वैधानिक कब्जा मिल गया है और विवाद पूरी तरह समाप्त हो चुका है। उन्होंने कहा कि अब किसी प्रकार का कोई विवाद शेष नहीं है।

## एक नजर



### भक्ति और उल्लास से गूंजा श्री राम मंदिर, कात्यानी माता के कीर्तन में भरा गया 43वां खप्पर

**मुरादाबाद।** मंगलवार को वैश्य समाज उत्तर प्रदेश महिला संगठन, मुरादाबाद के तत्वावधान में श्री राम मंदिर में चौत्र नवरात्रि के छठे दिन मां दुर्गा के छठे स्वरूप मां कात्यायनी का भव्य आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लेकर मंदिर परिसर को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया।कार्यक्रम की शुरुआत मां अंबे के भजन-कीर्तन से हुई, जिसमें महिलाओं ने नृत्य करते हुए भावपूर्ण प्रस्तुति दी। भजनों की गूंज से पूरा मंदिर परिसर आस्था और भक्ति के रंग में रंग गया। इस अवसर पर माता कात्यानी का सोलह श्रृंगार कर उन्हें भव्य एवं आकर्षक रूप में सजाया गया, जिसने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। पंचमेवा के साथ विधिवत पूजन-अर्चन कर माता का 43वां खप्पर भरा गया। इस दौरान "जय माता दी" के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा और भक्तजन भक्ति रस में सराबोर हो गए। श्रद्धालुओं ने मां से अपने परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। साथ ही सभी ने यह प्रार्थना की कि मां की कृपा से यह आयोजन हर वर्ष इसी तरह धूमधाम से होता रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों को पंचमेवा एवं सिंगार का प्रसाद वितरित किया गया। प्रसाद पाकर श्रद्धालुओं के चेहरे पर संतोष और आस्था की झलक साफ दिखाई दी।इस आयोजन को सफल बनाने में संयोजक अरविंद गुप्ता, सुनीता गुप्ता, श्रेया गुप्ता, भावना गुप्ता, शुभी रस्तोगी, रेनू, मिलन गुप्ता, सोनिया गुप्ता, शैफाली रस्तोगी, नीलम रस्तोगी, डॉ. मोहिनी, शिवम गुप्ता सहित अनेक श्रद्धालुओं का विशेष योगदान रहा।प्रदेश संगठन मंत्री सुनीता गुप्ता ने बताया कि ऐसे धार्मिक आयोजनों से समाज में एकता, प्रेम और आध्यात्मिक जागरूकता बढ़ती है तथा मां कात्यानी की कृपा से सभी भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### सेंट मीरा एकेडमी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न, मेधावी छात्र- छात्राओं को किया गया सम्मानित



**मुरादाबाद।** शहर के काशीरामनगर स्थित सेंट मीरा एकेडमी में वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह एवं परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों को उनका परीक्षा परिणाम वितरित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।समारोह का शुभारंभ सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। पुरस्कार वितरण के दौरान विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।विद्यालय की प्रधानाचार्य पारुल अग्रवाल ने अपने संबोधन में बताया कि इस वर्ष विद्यालय का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों ने शैक्षिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गति. विधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस सफलता का श्रेय उन्होंने छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग को दिया।उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आगे भी कड़ी मेहनत और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में अभिभावकों ने विद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

### स्प्रिंग फील्ड्स कॉलेज में ग्रैंड पेरेंट्स-डे धूमधाम से मनाया गया




**मुरादाबाद।** शहर के दिल्ली रोड स्थित स्प्रिंगफील्ड्स कॉलेज में ग्रैंड पेरेंट्स डे उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस विशेष आयोजन में दादा-दादी और नाना-नानी ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को यादगार बना दिया। विद्यालय परिसर में उत्सव जैसा माहौल देखने को मिला और सभी ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के साथ हुई। इसके बाद नन्हे-मुन्ने बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के जरिए परिवार के महत्व, बुजुर्गों के सम्मान और सामाजिक जागरूकता से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित जनों ने खूब सराहा। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर विपिन जेटली, नीरू जेटली, शीता जेटली एवं प्रधानाचार्य स्वाति शर्मा ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों और बुजुर्गों के बीच भावनात्मक संबंधों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे सफल बनाने के लिए शिक्षकों और विद्यार्थियों को बधाई दी।कार्यक्रम के दौरान दादा-दादी और नाना-नानी के लिए विभिन्न मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की गईं, जिनमें उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

# जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में यातायात सुधार और दुर्घटना रोकथाम पर दिया गया जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अनुज कुमार एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाग लिया और जिले में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए संबंधित विभागों को प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर वहां आवश्यक सुधार कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने पर जोर देते हुए कहा कि बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट और ओवरस्पीडिंग करने वालों के खिलाफ नियमित अभियान चलाया जाए। साथ ही उन्होंने स्कूल-कॉलेजों के आसपास विशेष सतर्कता बरतने और ट्रैफिक पुलिस की तैनाती बढ़ाने के निर्देश दिए।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि आमजन को जागरूक करने के लिए सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि लोग यातायात नियमों का पालन करें और दुर्घटनाओं से बचा जा सके। इसके अलावा सड़कों पर अवैध अतिक्रमण हटाने, संकेतक बोर्ड लगाने और सड़क मरम्मत कार्य को समय पर पूरा कराने के निर्देश भी दिए गए। अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्धारित लक्ष्यों के अनुसार कार्य करने और अगली बैठक तक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# सरकारी व अर्द्धसरकारी कार्यक्रम समिति ने एसएम कॉलेज में किया जागरूकता कार्यक्रम

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश सरकार के नौ वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में मंगलवार को एस.एम. कॉलेज चन्दौसी में सरकारी एवं अर्द्धसरकारी कार्यक्रम समिति के तत्वावधान में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के जनहितकारी कदमों के बारे में मंथन और चिंतन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक कर समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाया जा सकता है। उन्होंने शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी साझा की। मुख्य नियंता प्रो. (डॉ.) ए.पी. सिंह ने अपने संबोधन में उत्तर प्रदेश सरकार के 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन' के संकल्प पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इससे परिचित कराया। वहीं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के समन्वयक प्रो. (डॉ.) जितेंद्र कुमार ने छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि शासन का उद्देश्य आम जनता और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. सूरज शर्मा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. विशेष कुमार पांडेय द्वारा किया गया। इस दौरान डॉ. ए.के. अस्थाना, प्रिया श्रीवास्तव, डॉ. प्रदीप कुमार, डॉ. नीरज मलिक, डॉ. अजीत सिंह, डॉ. सुनील कुमार गुप्ता, स्कंद, डॉ. भूशंकर लाल, एम.के. वर्मा सहित महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापकों का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# विधायक फहीम इरफान की भतीजी की शादी में दिखी गंगा जमुनी एकता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्रीय सपा विधायक मोहम्मद फहीम इरफान की भतीजी सलवा (पुत्री वसीम इरफान) का वैवाहिक समारोह शाहबाद रोड स्थित रॉयल बैंक्विट हॉल में धूमधाम के साथ सम्पन्न हुआ।

यह भव्य आयोजन पूरे दिन क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा, जिसमें सभी धर्मों के हजारों लोगों ने भाग लेकर सामूहिक भोज का आनंद लिया। समारोह की सबसे खास बात यह रही कि नवरात्रि के पावन पर्व के सम्मान में पूरे कार्यक्रम में केवल शुद्ध शाकाहारी भोजन परोसा गया। आमतौर पर मुस्लिम समाज की शादियों में नॉनवेज व्यंजन प्रमुख होते हैं, लेकिन इस आयोजन में पूरी तरह शाकाहारी व्यवस्था कर एक नई मिसाल पेश की गई। लोगों ने इसे गंगाख्रजमुनी तहजीब और आपसी सौहार्द का प्रतीक बताया। कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता, कार्यकर्ता, धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि और क्षेत्र के गणमान्य लोग बड़ी संख्या में पहुंचकर बिटिया को आशीर्वाद दिया। आमजन से लेकर वीआईपी मेहमानों तक, सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता और भाईचारे का संदेश देने वाला कदम बताया।



हालांकि कुछ विरोधियों ने इसे राजनीतिक स्टंट बताने की कोशिश भी की, लेकिन कार्यक्रम में मौजूद अधिकांश लोगों ने इसे सकारात्मक ही देखा। समारोह में पहुंचे कथावाचक ओम शास्त्री ने कहा कि "यह आयोजन केवल एक विवाह नहीं, बल्कि हमारी साझा संस्कृति और भाईचारे की मिसाल है। नवरात्रि के सम्मान में शाकाहारी भोजन की व्यवस्था कर आयोजकों ने समाज को जोड़ने का काम किया है। माता रानी नवदंपति को सुख, समृद्धि और खुशहाल जीवन प्रदान करें।" भव्य सजावट, बेहतर व्यवस्थाओं और सौहार्दपूर्ण माहौल के बीच सम्पन्न यह समारोह न केवल एक पारिवारिक आयोजन रहा, बल्कि सामाजिक एकता और पारस्परिक सम्मान का संदेश देने वाला यादगार अवसर बन गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कांठ विधायक कमाल अख्तर, बरेली विधायक शहजिल इस्लाम, जौनपुर की मल्हनी से विधायक लकी यादव, जौनपुर से विधायक तूफानी सरोज, मछली शहर जौनपुर से विधायक पंकज पटेल, असमोली विधायक पिंकी यादव, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बिलारी रजनी सिंह, भोजपुर चौयरमैन प्रतिनिधि परवेज, उझारी चेयरमैन, कांठ चेयरमेन इकबाल आलम, अगवानपुर चेयरमैन गुलरेज खान, नरौली चेयरमैन, एसडीओ बिलारी, नायब तहसीलदार बिलारी, तहसीलदार बिलारी, शिक्षक संघ के अध्यक्ष और पदाधिकारी, किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव, नगर पालिका परिषद बिलारी के सभी सभासद, जिलाध्यक्ष संभल असगर अली अंसारी, जिला अध्यक्ष मुरादाबाद जयवीर सिंह यादव, भाजपा, बसपा, आजाद समाज पार्टी, कांग्रेस, महान दल के पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, प्रधान संगठन के अध्यक्ष, व्यापार मंडल के अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, कई जिला पंचायत सदस्य, ब्लॉक प्रमुख बिलारी, ब्लॉक प्रमुख कुंदरकी, गन्ना समिति और परिषद के चेयरमैन, ब्राम्हण सभा यूथ की राष्ट्रीय अध्यक्ष एकता कौशिक, परशुराम ट्रस्ट के अध्यक्ष ललित कौशिक, डीलर एसोसिएशन के पदाधिकारी, कायस्थ सभा के पदाधिकारी, यादव महासभा के अध्यक्ष दिव्यांशु यादव, उलेमा फाउंडेशन के अध्यक्ष, उरी महाराज समेत ग्रामीण इलाकों से प्रधान, बीडीसी सदस्य आदि शामिल रहें।

# ईद की नमाज के दौरान ईदगाह में हुए विवाद पर दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा

## ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष मौलाना के अलावा दूसरे पक्ष के दो उलेमा पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** ईद उल फितर की नमाज के दौरान चंदा इकट्ठा करने पर हुए विवाद का मामला गहरा गया है। इस मामले में ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष और एक मौलाना ने तहरीर दी थी। जिसके बाद पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। वहीं पुलिस शांति भंग की भी कार्यवाही कर रही है। बिलारी के मोहल्ला अंसारियान निवासी पूर्व सभासद और ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी रफी उर्फ राजू ने कोतवाली में तहरीर दी 21 मार्च को वह ईदगाह में ईद की नमाज की व्यवस्था में लगे हुए थे, वह माइक से चंदा कर रहे थे। तभी ईदगाह में मौजूद मुजीबुर्रहमान और हबीबुर्रहमान उनके पास आकर चंदा करने का विरोध करने लगे।

दोनों ने उनके साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और मारपीट भी की। इस दौरान हसन रजा, दानिश और अनीश ने उन्हें बचाया। वहीं दूसरे पक्ष मुजीबुर्रहमान पुत्र मोहम्मद सलीम निवासी मोहल्ला पश्चिम बाजार ने मुकदमा दर्ज कराया कि बिलारी के शहर इमाम की पूर्व में मृत्यु हो चुकी है। जिसके बाद ईदगाह की नमाज पढ़ने के लिए जुम्मा बरेली के मुफ्ती असद रजा ने बिलारी ईदगाह में नमाज और तकरीर के लिए जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती हामिद अली को चुना। ईद की नमाज पर ईदगाह में कमेटी के अध्यक्ष मोहम्मद रफी उर्फ राजू ने मौलाना हसन रजा को तकरीर करने के लिए खड़ा कर दिया। जिस पर उन्होंने ऐसा करने से मना किया, आरोप लगाया कि इसी दौरान ईदगाह कमेटी के अध्यक्ष हाजी रफी उर्फ राजू ने उनके साथ मारपीट शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आसफपुर के निकट ट्रेन से कटकर रीठ के युवक की मौत

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** तहसील चन्दौसी अन्तर्गत थाना कुढ़फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव निवासी रीठ निवासी राहुल (19) पुत्र रामप्रसाद मौर्य की सोमवार की शाम आसफपुर और पुरुवाखेडा के बीच गुजर रही मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस को जांच में युवक की पहचान राहुल पुत्र रामप्रसाद मौर्य निवासी रीठ के रूप में हुई। आसफपुर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु बदायूं भेज दिया। सूचना मिलने पर परिजनों में चीख पुकार मच गई। मृतक अपने तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। बाहर रहकर मजदूरी कार्य करता था। कई दिनों से युवक मान. सिक अवसाद में था। रविवार की दोपहर घर से निकल गया और आसफपुर के निकट रेल लाइन पर ट्रेन से कटकर जान दे दी। गांव में ट्रेन से कटकर युवक की मौत के बाद घर में कोहराम मच गया।



मां तथा दो छोटे भाई राहुल की मौत से बहुत दुखी है। सोमवार को दोपहर बाद परिजनों ने शव का अन्तिम संस्कार कर दिया।

## 26 मार्च को हज ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया जाएगा

**कुंदरकी।** नगर के मोहल्ला कायस्थान स्थित दावते इस्लामी इन्डिया के मदरसा फैजाने रजा में 26 मार्च जुमेरात सुबह 10 बजे से मजलिसे हज व उमरा दावते-इस्लामी इंडिया की जानिब से माहिर ट्रेनर हाजी साजिद हुसैन अत्तारी हाजीयों को ट्रेनिंग देंगे इसमें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा जैसे आपको समान क्या-क्या लेकर जाना है। सफर की क्या एहतियातें हैं एहराम बांधने का तरीका पहले मक्का शरीफ जा रहे हैं तो एहराम कहां से बंधेंगे और पहले मदीने शरीफ जा रहे हैं तो एहराम कहां से बांधेंगे नियत करने के बाद एहराम की पाबंदियां क्या है तवाफ का तरीका क्या है। सई का तरीका और जरूरी मसाइल हलक और तकसीर का तरीका मदीने शरीफ की हाजिरी के आदाब और भी बहुत कुछ सिखाया जाएगा।


हर्बल इम्यूनिटी बूस्टर
थकान, कमजोरी दूर करें, अनेक रोगो से बचाए
1980 से प्रसिद्ध
एनर्जिक-31
स्वास्थ्यवर्धक कैप्सूल
amazon पर भी उपलब्ध है
फोन नं0 0591-3554385 E-mail:energic31@gmail.com

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# कैसे रुकेगा युद्ध

मध्य पूर्व में चल रहा संघर्ष अब पूरी दुनिया को अपनी चपेट में लेता दिखाई दे रहा है। 24 दिन गुजर जाने के बावजूद इस युद्ध में कोई कमी आती दिखाई नहीं दे रही है। हां थोड़ी आशा उस समय जरूर बंधी थी, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने 48 घंटों के अल्टीमेटम के बाद ईरान पर हमला करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार कर उसको पांच दिन के लिए टाल दिया था। ट्रम्प ने दावा किया था कि ऐसा वह इसलिए कर रहे हैं ताकि पर्दे के पीछे चल रही ईरान से बातचीत किसी अच्छे नतीजे पर पहुंचे। उसके सकारात्मक परिणाम आएंगे। ट्रम्प के इस फैसले के तुरंत बाद ईरान की तरफ से जवाब आया कि ऐसी कोई बातचीत नहीं चल रही है और बातचीत अगर कोई होगी भी तो वह ईरान की शर्तों पर होगी। जिस तरह दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमले किए, उससे भी पांच दिन के संघर्ष विराम का कोई मतलब नहीं रह गया है। बताया जा रहा है कि ईरान ने इस्राईल के तेल अवीव सहित कई शहरों पर मिसाइल से हमले किए, तो वहीं इस्राईल अमेरिका ने भी ईरान पर ताबड़तोड़ बमबारी की। हालांकि ट्रम्प अभी भी कह रहे हैं कि बातचीत जारी है, लेकिन ऐसा कहते हुए वह यह कहने से भी नहीं चूके कि ईरान अमेरिका की शर्तों के अनुसार ही चलेगा और वह ईरान को न्यूक्लियर पॉवर कभी नहीं बनने देंगे। साथ ही उनका दावा रहा है कि अमेरिका ने ईरान को भारी क्षति पहुंचाई है और उसकी सेना लड़ने की स्थिति में नहीं है, जबकि जमीनी हकीकत उससे अलग ही दिखाई दे रही है। जहां तक बात भारत की है, भारत भी यही चाहता है कि किसी भी तरह यह युद्ध रुके। मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस संबंध में ट्रम्प ने टेलीफोन पर बात भी की। इस बातचीत में कहा जा रहा है कि होर्मुज स्टेट को खोलने से लेकर अन्य तमाम बातों पर बातचीत हुई और दोनों देशों के बीच सहमति बनती दिखाई दी। इसमें कोई दोराय नहीं कि हर कोई चाहता है कि यह युद्ध रुके। उसका कारण भी है, भले ही यह युद्ध ईरान-अमेरिका/इस्राईल के बीच लड़ा जा रहा हो, लेकिन इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ रहा है। तेल, गैस का संकट लगभग प्रत्येक देश के सामने खड़ा हो गया है, क्योंकि जिस तरह दोनों की ओर से एक-दूसरे के ऊर्जा संसाधनों पर हमले किए जा रहे हैं, वह सभी के लिए विनाशकारी साबित हो रहे हैं। जाहिर है हर देश का नेतृत्व इस समय चिंतित दशा में है और नहीं चाहता कि किसी भी सूरत में यह युद्ध आगे बढ़े। अमेरिकी राष्ट्रपति जिस तरह की भाषा बोल रहे हैं, उससे तो लगता है कि वह युद्ध से बाहर निकलना चाहते हैं, लेकिन उनका सहयोगी देश इस्राईल उनसे सहमत होता दिखाई नहीं दे रहा है। जब पांच दिन के संघर्ष विराम की घोषणा ट्रम्प ने की थी, तब भी इस्राईली प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने इस पर ठंडी प्रतिक्रिया दी थी। अभी भी विश्व के बड़े नेता अपनी जिम्मेदारी को समझें, ताकि विनाश को रोका जा सके।

## अमेरिका के प्रभाव में काम करते हैं पीएम



पूर्व निर्धारित केरल दौरे के कारण बैठक में शामिल नहीं हो सकूंगा, इस मुद्दे पर चर्चा जरूरी है, लेकिन सरकार पहले ही गंभीर गलती कर चुकी है, व्यवस्था का ढांचा ही कमजोर कर दिया गया है, जिसे सुधारने में काफी समय लगेगा, पीएम नरेंद्र मोदी स्वतंत्र निर्णय लेने के बजाय अमेरिका और इस्राईल के प्रभाव में काम करते हैं और किसानों व युवाओं के हित में प्रभावी कदम नहीं उठा पा रहे हैं।

-राहुल गांधी, नेता विपक्ष

# शिक्षा का बजट घटाया, तो पीढ़ियां माफ नहीं करेंगी



पवन सिंह



द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) समाप्त हो चुका था, ब्रिटेन जबरदस्त आर्थिक संकट का सामना कर रहा था। ब्रिटिश संसद चल रही थी और उस वक्त इंग्लैंड के प्रधानमंत्री थे क्लिमेंट एटली। बजट पर बहस जारी थी। तमाम ब्रिटिश सांसदों ने इंग्लैंड के प्रधानमंत्री क्लिमेंट एटली से कहा आपने रक्षा से लेकर तमाम मदों में बजट में जबरदस्त कटौती कर दी है, लेकिन शिक्षा के बजट में कटौती क्यों नहीं की? इंग्लैंड के प्रधानमंत्री क्लिमेंट एटली ने मुस्कुराते हुए कहा-हम युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई तो कर लेंगे, लेकिन अगर बजट के अभाव में हमारी पीढ़ियों की शिक्षा प्रभावित हुई तो इसका नुकसान कोई नहीं भर पाएगा। यह कह कर उन्होंने शिक्षा के बजट में कटौती करने से साफ मना कर दिया। ब्रिटेन में वर्ष, 1944 के बटलर शिक्षा अधिनियम के तहत प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा को अनिवार्य और मुफ्त बनाने पर जोर दिया गया, जिससे ब्रिटेन में शिक्षा का महत्व बना रहा।

यह सुखद आश्चर्य है कि द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान ही इंग्लैंड में वर्ष, 1944 में ऐतिहासिक शिक्षा सुधार पारित किया गया, जिसने राज्य द्वारा वित्तपोषित शिक्षा के लिए एक ठोस आधार प्रदान किया। एक ओर युद्ध चला रहा हो और दूसरी ओर ब्रिटेन अपनी शिक्षा, अपने स्कूलों, कालेजों को उन्नत बनाने के प्रयास कर रहा था, ऐसा उदाहरण दुनियां में कहीं और देखने को नहीं मिलता। तत्कालीन सरकार ने अपनी कल्याणकारी राज्य की सोच को प्राथमिकता देते हुए शिक्षा और स्वास्थ्य को विशेष महत्व दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि युद्ध के बाद ब्रिटेन में नई शिक्षा प्रणालियां विकसित हुईं। एटली सरकार ने 1944 के जिस शिक्षा अधिनियम को लागू किया, उसे श्बटलर एक्टश कहा जाता है, जिसने शिक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार किए। एटली ने कल्याणकारी राज्य की नीति अपनाई।

इंग्लैंड में आरंभ से ही शिक्षा, विज्ञान, तकनीक और न्यू इनोवेशन ही वह मूल था जिसने वर्ष, 1760 से वर्ष, 1840 के बीच इंग्लैंड में औद्योगिक क्रांति आरंभ की। हस्तशिल्प का सफर मशीनों तक आया। भाप के इंजन ने सब कुछ बदल कर रख दिया। कोयला औद्योगिक क्रांति का प्रमुख आधार बन कर निकला और लोहा उद्योग से लेकर कपड़ा उद्योग एक नई इबारत लिखने लगा। कारखाने लगे तो शहरीकरण हुआ और फिर सब कुछ तेजी से बदलना आरंभ हुआ। विश्वयुद्ध हो या महामारी, वैश्विक आर्थिक स्थिति नकारात्मकता में हो या कोई अन्य कारण इंग्लैंड ने उसकी आंच कभी भी अपने कालेजों व विश्वविद्यालयों पर नहीं आने दी। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय वर्ष, 1096 में स्थापित हुआ, कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय वर्ष, 1209 में, यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन वर्ष, 1826 में, मैनचेस्टर विश्वविद्यालय वर्ष, 1824 में, किंग्स कॉलेज लंदन वर्ष, 1829 में, इंपीरियल कॉलेज लंदन वर्ष, 1907 में और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स एंड पॉलिटिकल साइंस वर्ष, 1895 में स्थापित हुआ। जबकि दरहम विश्वविद्यालय वर्ष, 1832 में, ब्रिस्टल विश्वविद्यालय वर्ष, 1876 में और वारविक विश्वविद्यालय वर्ष 1965 में स्थापित हुए। इनकी वित्तीय कटौती किसी भी सूरत में कभी नहीं की गई।

उधर चीन ने शिक्षा, तकनीक, न्यू इनोवेशन के महत्व को समझा और उस पर कभी कोई समझौता नहीं किया। इस बीच चीन के थिंक टैंक ने लगातार इंग्लैंड सहित अन्य यूरोपीय देशों में हुई प्रगति पर नजरें बनाए रखीं और उसने भी शिक्षा और अनुसंधान को अपना हथियार बनाया। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यानी 1945 के बाद से ही चीन ने कमर कसी और उसने वर्ष, 1949 में 20 से 40 प्रतिशत की रफ्तार से साक्षरता दर हासिल की और वर्ष 2000 आते-आते चीन की करीब 98.4 प्रतिशत की आबादी शैक्षिक रूप से समृद्ध हो चुकी थी। इसके साथ ही चीन ने शिक्षा और अनुसंधान यानी R-D में जो छलांग लगाई है, वह दूसरे देशों के लिए एक सीख है। यह R-D के क्षेत्र की अभूतपूर्व क्रांति है। इसने देखते ही देखते विगत 30 सालों में चीन को तकनीकी महाशक्ति बना दिया। चीन ने वर्ष, 1986 में अनिवार्य शिक्षा कानून बनाया और वर्ष, 1999 के बाद R-D में भारी निवेश किया। यह निवेश वर्ष, 2011 में +100 बिलियन डॉलर से अधिक का था। आज चीन 3,000 विश्वविद्यालयों के साथ शैक्षणिक, बौद्धिक, तकनीक, साइंस आदि क्षेत्रों में हर बार कोई न कोई नई खोज सामने रख कर आश्चर्यचकित कर देता है। R-D यानी अनुसंधान और विकास में चीन ने सालाना 20 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की है, जिसने चीन को एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग और बायोटेक में अग्रणी बना दिया। इसके अलावा चीन ने अपने विश्व. विद्यालयों का जबरदस्त आधुनिकीकरण किया और 147 विश्वविद्यालयों को विश्व स्तरीय बनाने के लिए विशेष फंड और संसाधन झोंक दिए। आज चीन ऑनलाइन शिक्षा, ई-लर्निंग व स्मार्ट क्लासरूम में दुनिया में सबसे आगे है, जो AI और डेटा एनालिटिक्स का उपयोग करते हैं। इसके अलावा चीन ने अमेरिकी माडल की कापी की और विश्व भर की विदेशी प्रतिभाओं को चीन आमंत्रित किया। चीन लगातार विदेशी छात्रों की संख्या को बढ़ा रहा है। यह संख्या 2024 तक करीब 5 लाख तक पहुंच चुकी है। इससे उलट हमारे देश में सबसे बुरी गत शिक्षा, अनुसंधान और न्यू इनोवेशन को लेकर हुई। इसे बढ़ाने की बजाए इसे गर्त में झोंक दिया गया। परिणाम यह हुआ कि मैन्युफैक्चरिंग ग्रोथ चरमरा गई और धीरे-धीरे हम तकनीकी मामले में चीन पर निर्भर होते चले गए। 2024 के आंकड़ों के अनुसार, चीन से भारत में विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (लगभग 47.67 अरब डॉलर) और मशीनरी, परमाणु रिएक्टर व बॉयलर (लगभग 27 अरब डॉलर) का सबसे अधिक आयात किया गया। ये दोनों श्रेणियां मिलकर 70 अरब डॉलर से अधिक की हैं। वर्ष, 2024-25 में चीन से भारत को प्रमुख मशीनरी आयात में विद्युत-इलेक्ट्रॉनिक उपकरण- 38 अरब डॉलर से 47 अरब डॉलर से अधिक और परमाणु रिएक्टर और बॉयलर मशीन. री-21.7 अरब डॉलर से 27 अरब डॉलर के अलावा अन्य तकनीकी उपकरण (ऑप्टिकल, मेडिकल)- 2.56 अरब डॉलर से 2.8 अरब डॉलर रहा। चीन शिक्षा और अनुसंधान R-D में दुनिया के सबसे बड़े निवेशकों में से एक है। 2026 में, चीन ने अपने विज्ञान और प्रौद्योगिकी बजट को बढ़ाकर 426.4 बिलियन युआन (लगभग +59-60 बिलियन) कर दिया है, जो 2025 से 10 प्रतिशत अधिक है। समग्र शिक्षा बजट 800 बिलियन डॉलर से अधिक का है, जो उच्च-गुणवत्ता वाली शिक्षा और तकनीकी विकास पर भारी फोकस दर्शाता है। मुझे यह लिखने में कोई गुरेज नहीं है कि आज मशीनरी और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के मामले में हम चीन पर निर्भर हैं, क्योंकि हमने अपने देश में कभी भी साइंटिफिक एप्टीट्यूट या साइंटिफिक टैंपरामेंट डेवलप होने ही नहीं दिया। शिक्षा और अनुसंधान हमारे लिए कभी प्राथमिकता में रहा ही नहीं। हमारे पास तथाकथित कामों के लिए तो करोड़ों रुपए होते हैं, लेकिन स्कूलों और विश्वविद्यालयों के लिए, रिसर्च के लिए बजट न के बराबर होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# 27 मार्च को नेपाल में सत्तारूढ़ होगी बालेन सरकार

**राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का जन्म अभी पिछले चुनाव में ही हुआ है। पहली मर्तबा चुनाव में उतरी इस पार्टी को 20 सीटें हासिल हुई थी। इस बार के चुनाव में इस पार्टी की सुनामी थी जिसमें पुरानी पार्टियों के सारे धुरंधर धराशाई हो गए। देखा जाए तो नेपाल के लोकतांत्रिक इतिहास में सर्वथा पहली बार किसी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनने जा रही है। बालेन सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर नेपाल के पड़ोसी देशों में भी उत्सुकता देखी जा रही है। अपेक्षाकृत राजनीतिक रूप से बिल्कुल ही अपरिपक्व बालेन सरकार नेपाल के लिए क्या कुछ कर पाती है, यह देखना दिलचस्प होगा।**



यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल में 27 मार्च को गठन होने जा रही नई सरकार को लेकर नेपाली जनता में उत्सुकता का माहौल है। इसीके साथ हर वर्ग में आशा और विश्वास भी है। चारों ओर चर्चा है कि अब नेपाल को परिवर्तन की अनुभूति होगी। मायूसी और निराशा के बादल छटेंगे। अबकी बार बालेन सरकार का नारा हर ओर गुंजायमान है। राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल नवनियुक्त प्रधानमंत्री और मंत्रियों को शपथ ग्रहण कराएंगे। काठमांडू में जगह जगह बालेन शाह, रवि लामी छाने और सुडान गुरूंग के पोस्टर लगाए गए हैं। अंतरिम सरकार की प्रधानमंत्री सुशीला कार्की नई सरकार को सत्ता सौंपने की तैयारी में व्यस्त हैं। प्रधानमंत्री और मंत्रियों के शपथ से पहले 26 मार्च को सभी सांसदों का शपथ ग्रहण होगा। गौरतलब है कि नेपाल करीब चार सौ सालों तक राजशाही के अधीन था। पृथ्वी नारायण शाह को नेपाल का जनक माना जाता है। राजशाही से मुक्ति के लिए राजनीतिक दलों ने यदा कदा आंदोलन जरूर चलाया, लेकिन इसमें कामयाबी 2008 में जनयुद्ध नाम से चले हिंसक आंदोलन के बाद मिली। माओइस्ट नेता प्रचंड और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में सालों साल चले इस आंदोलन में करीब पांच हजार लोग मारे गए। राजा समर्थक राजनेताओं और जमिन्दारों के घर जलाए गए उनकी हत्याएं की गई। इस भारी खून खराबा से घबड़ाए तत्कालीन नरेश ज्ञानेंद्र ने सत्ता त्यागने की घोषणा की। कहना न होगा नेपाल को लोकतंत्र के सूर्योदय के लिए भारी कीमत चुकानी पड़ी।

2008 में हुए संविधान सभा के चुनाव में अपूर्ण बहुमत के बावजूद प्रचंड प्रधानमंत्री बने लेकिन नौ माह बाद ही उन्हें सत्ता छोड़ने को मजबूर होना पड़ा। उसके बाद 2026 में संपन्न हुए चुनाव तक नेपाल को अस्थिर और गठबंधन सरकार का बोझ ढोने को मजबूर होना पड़ा। इस दौरान करीब 13 प्रधानमंत्री आए गए लेकिन नेपाल जस का तस रहा। भ्रष्टाचार इस स्तर तक चरम पर पंहुच गया कि सत्ता और विपक्ष के शीर्ष नेताओं तक के हाथ इसमें सने हुए मिले। नेपाली जनता खुद को ठगा हुआ महसूस करने लगी। भ्रष्ट सरकारों की श्रृंखला में के पी शर्मा ओली अंतिम प्रधानमंत्री साबित हुए जिसे दुनिया ने देखा कि किस तरह जेन जी आंदोलनकारियों ने भारी अपमान के बीच सत्ता छोड़ने को मजबूर किया। इसके अलावा अन्य दूसरी पार्टियों के वरिष्ठ नेता भी किस कदर खेत खेत भागकर अपनी जान बचा पाए,यह भी दुनिया ने देखा। किसी सरकार के प्रति जनता जब गुस्सा करती है तो उसका क्या हश्र होता है, नेपाली जनता ने यह कर दिखाया। बहरहाल उसके बाद नेपाल में अंतरिम सरकार का गठन हुआ फिर छह महीने बाद चुनाव हुआ और इस चुनाव में सर्वथा पहली बार नेपाल को पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब हुई। दरअसल नेपाली जनता को राजशाही से असल मुक्ति अब महसूस हुई, लेकिन अनुभूति होना अभी बाकी है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी यानी जिस पार्टी की सरकार सत्तारूढ़ होने जा रही है, उससे जनता को बहुत ज्यादा उम्मीद है। इस उम्मीद पर खरा उतरना यद्यपि कि आसान नहीं है, लेकिन नई सरकार यदि पचास प्रतिशत ही जनता की अपेक्षा पर खरा उतर पाई तो यह बड़ी कामयाबी होगी। नई सरकार का मुखिया बालेन शाह का ही बनना तय है। इस पद को लेकर चल रही कयासबाजी और शंका आशंका सब निर्मूल है। बालेन मंत्रिमंडल में फिलहाल उपप्रधानमंत्री और गृहमंत्री राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के अध्यक्ष रवि लामी छाने होंगे। जेन जी आंदोलन के नायक सुडान गुरूंग का भी मंत्री बनना तय माना जा रहा है। तराई जो सरकार में अहम भागीदारी से अछूता रह जाता रहा, यहां से भी कम से कम चार मंत्री होंगे। काफी संभावना है भारत सीमा से सटे नेपाल के कपिलवस्तु जिले से सांसद चुने गए पूर्व पुलिस अधिकारी विक्रम सिंह थापा को बालेन शाह सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय मिल सकता है। विक्रम सिंह थापा राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी से सांसद चुने गए हैं। बालेन मंत्रिमंडल में क्षेत्र और जाति संतुलन पर विशेष ध्यान होगा। बालेन मंत्रिमंडल में अपेक्षाकृत युवा चेहरे भी होंगे। इसे लेकर पार्टी के भीतर मंथन चल रहा है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गणेश शंकर विद्यार्थी : वह शहादत जिसने पत्रकारिता को अमर कर दिया



श्वेता गोयल

भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महासमर में जहां एक ओर तलवारों की खनक और बंदूकों की गूंज थी, वहीं दूसरी ओर एक ऐसी वैचारिक क्रांति की धारा भी प्रवाहित हो रही थी, जिसने जनमानस के अंतर्मन को झकझोर कर रख दिया था। इस वैचारिक क्रांति के पुरोधाओं में एक ऐसा नाम दैदीप्यमान नक्षत्र की भांति चमकता है, जिसने अपनी लेखनी को ही अपना अस्त्र बनाया और सत्य की बलिवेदी पर स्वयं को न्योछावर कर दिया। वह नाम है गणेश शंकर विद्यार्थी, जो एक संस्था, एक विचार और निर्भीक पत्रकारिता के जीवंत प्रतिमान थे। उनका व्यक्तित्व उस पारस पत्थर के समान था, जिसके स्पर्श से सामान्यजन भी राष्ट्रभक्ति के स्वर्ण में परिवर्तित हो जाते थे। उनकी जीवन यात्रा उस शाश्वत संघर्ष की गाथा है, जहां एक अकेला व्यक्ति अपनी नैतिक शक्ति के बल पर साम्राज्यवादी सत्ता की चूलें हिलाने का साहस रखता था। इलाहाबाद की पावन धरा पर 26 अक्तूबर 1890 को अतरसुइया के एक साधारण कायस्थ परिवार में जब इस बालक का जन्म हुआ तो किसी ने कल्पना भी नहीं की थी कि यह शिशु भविष्य में भारतीय पत्रकारिता का सूर्य बनेगा। पिता जयनारायण, जो स्वयं एक शिक्षक थे, ने गणेश को अनुशासन और ज्ञान की वह घुट्टी पिलाई, जिसने उनके भीतर सत्य के प्रति अटूट निष्ठा का बीजारोपण किया। यद्यपि उनकी प्रारंभिक शिक्षा उर्दू और अंग्रेजी के वातावरण में हुई किंतु उनके भीतर भारतीयता का जो ज्वार उमड़ रहा था, उसने उन्हें हिंदी साहित्य और राष्ट्रीय चिंतन की ओर मोड़ दिया। उनके भीतर की तड़प केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं थी बल्कि वे समाज की विसंगतियों और पराधीनता की बेड़ियों को देख रहे थे। यही कारण था कि उन्होंने अपने नाम के साथ 'विद्यार्थी' शब्द जोड़ा, जो इस बात का प्रतीक था कि वे जीवन के अंतिम क्षण तक एक जिज्ञासु और सीखने वाले साधक बने रहेंगे।

उनकी पत्रकारिता का अध्याय तब प्रारंभ हुआ, जब देश में स्वाधीनता की चेतना अंगड़ाइयां ले रही थी। 'कर्मयोगी' में पंडित सुंदरलाल के सान्निध्य में उन्होंने शब्दों की शक्ति को पहचाना। बाद में जब उन्हें पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी जैसी महान विभूति ने 'सरस्वती' के संपादन का प्रस्ताव दिया तो यह किसी भी युवा लेखक के लिए एक महान उपलब्धि हो सकती थी किंतु विद्यार्थी जी का लक्ष्य केवल साहित्यिक परिष्कार नहीं था, वे तो उन शोषितों की आवाज बनना चाहते थे, जिनकी पुकार सत्ता के गलियारों तक नहीं पहुंचती थी। उन्होंने 'सरस्वती' के वैभव के स्थान पर 'अभ्युदय' के संघर्षपूर्ण मार्ग को चुना। उनका मानना था कि पत्रका. रिता केवल अक्षरों का विन्यास नहीं है बल्कि यह वह मशाल है, जो अंधेरे को चीरने का सामर्थ्य रखती है।



9 नवम्बर 1913 का दिन भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय की भांति अंकित है, जब कानपुर की तंग गलियों से 'प्रताप' का उदय हुआ। यह केवल एक साप्ताहिक पत्र नहीं था बल्कि फिरंगियों के विरुद्ध एक युद्धघोष था। 'प्रताप' के माध्यम से विद्यार्थी जी ने वह कर दिखाया, जो बड़ी-बड़ी सेनाएं नहीं कर पाती थी। उन्होंने किसानों की पीड़ा, मजदूरों का शोषण और रियासतों के अत्याचारों को अपनी स्याही से ऐसा उकेरा कि अंग्रेज सरकार के पसीने छूटने लगे। उनकी लेखनी में वह धार थी, जो सीधे जनमानस के हृदय को बेधती थी। उन्होंने पत्रकारिता को दरबारी संस्कृति से निकालकर गलियों और खेतों तक पहुंचाया। उनके लिए निष्पक्षता का अर्थ तटस्थता नहीं बल्कि सत्य के पक्ष में खड़े होकर अन्याय से लोहा लेना था। अंग्रेजी हुकूमत के लिए विद्यार्थी जी एक कांटा बन चुके थे। उन पर अनगिनत मुकदमे चले, भारी जुर्माना लगाया गया और बार-बार कारावास की कालकोठरी में धकेला गया। पांच बार जेल जाने के बाद भी उनकी चमक फीकी नहीं पड़ी बल्कि वे हर बार और अधिक तपकर कुंदन की तरह बाहर निकले। जेल की यातनाएं उनके संकल्प को नहीं तोड़ सकीं। उन्होंने जेल में रहकर 'जेल जीवन की झलक' जैसी कृतियां रची, जिन्होंने जेल की चारदीवारी के भीतर के सच को दुनिया के सामने रखा। उनकी लेखनी ने स्वाधीनता सेनानियों के भीतर वह ऊर्जा भरी कि 'प्रताप' का कार्यालय क्रांतिकारियों का तीर्थस्थल बन गया। विद्यार्थी जी का राजनीतिक जीवन भी उनके पत्रकारिता के समान ही ओजस्वी था। वे केवल लिखने वाले बौद्धिक नहीं थे बल्कि कर्म के पथ पर चलने वाले योद्धा थे। उनके लिए पद कभी साध्य नहीं रहे, केवल साधन रहे। उनके भीतर एक अद्भुत समन्वय था, वे एक ओर अहिंसा के पुजारी थे तो दूसरी ओर अन्याय के विरुद्ध किसी भी हद तक जाने वाले बागी। गणेश शंकर विद्यार्थी के जीवन का जो पक्ष उन्हें महानता के सर्वोच्च शिखर पर स्थापित करता है, वह है उनकी सांप्रदायिक सद्भाव के प्रति अटूट आस्था। वे भली-भांति समझते थे कि ब्रिटिश साम्राज्य की नींव 'फूट डालो और राज करो' की नीति पर टिकी है। उन्होंने अपने लेखों में बार-बार चेतावनी दी कि धर्म का राजनीतिक उपयोग समाज के लिए विष के समान है। वे अक्सर कहा करते थे कि धर्म का स्थान मनुष्य का हृदय है, सड़क या संसद नहीं। मार्च 1931 का वह काला समय आया, जिसने भारत माता के इस सपूत को हमसे छीन लिया। पूरा देश भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु की फांसी के शोक में डूबा हुआ था। कानपुर में सांप्रदायिक दंगों की भयावह आग भड़क उठी थी। चारों ओर उन्माद का तांडव था, मानवता कराह रही थी और भाई-भाई का खून बहा रहा था। ऐसे समय में जब लोग अपनी जान बचाने के लिए घरों में दुबके थे, गणेश शंकर विद्यार्थी नंगे पैर, निहत्थे उस दहकती हुई आग के बीच कूद पड़े। उनके मित्रों और परिजनों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया किंतु उन्होंने उत्तर दिया कि यदि मेरा जीवन भाईयों को बचाने में काम आए तो इससे बड़ी सार्थकता और क्या होगी? वे गलियों में घूम-घूम कर दंगाइयों को समझाते रहे, असहाय महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाते रहे। 25 मार्च 1931 को उस उन्मत्त भीड़ ने, जिसके भीतर से विवेक लुप्त हो चुका था, इस शांतिदूत पर प्रहार किया। विडंबना देखिए, जिस व्यक्ति ने उम्रभर गरीबों और मजलूमों के हक की लड़ाई लड़ी, वही उसी भीड़ की नफरत का शिकार हो गया। उनकी शहादत ने देश को स्तब्ध कर दिया। विद्यार्थी जी का बलिदान केवल एक व्यक्ति का अंत नहीं था बल्कि वह घृणा के विरुद्ध प्रेम की पराकाष्ठा थी। आज के इस दौर में, जब सूचनाओं के महासागर में सत्य कहीं खो गया है और पत्रकारिता के आदर्शों पर प्रश्नचिह्न लग रहे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)



उत्तरी इजरायल। किरयात शमोना में लेबनान से इजरायल की ओर रॉकेट दागे जाने की चेतावनी के बाद हवाई हमले के सायरन बजने पर छिपते इजरायली सुरक्षा जवान।

## ईरानः मोहम्मद बागेर जोल्घाद्र राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के नए प्रमुख नियुक्त

**तेहरान।** ईरान सरकार ने मोहम्मद बागेर जोल्घाद्र को देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद का नया सचिव नियुक्त किया है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'इरना' ने राष्ट्रपति कार्यालय के हवाले से मंगलवार को यह जानकारी दी। जोल्घाद्र इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त रहे अली लारीजानी का स्थान लेंगे। उल्लेखनीय है कि अली लारीजानी इजरायल के एक हमले में मारे गए थे। उसके बाद से यह पद रिक्त था। जोल्घाद्र की नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब क्षेत्र में सुरक्षा चुनौतियां बड़ी हुई हैं। सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद ईरान की वह शीर्ष संस्था है जो देश की रक्षा और विदेश नीति से जुड़े महत्वपूर्ण निर्णय लेने में राष्ट्रपति और सर्वोच्च नेता का मार्गदर्शन करती है।

## रूस ईरान को खुफिया जानकारी साझा कर रहा हैः जेलेंस्की

**कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा है कि उनके पास 'पुख्ता सबूत' हैं कि रूस ईरान को खुफिया जानकारी उपलब्ध करा रहा है। यह दावा यूक्रेन की सैन्य खुफिया एजेंसी (एचयूआर) के प्रमुख ओलेह इवाशचेंको के साथ बैठक के बाद किया गया, जिसमें ज़ेलेंस्की ने प्रस्तुत मूल्यांकन की समीक्षा की। ज़ेलेंस्की ने टेलीग्राम पर पोस्ट में चर्चा का सार देते हुए कहा कि रूस अपनी रेडियो-तकनीकी और इलेक्ट्रॉनिक खुफिया क्षमताओं का उपयोग कर रहा है, साथ ही मध्य पूर्व के भागीदारों से प्राप्त कुछ खुफिया जानकारी भी साझा कर रहा है। इन आरोपों पर रूस या ईरान की ओर से अभी कोई तत्काल प्रतिक्रिया नहीं आई है। ज़ेलेंस्की का बयान ऐसे समय में आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ रहा है।

# परमाणु हथियार रखने का फैसला सही थाः किम जोंग

## ईरान पर हमले ने हमें सच साबित किया, जीत मजबूत ताकत से तय होती है

**प्योंगयांग।** नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने देश के पास परमाणु हथियार होने को लेकर खुशी जताई है। सरकारी मीडिया के मुताबिक उन्होंने कहा कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमले साबित करते हैं, कि उनके देश का परमाणु हथियार रखने का फैसला सही था।

किम ने कहा कि पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध दिखाता है कि आज की दुनिया में सिर्फ मजबूत सैन्य ताकत ही किसी देश को सुरक्षित रख सकती है। उन्होंने यह बयान सोमवार को संसद में लंबे भाषण के दौरान दिया। अपने भाषण में किम ने दक्षिण कोरिया के प्रति सख्त रुख दोहराया और कहा कि वह अपने देश की परमाणु ताकत को और मजबूत करेंगे, ताकि अमेरिका को रोका जा सके। किम जोंग उन का यह भाषण मंगलवार को लिखित रूप



■ 2019 में ट्रम्प के साथ बातचीत टूटने के बाद परमाणु हथियार बढ़ाने का फैसला उनका सबसे सही कदम था

में जारी हुआ है। इसमें उन्होंने कहा कि 2019 में ट्रम्प के साथ बातचीत टूटने के बाद परमाणु हथियार बढ़ाने का फैसला उनका सबसे सही कदम था। किम ने कहा कि नॉर्थ कोरिया अब अमेरिका के खिलाफ एकजुट मोर्चे में और ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाएगा। हालांकि उन्होंने ट्रम्प का नाम सीधे नहीं लिया, लेकिन यह जरूर कहा कि उनके विरोधी टकराव चाहते हैं या शांति, यह उन पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि नॉर्थ कोरिया हर स्थिति के लिए तैयार है। किम ने देश को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था बनाने, ज्यादा परमाणु हथियार और उन्हें ले जाने वाली मिसाइलें बनाने पर जोर दिया। किम ने यह भी कहा कि परमाणु हथियारों की वजह से नॉर्थ कोरिया अब ज्यादा सुरक्षित है और इसी वजह से वह अपने संसाधनों का इस्तेमाल आर्थिक विकास के लिए भी कर पा रहा है। साउथ कोरिया को लेकर उन्होंने कहा कि हम उसे सबसे बड़ा दुश्मन मानेंगे और पूरी तरह नजरअंदाज करेंगे। अगर साउथ कोरिया कोई भी कदम उठाता है जो उनके देश को नुकसान पहुंचाता है, तो उसे कड़ी सजा दी जाएगी। कई दशकों से अमेरिका और उसके सहयोगी देश, प्रतिबंध और बातचीत के जरिए नॉर्थ कोरिया को परमाणु कार्यक्रम छोड़ने के लिए मनाने की कोशिश करते रहे हैं, लेकिन अब तक सभी प्रयास असफल रहे हैं। व्हाइट हाउस में दोबारा आने के बाद ट्रम्प ने किम से फिर बातचीत करने की इच्छा जताई है। हालांकि, किम का कहना है कि बातचीत तभी हो सकती है, जब अमेरिका आधिकारिक तौर पर नॉर्थ कोरिया को परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दे। नॉर्थ कोरिया लंबे समय से यह कहता रहा है कि अगर लीबिया के मुअम्मर गद्दाफी और इराक के सद्दाम हुसैन के पास परमाणु हथियार होते तो उनका अंत इस तरह नहीं होता।

## संक्षिप्त समाचार

### वियतनाम में एक भोजनालय में आग लगने से दो की मौत

**हनोई।** दक्षिणी वियतनाम के हो ची मिन्ह शहर में सोमवार रात एक शाकाहारी भोजनालय में आग लगने से एक महिला और उसके बच्चे की मौत हो गई। वियतनाम न्यूज़ एजेंसी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जब आग लगी तो पीड़ित सो रहे थे। स्थानीय दैनिक वीएन एक्सप्रेस की रिपोर्ट के मुताबिक एक पड़ोसी ने बताया कि घटना के समय भोजनालय बंद था।

### कोलंबिया में सैन्य विमान दुर्घटना में 66 सैनिकों की मौत

**बोगोटा।** कोलंबिया के दक्षिण-पश्चिमी प्रांत पुटुमायो में सोमवार को हुए एक सैन्य विमान दुर्घटना में 66 सैनिकों की मौत हो गई। कोलंबिया की सेना ने कहा नए आंकड़ों के मुताबिक विमान में 128 लोग सवार थे, जिनमें से 57 घायल हो गए, चार लापता हैं और एक व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ। सेना ने शुरू में कहा था कि दुर्घटनाग्रस्त हुए परिवहन विमान सी-130 हरक्यूलिस में 114 यात्री और 11 चालक दल के सदस्य सवार थे। इस विमान का इस्तेमाल सैनिकों को लाने-ले जाने के लिए किया जाता था।

### टोंगा तट के पास 7.6 तीव्रता का भूकंपः भूकंप विज्ञानी

**मॉस्को।** यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंप विज्ञान केंद्र (ईएमएसएससी) ने मंगलवार को बताया कि दक्षिणी प्रशांत महासागर में स्थित द्वीपीय देश टोंगा के तट के दक्षिण-पश्चिम में 7.6 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया है। भूकंप विज्ञानियों के अनुसार, यह भूकंप 04:37 जीएमटी पर आया, जो शहर नेइफू से लगभग 158 किलोमीटर पश्चिम-दक्षिण-पश्चिम में था। इसका केंद्र 218 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। फिलहाल इस भूकंप से किसी भी प्रकार के जान-माल के नुकसान या हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

# तेल अवीव पर ईरानी मिसाइलों की बारिश

## विरोधाभासी बयानों ने पश्चिम एशिया संकट को और जटिल बना दिया

**तेल अवीव/वाशिंगटन।** ईरान ने मंगलवार तड़के तेल अवीव सहित मध्य इजरायल पर मिसाइलों की कई लहरें दागीं, जिससे व्यापक नुकसान हुआ। इसी बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और ईरान के बीच संभावित वार्ता को लेकर विरोधाभासी बयानों ने पश्चिम एशिया संकट को और जटिल बना दिया है। इजरायली अधिकारियों के अनुसार, आधी रात के बाद 10 घंटे से भी कम समय में ईरान ने सात चरणों में मिसाइल हमले किए। तेल अवीव सहित कई स्थानों पर हमलों के प्रभाव देखे गए, जहां इमारतों को नुकसान, जलते वाहन और घना धुआं देखा गया।

आपातकालीन टीमें तुरंत राहत एवं बचाव कार्य में जुट गईं। डिमोना क्षेत्र में भी एयर रेड सायरन बजाए गए, जो नेगेव परमाणु अनुसंधान केंद्र के निकट स्थित है, जिससे हमलों के दायरे के विस्तार का संकेत मिला है। इजरायली रक्षा बल (आईडीएफ) ने बताया कि कई स्थानों पर खोज एवं बचाव अभियान चलाया गया और रातभर मिसाइल हमले जारी रहे। इसके साथ ही इजरायल ने भी जवाबी कार्रवाई तेज करते हुए ईरान में 50 से अधिक ठिकानों को निशाना बनाया, जिनमें मिसाइल लॉन्च साइट और सैन्य अवसंरचना शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, संघर्ष शुरू होने के बाद से अब तक ईरान में 3000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए जा चुके हैं। कूटनीतिक मोर्चे पर ट्रंप ने दावा किया कि सप्ताहांत में हुई बातचीत के बाद अमेरिका और ईरान के बीच 'महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सहमति' बनी है और ईरानी ऊर्जा संयंत्रों पर प्रस्तावित हमलों को पांच दिन के लिए टाल दिया गया है। उन्होंने '15 बिंदुओं पर सहमति' की बात भी कही और तनाव कम होने के संकेत दिए। ईरान ने कुछ ही समय में इन दावों को तुरंत खारिज करते हुए कहा कि ट्रंप प्रशासन के साथ 'कोई वार्ता' नहीं हुई है, जिससे संभावित समझौते को लेकर संदेह और बढ़ गया है। इन विरोधाभासी बयानों के बीच वैश्विक अनिश्चितता बढ़ गई है, हालांकि ट्रंप के बयान के बाद तेल की कीमतों में कुछ नरमी आई और एशियाई बाजारों में शुरुआती बढ़त दर्ज की गई। इस बीच, मिसाइल हमलों के चलते इजरायल की संसद (नेस्सट) की कार्यवाही भी कुछ समय के लिए रोकनी पड़ी, जिसे बाद में फिर शुरू किया गया। मौजूदा घटनाक्रम को संघर्ष के सबसे तीव्र चरणों में से एक माना जा रहा है, जहां एक ओर सैन्य कार्रवाई जारी है, वहीं कूटनीतिक संकेत अभी भी अस्पष्ट बने हुए हैं।



तेल अवीव सहित कई स्थानों पर हमलों के प्रभाव देखे गए इमारतों को भारी नुकसान

## ईरान में गैस प्लांट और पाइपलाइन पर हमला

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 25वां दिन हैं। ईरान में मंगलावर को कई जगह एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर पर हमला हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान के इस्फहान शहर में गैस प्लांट और गैस कंट्रोल स्टेशन को निशाना बनाया गया। इसके अलावा खोर्रमशहर के पावर प्लांट और उसकी गैस पाइपलाइन पर भी हमला हुआ। वहीं लेबनान में ईरान समर्थक उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह ने आज इजराइल के 5 ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन अटैक किया। हिजबुल्लाह ने बताया कि उसने इजराइली सैनिकों की एक छावनी, रडार

■ हिजबुल्लाह का 5 इजराइली ठिकानों पर मिसाइल अटैक, जंग में अब तक 2663 मौतें

और तोपखाने को निशाना बनाया। ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच हालिया बातचीत के बाद 15 मुद्दों पर सहमति बनी है। इन मुद्दों की पूरी लिस्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। उन्होंने ईरान के पावर प्लांट पर हमले 5 दिन के लिए टाल दिए, जबकि इससे पहले होर्मुज खोलने के लिए 48 घंटे की चेतावनी दी थी। ईरान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि तेहरान और वॉशिंगटन के बीच कोई बातचीत नहीं हो रही है।

## अमेरिका-इजरायल के अलावा अन्य देशों के जहाजों को निकलने का रास्ता दिया जाएगाः पेजेशकियान

**तेहरान।** ईरान ने अमेरिका और इज़रायल को छोड़कर अन्य देशों के जहाजों को होर्मुज़ जलडमरूमध्य से गुज़रने की अनुमति देने के लिए कई कदम उठाए हैं। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियान के कार्यालय ने यह जानकारी दी है। पेज़ेशकियान ने सोमवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज़ शरीफ़ के साथ हुई फोन वार्ता में कहा कि किसी भी सूरत में, ईरान ने इस जलमार्ग से जहाज़ों के पार होने के लिए सुरक्षा एवं रक्षा के इंतजाम किये गये हैं। शत्रु देशों को छोड़कर अन्य देशों के जहाजों को इस रास्ते से गुज़रने के लिए आवश्यक सहयोग दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इज़रायल ने 28 फरवरी को ईरान में कई ठिकानों पर हमले किए। इन हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई सहित कई लोगों की मौत हुई।

## रूस ने यूक्रेन पर रातभर में 400 ड्रोन दागे, चार की मौत



**कीव।** रूस ने मंगलवार को यूक्रेन पर बड़ा ड्रोन और मिसाइल हमला किया, जिसमें 4 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 27 लोग घायल हुए। यूक्रेन की वायुसेना के मुताबिक, रूस ने रातभर में करीब 400 ड्रोन दागे, जो हाल के हफ्तों के सबसे बड़े हमलों में से एक है।

इसके अलावा 23 क्रूज मिसाइल और 7 बैलिस्टिक मिसाइलें भी दागी गईं, जिनसे देश के कई इलाकों को निशाना बनाया गया। राजधानी कीव पर दिन में भी ड्रोन हमले हुए। यूक्रेन के सेना प्रमुख ओलेक्सांद्र सिरस्की ने कहा कि रूस कई मोर्चों पर एक साथ हमला कर रहा है और नई सैन्य कार्रवाई की तैयारी में है। करीब 1250 किलोमीटर लंबी सीमा पर लड़ाई जारी है। रूस पहले ही यूक्रेन के लगभग 20 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर चुका है, जिसमें क्रीमिया भी शामिल है। वहीं, यूक्रेन भी ड्रोन हमलों से जवाब दे रहा है और अपने सहयोगी देशों से एयर डिफेंस सिस्टम की मांग कर रहा है। अमेरिका के टेक्सास राज्य के पोर्ट आर्थर शहर में स्थित वैलेरो ऑयल रिफाइनरी में सोमवार रात बड़ा धमाका हुआ, जिसके बाद वहां भीषण आग लग गई और आसमान में काला धुआं फैल गया। रिपोर्ट के मुताबिक, आसपास के लोगों ने तेज धमाके की आवाज सुनी, जिससे उनके घर हिल गए। इसके बाद इमरजेंसी टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। यह रिफाइनरी रोजाना करीब 4.35 लाख बैरल कच्चे तेल को प्रोसेस कर पेट्रोल, डीजल और जेट फ्यूल बनाती है। अधिकारियों के अनुसार, यह विस्फोट एक हीटर में खराबी के कारण हुआ। घटना के बाद शहर के पश्चिमी हिस्से में 'शेल्टर-इन-प्लेस' आदेश जारी किया गया है। लोगों को घरों के अंदर रहने, दरवाजे-खिड़कियां बंद रखने और प्रशासन के निर्देशों का पालन करने को कहा गया है। हालांकि, अब तक किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

## ऑस्ट्रेलिया-ईयू के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौता

**कैनबरा/ब्रसेल्स।** ऑस्ट्रेलिया और यूरोपीय संघ (ईयू) ने लगभग आठ वर्षों की बातचीत के बाद एक 'ऐतिहासिक' मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे दिया है, जिससे दोनों पक्षों के बीच बाजार पहुंच को बढ़ावा मिलेगा, आयात शुल्क में कटौती होगी और आर्थिक संबंध गहरे होंगे।

इस समझौते की घोषणा ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने की। सुलेयेन ने इस समझौते को दोनों पक्षों के बीच 'बढ़ते रणनीतिक संबंधों' को मजबूत करने और 'खुले एवं नियम-आधारित व्यापार' को सुदृढ़ करने की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। समझौते के तहत, ईयू को किया जाने वाला लगभग 98 प्रतिशत ऑस्ट्रेलियाई निर्यात शुल्क मुक्त प्रवेश पा सकेगा। इससे ऑस्ट्रेलियाई कृषि, विनिर्माण और महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्रों को काफी बढ़ावा मिलेगा। ऑस्ट्रेलियाई किसानों को वाइन, डेयरी, सीफूड, अनाज, फल और नट्स जैसे उत्पादों पर आयात शुल्क हटने से लाभ होगा, जिसमें अकेले वाइन निर्यातकों को सालाना लगभग '3.7 करोड़ डॉलर' का लाभ होने की उम्मीद है। यह समझौता बीफ, भेड़ के मांस, चीनी और डेयरी जैसे प्रमुख उत्पादों के लिए विस्तारित कोटा के माध्यम से 'सार्थक पहुंच' सुनिश्चित करेगा।

## अमेरिका ने अपने नागरिकों से जल्द से जल्द इराक छोड़ने को कहा

**बगदाद।** इराक में अमेरिकी दूतावास ने एक नया परामर्श जारी कर अमेरिकी नागरिकों से तुरंत इराक छोड़ने का आग्रह किया है। इस परामर्श में ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों से बढ़ते खतरों और सार्वजनिक सुरक्षा के लिए निरंतर जोखिमों का हवाला दिया गया है। एक अद्यतन नोटिस में, दूतावास ने कहा कि ईरान समर्थित आतंकवादी समूहों ने इराक के कुर्दिस्तान क्षेत्र सहित पूरे इराक में अमेरिकी नागरिकों और 'हितों' को निशाना बनाते हुए व्यापक हमले किए हैं। अमेरिका ने 'यात्रा न करने' संबंधी अपनी लेवल चार की चेतावनी को दोहराते हुए सलाह दी है कि किसी भी कारण से इराक की यात्रा न करें। यदि आप वहां हैं तो अभी निकल जाएं।

# पाकिस्तान बना दुनिया का सबसे प्रदूषित देश

## भारत का लोनी सबसे प्रदूषित शहर रहा

**इस्लामाबाद/नई दिल्ली।** लोनी को दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में से एक होने का तमगा मिला है। एक ताजा रिपोर्ट में पाकिस्तान को 2025 में सबसे ज्यादा प्रदूषित देश बताया गया है।

मंगलवार को स्विस कंपनी **IQAir** की रिपोर्ट में बताया गया कि देश में पीएम2.5 नाम के पार्टिकुलेट मैटर का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के सुझाए गए स्तर से 13 गुना ज्यादा दर्ज किया गया है। ये कण जलने की प्रक्रियाओं, औद्योगिक प्रक्रियाओं और धूल से आते हैं और इनसे सेहत से जुड़ी गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जिन 143 देशों और क्षेत्रों की निगरानी की गई है उनमें से 130 देश डब्ल्यूएचओ के मानकों को पूरा करने में नाकाम



रहे। इस सूची में बांग्लादेश दूसरे और ताजिकिस्तान तीसरे स्थान पर रहे। शहरों की बात करें तो 2025 में भारत का लोनी शहर दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर रहा जहां पीएम2.5 का औसत स्तर 11.5 माइक्रोग्राम था। इसके बाद चीन के उत्तर-पश्चिमी शिनजियांग क्षेत्र का होटान शहर रहा जहां यह स्तर 109.6 माइक्रोग्राम था।

### भारत, पाकिस्तान और चीन में दुनिया के सबसे प्रदूषित शहर

इस रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया के सबसे ज्यादा प्रदूषित शहरों में से सभी शहर भारत, पाकिस्तान और चीन में ही थे। 2025 में दुनिया के सिर्फ 14 प्रतिशत शहर ही डब्ल्यूएचओ के मानकों को पूरा कर पाए जो पिछले साल के 17 प्रतिशत के मुकाबले कम है। इसकी एक वजह कनाडा के जंगलों में लगी आग थी जिससे पूरे अमेरिका और यहां तक कि यूरोप तक में पीएम2.5 का स्तर बढ़ गया था। 2025 में सिर्फ 13 देश ही पीएम2.5 के औसत स्तर को 5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से कम रखने के स्टैंडर्ड को पूरा कर पाए जबकि 2024 में ऐसे देशों की संख्या सात थी। जिन देशों ने इस स्टैंडर्ड को पूरा किया उनमें ऑस्ट्रेलिया, आइसलैंड, एस्टोनिया और पनामा शामिल हैं। **IQAir** के मुताबिक 2025 में लगभग 75 देशों में पीएम2.5 का स्तर पिछले साल के मुकाबले कम रहा जबकि 54 देशों में यह स्तर ज्यादा दर्ज किया गया। इस साल का डेटा 2024 के मुकाबले काफी कम है क्योंकि अमेरिका ने बजट की कमी का हवाला देते हुए एक वैश्विक निगरानी कार्यक्रम को बंद कर दिया था।

# कोलंबिया में वायुसेना का विमान क्रैश, 66 की मौत

## 114 कोलंबियाई सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे, टेकऑफ के बाद 1.5 किमी दूर गिरा

**बोगोटा।** कोलंबिया में सोमवार को एयरफोर्स का हरक्यूलिस सी-130 विमान टेक-ऑफ के दौरान क्रैश हो गया। हादसे में अब तक 66 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा घायल हो गए। जबकि 4 सैनिक अभी भी लापता है।

एक सैन्य सूत्र ने एएफपी को बताया कि 58 सैनिक, छह वायुसेना कर्मी और दो पुलिस अधिकारी मारे गए हैं। यह हादसा पेरू सीमा के पास दक्षिणी अमेजन क्षेत्र के प्यूर्टो लेगुइजामो में हुआ। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने बताया कि विमान रनवे से करीब 1.5 किलोमीटर दूर जाकर गिरा। विमान में 114 सैनिक और 11 क्रू मेंबर सवार थे। कोलंबिया की सेना ने बताया कि इस हादसे में करीब 80 सैनिकों के मारे जाने की आशंका है। कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने सैन्य विमान हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने कहा कि यह एक गंभीर हादसा है।



■ सरकार सेना को मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं देने पर काम कर रही है, ताकि आगे ऐसे हादसे न हों: गुस्तावो

ऐसी घटना नहीं होनी चाहिए थी और जवानों की सुरक्षा सबसे जरूरी है। सरकार सेना को मजबूत बनाने और बेहतर सुविधाएं देने पर काम कर रही है, ताकि आगे ऐसे हादसे न हों। पेट्रो ने कहा कि सेना के हथियार और संसाधनों को आधुनिक बनाने का फैसला पहले ही लिया जा चुका है, लेकिन प्रशासनिक देरी के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर नागरिक या सैन्य अधिकारी इस चुनौती के अनुरूप काम नहीं कर पाए, तो उन्हें हटाया जाएगा। राष्ट्रपति ने कहा कि सेना के लिए नए हेलिकॉप्टर, ट्रांसपोर्ट विमान और एंटी-ड्रोन सिस्टम तुरंत खरीदे जाने चाहिए, ताकि जवानों की सुरक्षा तय की जा सके। हादसे के बाद आसपास के गांवों के लोग तुरंत मदद के लिए पहुंच गए। कई लोग मोटरसाइकिल से घायलों को अस्पताल ले गए और आग बुझाने की कोशिश की। घायलों को पहले छोटे क्लीनिक में भर्ती किया गया, फिर उन्हें बड़े शहरों जैसे बोगोटा के अस्पतालों में एयरलिफ्ट किया गया। रक्षा मंत्री पेड्रो सांचेज ने साफ किया है कि अभी तक किसी आतंकी या हमले के सबूत नहीं मिले हैं। यानी फिलहाल इसे एक हादसा ही माना जा रहा है। हादसे के बाद आग से विमान में मौजूद गोला-बारूद फटने लगा, जिससे हालात और खतरनाक हो गए। एक एविएशन एक्सपर्ट ने बताया कि यह विमान 2020 में अमेरिका ने कोलंबिया को दिया था और कुछ साल पहले इसका पूरा मेंटेनेंस (ओवरहाल) भी किया गया था। इसलिए पहली नजर में ऐसा नहीं लगता कि खराब पार्ट्स की वजह से हादसा हुआ। अब जांच में यह पता लगाया जाएगा कि टेकऑफ के तुरंत बाद विमान के इंजन क्यों फेल हो गए। सी-130 हरक्यूलिस दुनिया के सबसे भरोसेमंद सैन्य परिवहन विमानों में से एक है, जिसका इस्तेमाल सैनिकों, हथियारों और राहत सामग्री को पहुंचाने के लिए किया जाता है।

## ईरान के राष्ट्रपति व पाकिस्तान के प्रधानमंत्री के बीच बातचीत

**नई दिल्ली।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेज़ेशकियन और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को फोन पर बातचीत पश्चिमी एशिया के ताजा घटनाक्रम पर चर्चा की। दोनों नेताओं के बीच यह बातचीत 23 मार्च को पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री/विदेश मंत्री इशाक डार और ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के बीच फोन पर हुई बातचीत के बाद हुई है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्होंने नवीनतम क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर चर्चा की। उप प्रधानमंत्री/विदेश मंत्री ने क्षेत्र और उससे बाहर शांति, सुरक्षा और स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए संवाद और कूटनीति के महत्व पर जोर दिया। दोनों पक्ष बदलती स्थिति पर निकट संपर्क बनाए रखने पर सहमत हुए। मंगलवार को आई खबरों में कहा गया है कि पाकिस्तान खुद को दोनों युद्धरत पक्षों के बीच मध्यस्थ के रूप में स्थापित करने की कोशिश कर रहा है और इस्लामाबाद में बातचीत की मेजबानी करने का प्रयास कर रहा है, हालांकि इन रिपोर्टों की कोई पुष्टि नहीं हुई है। ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रपति पेज़ेशकियन और शहबाज शरीफ ने द्विपक्षीय संबंधों, क्षेत्रीय घटनाक्रमों और अमेरिका तथा इजरायल द्वारा किए गए अवैध हमले के क्षेत्रीय एवं वैश्विक सुरक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों पर चर्चा की।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108